# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 154 पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ शिक्षा में नवाचार का...
■ राज्यपालों की... 04
■ सूडान : एक शिविर पर हुआ हमला तो...
■ ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं... 09
■ टेस्ला को लेकर भारत में हलचल, मोदी-मस्क..
■ मोबाइल यूजर्स को झटका, रिचार्ज प्लान होंगे.. 11
■ गुजरात टाइटन्स के ...
■ पूरन को रोकना ... 10

## आईपीएल में आज

TATA IPL

गुजरात विरुद्ध दिल्ली
अहमदाबाद
3.30 बजे से
राजस्थान विरुद्ध लखनऊ
जयपुर
7.30 बजे से

# वन प्रबंधन में औपनिवेशिक मुक्त सोच जरूरी : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन, आजीविका से सम्बद्ध विषय है। जनजातीय क्षेत्र में अपार वन संपदा उपलब्ध है। इसके प्रबंधन में ध्यान रखना होगा कि विकास से जनजातीय वर्ग के हित प्रभावित न हो। भारतीय जीवन पद्धति वनों पर आधारित रही है।

वनों के प्रबंधन में औपनिवेशिक सोच से मुक्त होने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विरासत से विकास और प्रकृति को जोड़ते हुए प्रगति और प्रकृति में सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। पेसा एक्ट इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापना, जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर प्रशासन अकादमी में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर तथा भगवान बिरसा मुंडा और वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके भी उपस्थित थे।



## पृथ्वी पर निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा, अन्न और जल को सुरक्षित रखना होगा - केन्द्रीय मंत्री यादव

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण से इको सिस्टम बेहतर हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर चीतों का पुनर्स्थापना हो पाया है। उन्होंने किंग कोबरा सहित रैप्टाइल्स की प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इससे सर्पदंश की घटनाओं में कमी आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के पूजा और आस्था स्थलों के संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। आवश्यकता होने पर केंद्र शासन से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा।

## जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरु

डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा समग्र के माध्यम से नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। अन्य नदियों पर भी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल जीवों के संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। वन संरक्षण के साथ-साथ आजीविका को सरल और सुलभ बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला की सफलता की कामना करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के साथ-साथ वन-पर्यावरण के संरक्षण में भी यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए समुदाय आधारित योजनाएं तैयार करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# बच्चों को शराब पिलाने वाला मासाब बर्खास्त

**कटनी, देशबन्धु।** किसी भी विद्यार्थी की द्वितीय माता उसके गुरु होते हैं। जिस तरह मां पारिवारिक और सामाजिक सरोकारों का ज्ञान बचपन से अपने शिशु को करातीं हैं, उसी तरह शिक्षक भी बच्चों को शिक्षा और समाज से जुड़े संस्कार देने का महत्वपूर्ण काम करते हैं।

लेकिन तेजी से बदलती दुनिया में अब ऐसे अप्रिय प्रसंग भी सामने आ रहे हैं जो शिक्षक और विद्यार्थी की मर्यादा के साथ सामाजिक सरोकारों पर भी कालिख पोत रहे हैं। कटनी में एक ऐसा ही मामला वायरल वीडियो के माध्यम से सामने आया है। जिसमें शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ न केवल शराब पीता नजर आ रहा है बल्कि बच्चों को भी शराब पीने के लिये प्रेरित करता दिखाई देता है।

## पुरानी बस्ती खिरहनी प्राथमिक स्कूल का मामला, वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने की कार्यवाही

स्कूल के छात्रों के साथ बैठकर उन्हें शराब का सेवन कराने और शराब पीने के लिए बच्चों को प्रेरित करने वाले शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी के प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह का वायरल वीडियो शुक्रवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के संज्ञान में आने के बाद, इसकी जांच कर प्राथमिक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है

प्राथमिक शिक्षक सिंह द्वारा बच्चों को शराब पिलाने संबंधी वायरल वीडियो शुक्रवार को ही कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के संज्ञान में आया। इसके तत्काल बाद कलेक्टर ने शुक्रवार की सुबह ही वायरल वीडियो की जांच कर जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश के बाद डीईओ पीपी सिंह ने त्वरित तौर पर वायरल वीडियो में दिख रहे शिक्षक की पहचान करने के लिए जिले के सभी 6 विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को वीडियो भेजा। जिस पर बड़वारा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने वायरल वीडियो में दिख रहे शिक्षक के संबंध में संपूर्ण जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को दी। जिसमें बताया गया कि वीडियो में दिख रहे शिक्षक संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बरही के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी के प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह हैं। शिक्षक की पहचान होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शिक्षक श्री सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



वायरल वीडियो से लिया गया चित्र

## सार संक्षेप

### कानपुर एयरपोर्ट पर बम की अफवाह से हड़कंप

#### दो घंटे की जांच, आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर, (एजेंसियां)।** कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर शुक्रवार को बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। घटना तब हुई जब किसी सिरफिरे ने फोन करके एयरपोर्ट अधिकारियों को जानकारी दी कि एयरपोर्ट पर एक 72-सीटर हवाई जहाज में बम रखा गया है। यह जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल सक्रियता दिखाई। एयरपोर्ट पर तुरंत सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया और एयरपोर्ट के हर कोने को खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कानपुर एयरपोर्ट पर सामान्यतः 72 सीटर हवाई जहाजों का संचालन नहीं होता है, जिससे बम की सूचना के होने की संभावना पर सवाल उठने लगे। हालांकि, पूरे एयरपोर्ट परिसर को सुरक्षा बलों ने सर्च किया, ताकि किसी भी प्रकार के खतरे से बचा जा सके। बम की अफवाह को लेकर पुलिस ने चकेरी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। इसी बीच, पुलिस ने मामले में सख्ती से कार्रवाई करते हुए सिरफिरे की पहचान करने के लिए मोबाइल सर्विलांस का सहारा लिया। सर्विलांस के जरिए पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और उसे गिरफ्तार कर लिया।




## छग में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी

# सुकमा में 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा, (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार को सुकमा के घने जंगलों में चलाए गए एक ऑपरेशन के दौरान 22 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 9 महिलाएं और 13 पुरुष शामिल हैं।

इस ऑपरेशन में सुकमा डीआईजी ऑफिस, जगदलपुर डीआईजी ऑफिस के साथ-साथ सीआरपीएफ की कई बटालियनों ने हिस्सा लिया। सुरक्षा बलों के इस संयुक्त प्रयास को नक्सलवाद के खिलाफ चल रही मुहिम में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति' एवं 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर और अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित 1 पुरुष और 1 महिला नक्सली पर 8-8 लाख, 1 पुरुष और 1 महिला नक्सली पर 5-5 लाख, 2 पुरुष और 5 महिलाओं पर 2-2 लाख, 1 पुरुष नक्सली पर 50 हजार, कुल 40 लाख 50 हजार रुपए के ईनाम घोषित हैं। नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल, डीआरजी सुकमा, रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी) कोंटा, सुकमा, सीआरपीएफ 2, 74, 131, 217, 219, 223, 226, 227, 241 एवं कोबरा 203 वाहिनी के आसूचना शाखा के कार्मिकों की विशेष भूमिका रही है।

### 9 महिलाएं और 13 पुरुष शामिल

### प्रत्येक को 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि दी

सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की नई पुनर्वास नीति 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति- 2025' के तहत प्रत्येक को 50-50 हजार रुपए के मान से प्रोत्साहन राशि और कपड़े दिए गए हैं। इन सभी को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे पहले 8 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जिनमें 6 महिला नक्सली भी शामिल थीं। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों पर कुल 26 लाख रुपए का इनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति और नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। शासन द्वारा नक्सली गतिविधियो में शामिल लोगों को आत्मसमर्पण करने के लिये लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# धनखड़ की न्यायपालिका संबंधी टिप्पणियों पर सियासत गरमाई

## सिब्बल ने कहा, सभापति को राजनीतिक बयान नहीं देने चाहिए

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से न्यायपालिका को लेकर की गई टिप्पणियों पर सियासत गर्मा गई है। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने धनखड़ की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा, यह असंवैधानिक है और राज्यसभा के किसी सभापति को कभी भी इस तरह का 'राजनीतिक बयान' देते नहीं देखा गया था। सिब्बल ने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति विपक्ष और सत्तारूढ़ दल के बीच समान दूरी बनाए रखते हैं और वे 'पार्टी प्रवक्ता' नहीं हो सकते।

उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी बीच में होती है। वह सदन के अध्यक्ष होते हैं, किसी एक पार्टी के अध्यक्ष नहीं। वे भी वोट नहीं करते हैं, वे केवल तब वोट करते हैं जब बराबरी होती है। उच्च सदन के साथ भी यही बात है। आप विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच समान दूरी पर हैं।'

कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्यपाल की ओर से विधेयकों को रोकना वास्तव में 'विधानमंडल की सर्वोच्चता पर अतिक्रमण' था। सिब्बल ने कहा, यह धनखड़ जी (उपराष्ट्रपति) को पता होना चाहिए, वे पूछते हैं कि राष्ट्रपति की शक्तियों को कैसे कम किया जा सकता है, लेकिन शक्तियों को कौन कम कर रहा है? मैं कहता हूं कि एक मंत्री को राज्यपाल के पास जाना चाहिए और दो साल तक वहां रहना चाहिए, ताकि वे सार्वजनिक महत्व के मुद्दों को उठा सकें, क्या राज्यपाल उन्हें अनदेखा कर पाएंगे?'

सुप्रीम कोर्ट बार असोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने पूछा कि क्या राष्ट्रपति संसद की ओर से पारित विधेयक के कार्यान्वयन में अनिश्चित काल तक देरी कर सकते हैं। अगर संसद कोई विधेयक पारित करती है, तो क्या राष्ट्रपति इसके कार्यान्वयन में अनिश्चित काल तक देरी कर सकते हैं? भले ही इस पर हस्ताक्षर न हों, क्या किसी को इसके बारे में बात करने का अधिकार नहीं है?'

### धनखड़ ने न्यायपालिका पर की थी टिप्पणी

राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए न्यायपालिका की ओर से समयसीमा निर्धारित करने और 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करने को लेकर गुरुवार को सवाल उठाते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

# एक मई से नहीं लागू होगा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू करने की बात कही गई थी। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कुछ मीडिया हाउस की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू हो जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को रिप्लेस करेगा। इसको लेकर भ्रम की स्थिति बनी जिस पर सरकार ने स्पष्टीकरण दिया।


## उपलब्धि — दुनिया में बढ़ रहा भारत के ग्रंथों और शास्त्रों का महत्व

# 'भगवद गीता' और 'नाट्यशास्त्र' यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल

**नई दिल्ली।** यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में भारत की अब 14 प्रविष्टियां हो गईं हैं। इसके तहत वैश्विक महत्व की दस्तावेजी विरासत को संरक्षित किया जाता है। गीता और नाट्यशास्त्र के इसमें शामिल होने से यूनेस्को में भारत का दबदबा बढ़ गया है। भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया। इसे लेकर पीएम मोदी ने खुशी जताई।

उन्होंने इसे दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण कहा। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी इस पर खुशी जताई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि दुनिया भर में फैले हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है। यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल किया जाना हमारी शाश्वत बुद्धिमत्ता और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है। पीएम मोदी ने केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के एक्स पोस्ट को साझा किया। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर लिखा कि भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। यह ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर






## प्रधानमंत्री मोदी बोले- गर्व का क्षण







### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-बच्चों को शराब पीना सिखाने वाला शिक्षक बर्खास्त कर दिया गया है।

**चुहिया- हां प्रिये**-भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जरुरी है।


# देश-विदेश

## इजरायल की बड़ी कार्रवाई, सेना का दावा- हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराया

**यरूशलम/बेरूत, (आईएएनएस)।** इजरायल की सेना ने एक बयान में बताया कि उसने दक्षिणी लेबनान में ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराया है। इसी बीच, एक अज्ञात लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने सिन्हुआ को बताया कि दक्षिणी लेबनान में गुरुवार को इजरायली ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हमले में मारे गए शख्स की पहचान हिजबुल्लाह सदस्य अली अब्देल नबी हिजाजी के रूप में की गई, जो ब्लिडा गांव का रहने वाला था। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र और सुरक्षा स्रोतों के अनुसार, एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल चलाते समय टक्कर मारी गई।

## छोटे-छोटे धार्मिक स्थलों वाले शहरों का भी कायाकल्प करने जा रही है योगी सरकार, चल रही हैं तैयारियां

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के छोटे-छोटे धार्मिक स्थलों वाले शहरों का कायाकल्प कराने जा रही है। इन शहरों में जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव हो सके। उच्च स्तर पर सहमति बनने के बाद नगर विकास विभाग इन शहरों में काम कराएगा। इसके लिए अमृत-दो और अन्य योजनाओं से विकास कार्य कराने के लिए निकायों को पैसे दिए जाएंगे।



इसके लिए निकायों से जल्द ही प्रस्ताव मांगने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा और विंध्यधाम में श्रद्धालुओं के आने की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसके चलते आसपास के छोटे धार्मिक स्थलों पर भी आने-जाने वालों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। इसीलिए ऐसे धार्मिक स्थलों के आसपास बेहतर सुविधाएं विकसित कराए जाने की योजना है। इसमें सड़क, नाली, पार्क और अन्य जरूर काम कराए जाएंगे। इसके लिए निकायों से जल्द ही प्रस्ताव मांगे जाएंगे। उदाहरण के सीतापुर में नैमिषारण्य, बलरामपुर में देवीपाटन, कानपुर भीतरगांव मंदिर, सहारनपुर शाकंभरी देवी, बांदा बामदेवेश्वर, गाजीपुर के गहमर में स्थित प्रसिद्ध मां कामाख्या देवी, बाराबंकी के महादेवा जैसे धार्मिक स्थलों का कायाकल्प कराया जाएगा। निकायों से यह प्रस्ताव लिया जाएगा कि उनके यहां क्या-क्या काम हो सकते हैं, जिससे वहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सके। निकायों को प्रस्ताव तैयार कराते हुए अपने यहां बोर्ड से पास कराना होगा।

इसमें स्पष्ट रूप से बताना होगा कि कितनी लागत से काम होना है। इसमें यह भी स्पष्ट लिखना होगा कि किस योजना से यह पैसा चाहिए। इसके आधार पर निकायों के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए शासन स्तर से पैसा दिया जाएगा। निकायों को काम कराने के साथ ही प्रगति रिपोर्ट भी शासन को बतानी होगी। इसके लिए जरूरत के आधार पर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी करानी होगी, इसके आधार पर ही अगली किस्त निकायों को दी जाएगी।

## अमेरिकी विश्वविद्यालय में गोलीबारी, 2 की मौत, 6 घायल

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी (एफएसयू) कैंपस में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। घायलों और हमले के आरोपी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध को गोली मारने के बाद पकड़ लिया। लियोन काउंटी के शेरिफ वाल्टर मैकनील ने बताया कि हमले के आरोपी का नाम फीनिक्स इकनर है, जिसकी उम्र 20 साल है। वह एफएसयू का छात्र है और एक डिप्टी शेरिफ का बेटा है। जांच में पता चला कि संदिग्ध ने अपनी मां के पुराने हथियार का इस्तेमाल किया, जो अब भी उसकी मां के नाम पर है। यह हथियार मौके पर मिला। उसके पास एक शॉटगन भी थी। शेरिफ ने बताया कि डिप्टी शेरिफ पिछले 18 सालों से एजेंसी के लिए काम कर रहे हैं और उन्होंने हमेशा शानदार तरीके से अपनी सेवा दी है।

शेरिफ मैकनील ने कहा कि अफसोस की बात है कि डिप्टी शेरिफ के बेटे ने हथियार का इस्तेमाल किया।उन्होंने बताया कि आरोपी शूटर लियोन काउंटी शेरिफ कार्यालय की युवा सलाहकार टीम का लंबे समय से हिस्सा रहा है और उसने कई ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लिया था। शेरिफ ने कहा कि वह लियोन काउंटी शेरिफ कार्यालय से काफी जुड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में जान गंवाने वाले दोनों लोग छात्र नहीं थे। अभी तक उनके नाम नहीं बताए गए हैं। तल्हासी पुलिस ने करीब 3:15 बजे दोपहर में बताया कि कैंपस को सुरक्षित कर लिया गया है, लेकिन जांच के लिए अभी भी कई पुलिस एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं।

## यमन के ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमला, कम से कम 38 की मौत, 102 घायल

**वाशिंगटन, अप्रैल (आईएएनएस)।** यमन में एक ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमलों में कम से कम 38 लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने कहा कि हमलों का उद्देश्य हूती ग्रुप के लिए ईंधन का स्रोत काटना था। ईरान समर्थित ग्रुप पर वाशिंगटन की सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद से यह सबसे घातक हमलों में से एक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अल मसीरा टीवी ने कहा कि गुरुवार को पश्चिमी ईंधन बंदरगाह रास ईसा पर हुए हमलों में 102 लोग घायल भी हुए।



वहीं अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि हमलों की शुरुआती घोषणा के अलावा उसके पास कोई जानकारी नहीं है। एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया, इन हमलों का उद्देश्य हूती ग्रुप की शक्ति के आर्थिक स्रोत को कमजोर करना था, जो अपने साथी देशवासियों का शोषण करते रहते हैं और उन्हें भारी पीड़ा पहुंचाते हैं। जनवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से मध्य पूर्व में यह अमेरिका का सबसे बड़े सैन्य अभियान है। इसके तहत पिछले महीने से बड़े पैमाने पर शुरू किए गए। वाशिंगटन का कहना है कि कार्रवाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि हूती लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाना बंद नहीं कर देते। नवंबर 2023 से, हूती विद्रोहियों ने जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर दर्जनों ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं, उनका कहना है कि वे गाजा में युद्ध के विरोध में इजरायल से जुड़े जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने गाजा में दो महीने के युद्ध विराम के दौरान जहाजों पर हमले रोक दिए थे। हालांकि पिछले महीने इजरायल ने गाजा पर फिर से हमले शुरू कर दिए जिसके बाद ग्रुप ने अपनी कार्रवाई दोबारा शुरू करने का ऐलान किया लेकिन तब से उन्होंने कोई दावा नहीं किया।

ग्रुप का कहना है कि वह अमेरिकी आक्रमण का जवाब देता रहेगा। 2014 से गृहयुद्ध के बाद हूती समूह ने उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण बना रखा है।।

**स्टालिन ने शाह के बयान की आलोचना की** चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार ध्यान भटकाने के लिए नीट और परिसीमन जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। उन्होंने शाह को चुनौती दी कि अगर द्रमुक सरकार वास्तव में ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है तो वह राज्य के लोगों को स्पष्ट जवाब दें।

## भारत ने बांग्लादेश को अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की नसीहत दी

**नई दिल्ली।** भारत ने पश्चिम बंगाल की गतिविधियों पर बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों पर कड़ी निंदा की है और उन्हें अपने देश के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने पर ध्यान देने की नसीहत दी है । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बंगलादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को खारिज करते हैं। श्री जायसवाल ने कहा, अनुचित टिप्पणियां करने और अवांछित संकेत देने की बजाय, बंगलादेश अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बेहतर करे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हसीना सरकार का तख्ता पलट होने के बाद वहां हिन्दु अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की वारदातें तेजी से बढ़ी और हिन्दु धर्मस्थलों को भी निशाना बनाया गया। जिसके लिये भारत ने कई बार तीखी आलोचना की साथ नसीहत भी दी

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वन प्रबंधन.....** प्रकृति के संरक्षण के लिए एनवायरमेंट फ्रेंडली लाइफ पर ध्यान देने के लिए जनता को निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। पृथ्वी पर निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा, अन्न और जल को सुरक्षित रखना होगा। पर्यावरण संरक्षण में सॉलिड वेस्ट और ई-वेस्ट मैनेजमेंट बड़ी चुनौती हैं। प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना आवश्यक है।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में समुदाय आधारित वन पुनर्स्थापना, जलवायु अनुकूल आजीविका पर चर्चा आज की महती आवश्यकता है। इससे भविष्य में जनजातीय क्षेत्रों में सुरक्षित आजीविका की गारंटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश से आये विषय विशेषज्ञों के अनुभवों एवं विचारों से प्राप्त होने वाले निष्कर्ष जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य, गुलशन बामरा ने बताया कि कार्यशाला में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी।

**भगवत गीता....** वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न मनाता है। भगवद् गीता एक प्रतिष्ठित धर्मग्रंथ और आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। नाट्यशास्त्र, प्रदर्शन कलाओं पर एक प्राचीन ग्रंथ है। यह लंबे समय से भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा कि ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं। वे दार्शनिक और सौंदर्यवादी आधार हैं जिन्होंने भारत के विश्व दृष्टिकोण और हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को आकार दिया है। इसके साथ ही अब हमारे देश के 14 अभिलेख इस अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर में शामिल हो गए हैं। 17 अप्रैल को यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में 74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रह जोड़े। इससे कुल अंकित संग्रहों की संख्या 570 हो गयी। इस रजिस्टर में 72 देशों और चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों की वैज्ञानिक क्रांति, इतिहास में महिलाओं का योगदान तथा बहुपक्षवाद की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रविष्टियां शामिल की गईं। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर विश्व के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज धरोहरों की सूची है। इसमें दस्तावेजी धरोहरों को अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति की सिफारिश और कार्यकारी बोर्ड की स्वीकृति से चुना जाता है।

इस सूची में शामिल होना दस्तावेज़ी धरोहर के वैश्विक महत्व और सर्वकालिक मूल्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता है। इससे शोध, शिक्षा, मनोरंजन और संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### कार्यालय नगर परिषद जयसिंहनगर जिला शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक-27/न.परि./निर्माण/2025-26 जयसिंहनगर, दिनांक 15/04/2025

// ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https:mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 415461_1 दिनांक 09.04.2025 | Bus stand facility fee daily collection 2025-26 | वित्तीय वर्ष 2025-26 895390.00 | 2000.00 8954.00 | 25/04/2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 416075_1 दिनांक 11.04.2025 | Weekly market place sitting fee collection for the year 2025-26 | वित्तीय वर्ष 2025-26 849420.00 | 2000.00 8494.00 | 25/04/2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जयसिंहनगर जिला शहडोल (म.प्र.)

### कार्यालय वनमण्डलाधिकारी पूर्व सामान्य वन मण्डल मण्डला (म.प्र.)

Telephone 07642-252423 E-mail-dfotemand@mp.gov.in

ई-निविदा सूचना क्रमांक/1088

सामान्य वनमण्डल पूर्व मण्डला जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण जिला मण्डला में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति के लिए पंजीकृत विक्रेताओं से सामान्य वनमण्डल पूर्व मण्डला के समस्त परिक्षेत्रों हेतु एम.पी. टेंडर ( https://mptenders.gov.in ) के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | सामग्री का विवरण | दर इकाई | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| R | RCC Fencing pole | RCC FENCING POLES- Type Straight length 2.00 meter. Dimensions bottom 10x10cm square, Top 8x8cm square. Cement Concrete Mix Cement, Sand and metal ratio 1:2:4 with 12.5 nominal size coarse aggregate. Sand used should be free from clay and salt. Concrete mix. shall be conforming to grade M-15 of IS 4996:1984 Certificate Compulsory. Reinforcement - 4 round vertical bars of 6mm diameter, 11 No. of stirrups of 6mm diameter round MS bars 20cm center to center, Hooks5 No., bottom hook should be provided 60cm above the bottom of the poles, second at 82,5cm, third hook 112.5cm, fourth hook at 150cm, top and fifth hook at 195cm from bottom. Standard - Conforming to IS 4996:1984 with up to date amendments. Certificate Compulsory. | नग | आवश्यकता अनुसार |
| 2 | RCC Fencing pole | Pre Stressed RCC FENCING POLES- Type- Straight length 2.00 meter. Dimensions bottom 10x10cm square, Cement Concrete mix-Concrete mix shall be conforming to grade M-15 of IS 4996:1984. Reinforcement - There shall be 4 Nos. fo Vertical reinforcement of high tesile steel wire of 4mm dia. Holes 6 nos, bottom hole should be provided 50cm above the bottom of the poles. The central distance between the top and bottom holes shall be equally divided for remaining holes. J Hook shall be of 6mm dia MS Bar with proper threads at one and and nut and washer for tightening purpose. These J bolts shall be pass through the holes of poles. Standard Conforming to IS 4996:1984 with up to date amendments. Certificate Compulsory. | नग | |
| 3 | CHAIN LINK | GALVANIZED STEEL CHAIN LINK FENCE - Mesh Wire- Galvanised Steel wire of 3.15mm diameter Fabric Size 100x100mm Line wire-2 numbers of line wires of 4.00mm diameter Standard- Conforming to IS 2721:2003 with up to date amendments. Certificate Compulsory. | वर्ग मीटर | |
| 4 | BARBED WIRE | GALVANIZED STEEL BARBED WIRE - Line Wire - Galvanised Steel wire of 2.5mm diameter Point wire - Galvanised Steel wire of 2.5mm diameter Barbs-Distance between two barbs 75mm, the barbs shall have four points an dshall be formed by twisting two point wire each two turns, tightly around both the line wiere making altogether four complete tums. Standard Conforming to IS 278:2009 Certificate Compulsory. | कि.ग्रा. | |

इस निविदा के लिये दिनांक 21.04.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एम.पी. टेंडर ( https://mptenders.gov.in ) के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 12.05.2025 दोपहर 02.00 बजे तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 13.05.2025 दोपहर 03.00 बजे से रहेगी। उक्त निविदा म.प्र. वन विभाग की विभागीय बेवसाईट ( https://mpforest.gov.in ) पर भी देखी जा सकेगी।

G-11737/25 स्वच्छता ही सेवा

वनमण्डलाधिकारी पूर्व (सा.) वनमण्डल मण्डला

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड छिन्दवाड़ा

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक 16.04.2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 16 अप्रैल 2025 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

कार्य का नाम - छिन्दवाड़ा जिले के खंड छिन्दवाड़ा अधीन विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के साधारण 180 मी. गहरे सफल नलकूप का खनन, जल आवक क्षमता की जांच नलकूप के जल परीक्षण, उपरांत समस्त आवश्यक कार्य सहित सम्पूर्ण कार्य ( BOQ ) के अनुसार।

| ई-टेंडर आई.डी. क्रं. | निविदा क्रमांक दिनांक | विकास खण्ड | नलकूप की संख्या | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि समय | निविदा खोलने की नियत दिनांक | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने समयअवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ PHED_ 417094_1 | 04/25-26 dt 16.04.2025 | छिन्दवाड़ा | 15 | 19.85 | 39700 | 2000 | 30.04.2025 5.30 pm | 01.05.2025 5.30 pm | नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 30 दिन |
| 2025_ PHED_ 417097_1 | 05/25-26 dt 16.04.2025 | मोहखेड़ | 15 | 19.85 | 39700 | 2000 | 30.04.2025 5.30 pm | 01.05.2025 5.30 pm | - तदैव - | 30 दिन |
| 2025_ PHED_ 417098_1 | 06/25-26 dt 16.04.2025 | चौरई | 15 | 19.85 | 39700 | 2000 | 30.04.2025 5.30 pm | 01.05.2025 5.30 pm | - तदैव - | 30 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईड पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

G-11726/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

### पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा इंजीनियरिंग विभाग

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-74-2025 दिनांक 15/04/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 20.53 किमी टीएसआर का कार्य टीआरटी एवं अनिवार्य बिंदुओं पर मैन्युअल रूप से एवं बीना-कटनी खंड पर 13.933 किमी टीआरआर, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 3,51,42,801/-, **बयाना राशि रूपयेः** 325700/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 09/05/2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तकः** 09/05/2025। उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### नाम परिवर्तन सूचना

में राजकिशोर मिश्रा पिता श्री सुरेश मिश्रा निवासी गड़ोला खांड़े तहसील बटियागढ़ जिला दमोह मध्यप्रदेश।

मेरी पुत्री संस्कृति मिश्रा पिता राजकिशोर मिश्रा का नाम सुकन्या योजना के दस्तावेजों में डाली मिश्रा नाम भूलवश दर्ज करा दिया गया था। जबकि मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अंक सूची, एवं शाला अभिलेख में संस्कृति मिश्रा दर्ज है। जिससे मैं अपनी पुत्री का नाम सुकन्या योजना के समस्त दस्तावेजों में परिवर्तित कराना चाहता हूं।

अतः मेरी पुत्री संस्कृति मिश्रा नाम सुकन्या योजना के समस्त दस्तावेजों में परिवर्तित किया जाये।

### स्थायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

1007/अ-6/2024-2025
अधारताल, दिनाक 4/4/25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम रानीपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुरेश दुबे आत्मज श्री रामदेव दुबे निवासी 29, टाईप III टेलीग्राफ क्वाटर रानीताल, जबलपुर के द्वारा मौजा रानीपुर नं.बं. 401 प.ह.नं. 25/31 नया 5 रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील अधारताल स्थित भूमि खसरा नंबर 6/1 का भाग में से प्लाट ऐरिया 2180 वर्गफुट भूमि पंजीकृत तमलीकनामा (सेटलमेंट डीड) क्र. 165 दिनांक 03/05/1999 के से पक्षकार क. 1. ओंकार प्रसाद शुक्ला पिता पिता रामेश्वर प्रसाद शुक्ला स्वयं व वहै. अटार्नी अपने भाई राजबहादुर शुक्ला, कपिल कुमार शुक्ला, व सतीश कुमार शुक्ला द्वारा पक्षकार क.2 पं. सुरेश दुबे पिता रामदेव दुबे 29, टाईप III टेलीग्राफ क्वाटर रानीताल, जबलपुर वालो से क्रय करने के आधार पर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत अपना नाम राजस्व प्रकरण अभिलेखों में दर्ज करने का आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।
जारी दिनांक 4/4/25
दिनांक 21/4/25

तहसीलदार
र.नं. 165 अधारताल, जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र./1008/अ-6/2024-2025
अधारताल, दिनांक 4/4/25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम रानीपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रवीन्द्र दुबे पिता स्व. श्री एच.एस. दुबे निवासी 539, राईट टाउन, पी.एम.टी. गेट नं. 4 के पास, जबलपुर के द्वारा आवेदक द्वारा मौजा रानीपुर नं.बं. 401 प.ह.नं. 25/31 नया 5 रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील अधारताल स्थित भूमि खसरा नंबर 6/1 का भाग में से प्लाट ऐरिया 1200 वर्गफुट भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र क्रं. 1544 दिनांक 14/08/2006 के माध्यम से विक्रेता सुरेश कुमार सोनी पिता चेतराम सोनी निवासी रानीपुर पोस्ट गढ़ा जबलपुर वालो से क्रय करने के आधार पर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने का आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।
जारी दिनांक - 04/04/25
पेशी दिनाक - 21/04/25

तहसीलदार
र.नं. 164 अधारताल जबलपुर

### In The Court Of XXIX Civil Judge, Class-I District, Court Jabalpur

**Presiding :** शुभांगी पालो दत्त आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक

**(MJC SUC/0000052/2025)**

श्रीमति मुन्नीबाई काछी...... आवेदक
विरुद्ध
बैंक ऑफ महाराष्ट्रा....... अनावेदक

Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 09/05/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति मुन्नीबाई काछी पता म.प्र. 132 रैगवा, पाटन रोड शासकीय स्कूल के सामने वार्ड नं. 72 तह. व जिला म.प्र. ने मृतक गनेश प्रसाद कुशवाहा निवासी रेगवा वार्ड 72 जनबपुर म.प्र. की बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा करमेता जबलपुर से जमा राशि प्राप्त करने हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 09 मई 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 मई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 04 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
दिप्पणीः प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमती शुभांगी पालो दत्त

# देश-प्रदेश

उ वा च

## नर्सिंग घोटाला स्वास्थ्य व्यवस्था पर कलंक

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य के कथित नर्सिंग घाटाले को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। सिंघार ने एक्स पर पोस्ट किया, नर्सिंग घोटाले में 70 पर जांच लेकिन असली गुनहगार अब तक आजाद। यह सिर्फ एक घोटाला नहीं, मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर कलंक है। उन्होंने कहा कि रजनी नायर को हटाना दिखावटी कार्रवाई है, असली सवाल यह है क्या अब तक की भर्ती में शामिल भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं पर कोई कार्रवाई होगी। लीला नलवंशी की नियुक्ति के पीछे सरकार की मंशा क्या है। क्या ये जांच को प्रभावित करने की कोशिश है।



# गांधीसागर अभयारण्य में कल छोड़े जाएंगे चीते

**भोपाल, देशबन्धु।** मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से आगामी 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। कड़ी सुरक्षा में कूनो नेशनल पार्क से 2 चीते शिफ्ट कर गांधीसागर अभयारण्य में ले जाए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन तेजी से बढ़े, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ग्वालियर से कूनो के लिए डायरेक्ट रोड और एयर कनेक्टिविटी भी विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मध्यप्रदेश में चीता परियोजना के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। डॉ. यादव ने अधिकारियों द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश में जन्में चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा पूरे विश्व में सर्वाधिक है। दूसरे देशों में चीता शावक जलवायु से अनुकूलन के अभाव में सर्वाइव नहीं कर पाते हैं। चीतों के लिए जरूरी जलवायु और वातावरण की दृष्टि से गांधीसागर अभयारण्य बेहद अनुकूल है, इसलिए सरकार यहां चीते छोड़कर इस अभयारण्य को भी चीतों से गुलजार करेगी। उन्होंने कहा कि कूनो में टेंट सिटी तैयार कर यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल में प्रकृति के पास समय बिताने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में बड़ी क्षमताएं विद्यमान हैं। उन्होंने वन्य प्राणियों के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि श्योपुर जिले के 80 गांवों के 400 चीता मित्रों को प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम), भोपाल के साथ अनुबंध कर सकते हैं। चीता मित्रों को होम स्टे के लिए प्रशिक्षित कर उन्हें नेचर टूरिज्म के लिए तैयार करने की दिशा में भी कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में चल रहे वन्य प्राणियों की पुनर्वास परियोजनाओं की देखरेख के लिए वन, पर्यटन, पशु चिकित्सा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य एवं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक टास्क फोर्स बनाया जाए। यह टास्क फोर्स नियमित रूप से सभी प्रोजेक्ट्स की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कूनो के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटकों के लिए विकसित किया जाए। कूनो में मौजूद एक पुराने किले को हेरिटेज वॉक के रूप में विकसित किया जा सकता है।

बैठक में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की ओर से बताया गया कि देश में चीता प्रोजेक्ट पर अब तक 112 करोड़ रुपए से अधिक राशि व्यय की जा चुकी है। इसमें से 67 प्रतिशत राशि मध्यप्रदेश में हुए चीता पुनर्वास पर व्यय हुई है। प्रोजेक्ट चीता के तहत ही अब गांधीसागर अभयारण्य में भी चीते चरणबद्ध रूप से विस्थापित किए जाएंगे। गांधीसागर अभयारण्य राजस्थान की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्य के बीच सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। अभी कूनो और गांधीसागर अभयारण्य में चीता मित्रों की क्षमता संवर्धन के लिए उन्हें विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना तथा केन्या से और अधिक चीते भारत लाने के लिए प्रयास जारी हैं। दो चरण में 8 चीते भारत लाए जाएंगे। मई 2025 तक बोत्सवाना से 4 चीते भारत लेकर आने की योजना है।

इसके बाद 4 और चीते लाये जाएंगे। फिलहाल भारत और केन्या के बीच अनुबंध पर सहमति बनाई जा रही है। बैठक में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए केन्द्रीय सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तन्मय कुमार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव सुशील कुमार अवस्थी, अतिरिक्त महानिदेशक टाइगर प्रोजेक्ट एवं सदस्य सचिव राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) डॉ. गोविंद सागर भारद्वाज, अंतरिम महानिदेशक इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) एस.पी. यादव, अतिरिक्त वन महानिदेशक एनटीसीए संजयन कुमार, उप वन महानिदेशक एनटीसीए श्री वैभव सी. माथुर एवं उप वन महानिदेशक (वन्यजीव विभाग) केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय श्री अंजन कुमार मोहंती सहित अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव, मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) शुभरंजन सेन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) एल. कृष्णमूर्ति, सचिव वन अतुल कुमार मिश्रा तथा सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री से थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ, अंग वस्त्रम और राजा भोज की प्रतिमा भेंट कर थल सेना प्रमुख द्विवेदी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जनरल द्विवेदी ने मणिपुरी शैली में निर्मित राधा कृष्ण की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भेंट में प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों, उद्योगों के विस्तार तथा युवाओं में कौशल उन्नयन के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश में विद्यमान सैन्य इकाईयों के प्रबंधन संबंधी विषयों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल पी.पी. सिंह तथा मेजर जनरल सुमित उपस्थित थे।

## भूख हड़ताल पर बैठे पश्चिम बंगाल के मालदा में नौकरी गंवाने वाले शिक्षक

**मालदा, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा शहर में नौकरी गंवाने वाले योग्य शिक्षकों ने शुक्रवार को पोस्ट ऑफिस चौराहे पर भूख हड़ताल शुरू की। शिक्षकों ने एक अस्थायी मंच बनाकर 12 घंटे के इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की। प्रदर्शनकारी शिक्षकों की मुख्य मांग है कि उनकी बहाली हो और पुलिस लाठीचार्ज और हिंसा का विरोध किया जाए। प्रदर्शन में मालदा के इंग्लिश बाजार और आसपास के दूरदराज के इलाकों से सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों का कहना है कि पश्चिम बंगाल में शिक्षा व्यवस्था को बदनाम करने और शिक्षक समाज पर अत्याचार करने की साजिश हो रही है। वे इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं।

## राज्यपाल और स्वास्थ्य राज्यमंत्री आज प्रतापगढ़ में संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में होंगे सम्मिलित

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 19 अप्रैल को रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में आयोजित संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल पटेल 19 अप्रैल को हैलीकॉप्टर द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर प्रात: 10.50 बजे ग्राम प्रतापगढ़ पहुचेंगे और प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल के साथ हैलीकॉप्टर में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी प्रतापगढ़ पहुंचेंगे और कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल तथा स्वास्थ्य राज्यमंत्री ग्राम प्रतापगढ़ में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के आवासों का भ्रमण कर संवाद भी करेंगे।

## शालाओं में 22 अप्रैल को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाइफ'' कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में इको क्लब का गठन भी किया गया है। प्रदेश में विद्यालयों में गठित इको क्लब से फ्लोरा (वनस्पति) के लिए क्यूआर कोड नामक एक शैक्षिक पहल की शुरूआत की गई है।

### राहुल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को 'रोहित वेमुला एक्ट' नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

बकौल राहुल गांधी, एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है। राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा डॉ आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा। स्कूल में उन्हें अपनी रैंक के मुताबिक सहपाठियों के बीच बैठने की अनुमति नहीं थी। उन्हें कोने में अकेले बिठाया जाता था।

बकौल राहुल गांधी, अंबेडकर ने जो झेला वह शर्मनाक था। भारत में किसी बच्चे के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। आज हमारे लिए यह शर्म की बात है कि देश की शिक्षा प्रणाली में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को जाति आधारित भेदभाव से जूझना पड़ता है। 16 अप्रैल को लिखे इस पत्र में राहुल लिखते हैं कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य है। इनसे सख्ती से निपटने का समय आ गया है।

**शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना मकसद**

राहुल ने लिखा कि वे कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हैं, ताकि किसी भी बच्चे को वैसे दंश न झेलने पड़ें जो डॉ. बीआर अंबेडकर, रोहित वेमुला और लाखों अन्य लोगों को सहने पड़े। उन्होंने एक्स पर अपना पत्र साझा किया और लिखा, हाल ही में वे संसद में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के छात्रों और शिक्षकों से मिला। बातचीत के दौरान कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव का के बारे में जानकारी मिली।

**2016 में हुई थी रोहित वेमुला की मौत**

बकौल राहुल गांधी, बाबा साहब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जिसकी मदद से वंचित भी सशक्त बन सकते हैं। जाति व्यवस्था को तोड़ा जा सकता है। हालांकि, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी, लाखों छात्र हमारी शिक्षा प्रणाली में जातिगत भेदभाव का दंश झेलने को मजबूर हैं। हैदराबाद में पढ़ाई करने वाले रोहित वेमुला की 2016 में मौत हुई थी।

## नरसिंहगढ़ में सड़क दुर्घटना में पूर्व नपाध्यक्ष की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता 62 वर्षीय बाबूलाल साहू की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम की बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में कायमी कर अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम नरसिंहगढ़ सूरजपोल नाके के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। f

जस समय दुर्घटना हुई उस समय वह किसी अन्य व्यक्ति की मोटरसाइकिल पर सवार थे। श्री साहू को गंभीर रूप से घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बाबूलाल साहू वर्ष 2007-08 में नगर पालिका अध्यक्ष रहे। श्री साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी जैसे पदों पर भी रह चुके हैं। आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में भाजपा विधायक मोहन शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। स्थानीय जनता और नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साहू ने राजनीति के साथ समाजसेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन का 2 दिवसीय वेबीनार आज से भोपाल में

**भोपाल, देशबन्धु।** चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन के सचिव डॉ. कृपाशंकर चौबे ने बताया कि चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन का 19 एवं 20 अप्रैल को दो दिवसीय वेबीनार रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजूकेशन श्यामला हिल्स में 10:30 बजे आयोजित किया गया है। वेबीनार का उदघाटन महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया करेंगी। इसमें देश भर के 16 राज्यों से 150 प्रतिभागी शामिल होंगे। वेबीनार में बालकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन के सचिव डॉ. कृपाशंकर चौबे ने बताया कि चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशनबच्चों के लिए पिछले 7 वर्षों से कार्य कर रही है। यह संस्था पिछले 5 वर्षों से प्रत्येक रविवार को बच्चों के विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया जाता है। वेबीनार का समापन 20 अप्रैल को प्रदेश शासन के मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल करेंगे।

## झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को मिलेगा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार

### सिविल सेवा दिवस पर पीएम मोदी करेंगे पुरस्कृत

**झाबुआ/भोपाल, देशबन्धु।** लोक सेवा और सामाजिक कल्याण में अनेक नवाचारों की साहसिक शुरूआत करने वाली झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री से पुरस्कृत होंगी। कलेक्टर नेहा मीना को इस बार राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024 से पुरस्कृत करेंगे। यह कार्यक्रम 21 अप्रैल को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नेहा मीना को यह अवार्ड लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के तहत आंकाक्षी



ब्लॉक प्रोग्राम की श्रेणी में दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 का लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार देशभर से चयनित 16 सिविल सेवकों को दिया जा रहा है। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक्सपर्ट्स कमेटी द्वारा 4 अप्रैल को इंटरव्यू आयोजित किया था। जिसके बाद झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना का चयन इस पुरस्कार के लिए हुआ है।

प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024 में ट्रॉफी, स्क्रॉल के साथ पुरस्कृत जिले को 20 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इस राशि का उपयोग किसी परियोजना, कार्यक्रम के क्रियान्वयन या लोक कल्याण के किसी भी क्षेत्र में संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिए किया जाएगा। गौरतलब है कि इसी वर्ष 26 जनवरी को कलेक्टर नेहा मीना को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड 2024 से भी सम्मानित किया था।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार घोषित

## चयनित अधिकारियों को नवाचार के लिए किया जाएगा पुरस्कृत

**भोपाल, देशबन्धु।** सामान्य प्रशासन विभाग ने नवाचार श्रेणी के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2022-23 चयनित शासकीय अधिकारियों की सूची जारी की है। सूची में 6 क्षेत्रों के लिए 14 शासकीय अधिकारियों के नाम शामिल हैं। सभी चयनित शासकीय सेवकों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 1 लाख रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों को यह पुरस्कार अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए नवाचार के लिए दिया जा रहा है। सम्मान समारोह का आयोजन नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में किया जाएगा। शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, अधोसंरचना, नागरिक सेवा प्रदाय-सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, रोजगार एवं आर्थिक विकास क्षेत्रों में नवाचार के लिये पुरस्कार प्रदान किये जा रहे हैं।

**इन अधिकारियों को किया जाएगा पुरस्कृत**

पुरस्कार के चयनित अधिकारियों में सुश्री शीला दाहिमा, माधव प्रसाद पटेल, श्रीमती अदिति गर्ग, डॉ. इंदिरा दांगी, श्रीमती शारदा डुडवे, आलोक पौराणिक, चंद्रमोहन ठाकुर, डॉ. यशपाल सिंह, संजय जोशी, अमित तोमर, ऋषव गुप्ता, गणेश शंकर मिश्रा, दिव्यांक सिंह और प्रवीण सिंह के नाम शामिल हैं।

## पुलिस निरीक्षकों और प्रधान आरक्षकों के थोक में तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 उप निरीक्षकों के तबादले 4 कार्यवाहक उप निरीक्षकों औार कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षकों सहित 47 पुलिस अधिकारियों के तबदले किए है। वहीं बड़े पैमाने पर प्रधान आरक्षक और आरक्षकों के भी तबादले किए गए।

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक उप निरीक्षक सुचि गोस्वामी को जिला टीकमगढ़ से विदिशा, लक्ष्मीनारायण को रतलाम से विदिशा, पंकज सिंह बिष्ठ एसटीएफ भोपाल से मंडला, प्रदीप शर्मा छतरपुर से मुरैना, हिमाल सिंह डामोर खण्डवा से रतलाम, सोनाली ढोक बालाघाट से बैतूल, विष्णुदत्त चतुर्वेदी सतना से पन्ना, शिवपाल सरयाम बुरहानपुर से पांर्ढुना, सुरेन्द्र मेहता शाजापुर से इंदौर शहर, भानू प्रताप सिंह चौहान पन्ना से भिंड, नरेन्द्र कुशवाह शाजापुर से मुरैना, रघुराज सिंह टीकमगढ़ से विदिशा, नरेन्द्र सिंह राठौर झाबुा से नीमच, दीपक पालिया शिवपुरी से इंदौर शहर, मिथुन ओसारी छिंदवाड़ा से इंदौर ग्रामीण, मनोहर लाल चौहान विदिशा से शाजापुर, गंगा सिंह मार्को सीधी से शहडोल, सुशील भयड़िया भोपाल शहर से झाबुआ, प्रवीण सिंह राठौर खरगोन से देवास, श्रद्धाराजा चौहान दतिया से ग्वालियर, हेमेन्द्र सिंह राजपूत ग्वालियर से गुना, शैलेन्द्र सिंह रावत छतरपुर से भिण्ड, अमन कुमार नायक भोपाल शहर से जबलपुर, सचिन वर्मा जबलपुर से भोपाल शहर, राजेश कश्यप विशेष शाखा पुमु भोपाल हाल कार्यरत डीएसबी नर्मदापुरम से जिला नरसिंहपुर, मोनिका गौर पीटीआरई पुमु भोपाल से नर्मदापुरम, रसना राजावत श्योपुर से गुना, चंद्रशेखार डिगा सीहोर से रतलाम, अभिषेक खरे रीवा से रायसेन और गजा सिंह पटेल उज्जैन से इंदौर ग्रामीण पदस्थ किए गए है। वहीं कार्यवाहक उप निरीक्षक संजय सिंह भदौरिया का इंदौर शहर से देवास, हरि सिंह झाला मंदसौर से झाबुआ, इंदर सिंह पीटीसी भौरी भोपाल से विदिशा और लक्ष्मण सिंह गौड़ मुरैना से ग्वालियर पदस्थ किए गए हैं।

### कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक इधर से उधर

पुलिस मुख्यालय द्वारा एक सहायक उप निरीक्षक और 12 कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। जारी सूची के अनुसार सहायक उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह सेंगर शाजापुर से रतलाम, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक सतरलाल सरयाम नरसिंहपुर से पांर्ढुना, मंशाराम मुजाल्दे उज्जैन से इंदौर ग्रामीण, पवन प्रजापति पन्ना से अनूपपुर, वीरेन्द्र सिंह चौहान झाबुआ से इंदौर शहर, विनिता छिब्बर/ओझा विदिशा से भोपाल शहर, जोर सिंह डाबर जिला खरगोन से बड़वानी, नगर सिंह राजगढ़ से इंदौर ग्रामीण, किशोर मने मंडला से सिवनी, राजेन्द्र बागुल खण्डवा से इंदौर शहर, सरवर अली विदिशा से भोपाल शहर, नरेश शर्मा ग्वालियर से गुना और मनीराम जाटव ग्वालियर से शिवपुरी स्थानांतरित किए गए हैं।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No 13763680M Rank HAV NAME SUBASH CHANDER of Presently residing at Vill - DORI DAGER, P/O-DORI DAGER, TEH-AKHNOOR, DISTT-JAMMU (J&K) PIN 185154 do hereby affirm and states under :- 1. I state that I am presently residing at the above mentioned address. 2. I state that the name of my mother VAJSHNO DEVI is mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect, the correct name of my mother is VAISHNO DEVI as per her Aadhar card, and other documents. 3. state that the Date of Birth of my mother 13/04/1961 is mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect, the correct Date of Birth of my mother is 08/07/1953 as per her Aadhar card, and other documents. 4. I state that the correct name of my mother is VAISHNO DEVI & Date of Birth 08/07/1953 and Same shall be considered in future in all Records. 5. I state that for the above mentioned purpose I am producing this affidavit.

RO - 030

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 18/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राशिका अग्रवाल पत्नी गौतम खेतान ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक फ्लैट नं.-101 राजुल एक्सोटिका सम्पत्ति के पिन क्रमांक 100274130 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. पर प्रथम तल 1094 व.फु. आरसीसी जिस पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मोहन सिंह दर्यानी पिता स्व. श्री हजारी लाल दर्यानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 16/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल मिश्रा पिता श्री रमाकांत मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 854 होमगार्ड ऑफिस के पास सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44500013, 1000398147, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1466 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 587 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 470 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संतोष चन्द गोल्छा पिता श्री जीवन लाल गोल्छा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

विक्रय पत्र

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25

जबलपुर, दिनांक 17.04.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत माण्डीवकर पिता स्व. दत्तात्रय माण्डीवकर निवासी 13 एकता नगर एम.आर. 4 रोड, जबलपुर के द्वारा मौजा सुनारवाड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 13 में से रकवा 1410 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता म.प्र. शासन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक .... से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 02/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 11/04/25

पेशी दिनांक : 02/05/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं.- 162

**नाम सुधार सूचना**

मैं देवीदीन चमार पिता इमरतलाल उम्र 37 वर्ष पता ग्राम खिन्नी तह. मझौली जिला जबलपुर का निवासी हूं मेरे पुत्र का नाम पवन चौधरी (PAVAN CHOUHARY) है जन्मतिथि 10 जनवरी 2011 है जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनागर में हुआ था मेरे पुत्र का नाम भूलवश हर्ष चौधरी गलत दर्ज हो गया जबकि सही नाम पवन चौधरी (PAVAN CHOUHARY) है उक्त प्रमाण पत्र में मेरा नाम संतोष चौधरी भूलवश दर्ज हो गया है जबकि आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम देवीदीन चमार (DEVIDEEN CHAMAAR) है एवं मेरी पत्नि का नाम संपत बाई चौधरी (SAMPAT BAI CHOUDHARY) है। हमारी जाति चमार एवं उपजाति चौधरी है। मुझे प्राप्त प्रमाण पत्र में बारकोड नहीं है अत: मैंने बारकोड युक्त डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं जिसे सुधारकर पुत्र का नाम पवन चौधरी (PAVAN CHOUHARY) पिता का नाम देवीदीन चमार एवं माता का नाम संपत बाई चौधरी दर्ज किया जावे।

देवीदीन चमार

पिता- इमरतलाल खिन्नी

तह. मझौली (जबलपुर) म.प्र.

र.नं. 167

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1506/ अ-6/2024-25

जबलपुर, दिनांक 16.4.25

**आम इश्तहार**

ग्राम सोहड़ तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीता बाई परस्ते पति स्व. जगदीश परस्ते ने ग्राम सोहड़ प.ह.नं. 64 स्थित भूमि ख.नं. 151/1 रकवा 1.0800 हे. भूमि पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 25/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक : 16/4/25

पेशी दिनांक : 25/4/25

अतिरिक्त तहसीलदार

बरगी वृत्त जबलपुर

र.नं. 166

**न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/2600/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतनलाल मिश्रा एवं अन्य पिता लोखराम मिश्रा निवासी महगवां नगर ने ग्राम महगवां प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 108/2, 109, 111 रकवा 0.1500 हेक्टेयर भूमि का फौती/वसीयत/ विक्रय पत्र/ दान पत्र/पारिवारिक व्यवस्था पत्र/आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण बटवारा/ अभिलेख दुरुस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि के नामांतरण बटवार/ अभिलेख दुरुस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक 9/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक- 24/04/2025

तहसीलदार, जबलपुर

र.नं. 167

# अभिमत

**यहां शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जाता था। यहां से प्रशिक्षित शिक्षकों ने अपने स्कूल खोले, नवाचारों के लिए जाने गए। यहां से निकले शिक्षक बच्चों की शिक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इस तरह बहुत से लोग उनके काम से प्रेरणा लेते हैं। यहां न केवल बच्चों को बल्कि उनके पालकों को भी पढ़ाने का काम होता था। जिसमें ज्यादातर बच्चे खुद गांव के लोगों को पढ़ाते थे। इनमें से कई तो बिलकुल भी पढ़े-लिखे नए थे, जो बाद में कहानियां व किताबें पढ़ने में सक्षम हो गए।**

## शिक्षा में नवाचार का अनूठा प्रयोग है- 'नीलबाग'

नवाचार

■ बाबा मायाराम

आजादी के बाद देश में शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार हुए हैं, उनमें से एक है कर्नाटक का नीलबाग स्कूल। यह सत्तर- अस्सी के दशक में चलने वाला बहुत ही अनूठा प्रयोगशील ग्रामीण स्कूल था। इसकी शुरुआत एक ब्रिटिश शिक्षाविद् डेविड ऑसबरॉ ने की थी। आज भी इस स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में बहुत सम्मान से याद किया जाता है। इस कॉलम में इसकी कहानी बताना चाहूंगा, जिससे शिक्षा को समग्रता से समझा जा सके।

डेविड ऑसबरॉ (David Horsburgh), अंग्रेज थे। वे दूसरे विश्व युद्ध के दौरान रॉयल एयर फोर्स में भरती हुए और भारत आए। उस समय वे भारत में ग्रामीण इलाके में रहे और उन्हें यहां के लोगों से नजदीकी से जुड़ने व उनके जीवन में झांकने का मौका मिला। युद्ध के बाद वे वापस अपने देश चले गए। लंदन में पढ़ाई पूरी की और फिर भारत आ गए। डेविड ने कृष्णमूर्ति फाउंडेशन के ऋषि वैली स्कूल में पढ़ाने का काम किया। बाद में नीलगिरी के ब्लू माउंटेन स्कूल गए, और फिर मैसूर में अंग्रेजी महाविद्यालय शुरू किया।

मद्रास में गरीब बच्चों के लिए किताबें बनाई। ब्रिटिश कार्उसिल में काम किया। और आखिर कर्नाटक के कोलार जिले में नीलबाग स्कूल शुरू किया और अंत तक इसी स्कूल को चलाते रहे। वर्ष 1984 में उनका निधन हो गया। 3-4 साल तक उनके बेटे व परिवार ने इसे चलाने की कोशिश की पर वे असफल रहे।

लेकिन नीलबाग स्कूल कैसा था, क्यों इसे शिक्षा के क्षेत्र में याद किया जाता है। मुझे इस स्कूल के बारे में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अरविंद गुप्ता ने बताया। मैंने उनके द्वारा संपादित किताब 'नीलबाग के डेविड' पढ़ी। डेविड, एक प्रयोगशील शिक्षक थे। यह स्कूल उनकी कर्मस्थली भी थी। इस स्कूल के मकान बनाने से लेकर खेती और स्कूली पाठ्यक्रम का विचार उनका अपना था।

डेविड, एक शिक्षाविद्, प्रयोगशील शिक्षक, लेखक और संवेदनशील कवि थे। वे लकड़ी व मिट्टी के काम में भी पारंगत थे। संगीत मर्मज्ञ थे। उनके बहुआयामी व्यक्तित्व ने ही इस स्कूल को गढ़ा और नया स्वरूप दिया।

इस स्कूल के भवन प्रसिद्ध वास्तुकार लॉरी बेकर ने बनाए थे। लॉरी बेकर, स्थानीय सामग्री से और कम कीमत में मकान बनाने के लिए जाने जाते हैं।

यह स्कूल कई मायनों में अनूठा था। यहां एक शिक्षक, एक कक्षा जैसा कुछ नहीं था। बल्कि कक्षा में सभी आयु के बच्चे एक साथ बैठ सकते थे। परीक्षा प्रणाली का कोई अस्तित्व नहीं था। यहां न तो कोई परीक्षा होती थी, और न ही किसी तरह कोई बंधन था। कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी, और न ही अन्य बच्चों से किसी बच्चे की तुलना की जाती थी। बच्चों को पूरी स्वतंत्रता थी, आने-जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं था। किसी भी तरह का दंड नहीं दिया जाता था।

इस स्कूल की न तो कोई फीस थी, और न ही स्कूल में प्रवेश की कोई औपचारिकताएं। इस स्कूल का पाठ्यक्रम भी धीरे-धीरे विकसित हुआ था। डेविड ऑसबरॉ की इसमें प्रमुख भूमिका थी। यहां का पाठ्यक्रम सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं था, बल्कि गतिविधियों पर आधारित था। इसमें हाथ से काम करके सीखने पर जोर दिया जाता था।

यहां लकड़ी का काम, मिट्टी का काम, बागवानी, कढ़ाई-बुनाई, चित्रकला, नाटक, संगीत और पर्यावरण इत्यादि कई गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाती थी। यहां इसके लिए मिट्टी का चाक, लकड़ी काटने के औजार, संगीत के लिए वाद्य यंत्र व सभी जरूरत की चीजें उपलब्ध थीं। बच्चे लकड़ी की कई चीजें खुद ही बना लेते थे।

डेविड मानते थे कि मौजूदा शिक्षा सूचना देने का जरिया होती है, जबकि हमें बच्चों को सीखने की पूरी प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए जिससे वे उसे समझ सकें, उसका आनंद ले सके और इससे उनमें निर्णय लेने की क्षमता का विकास हो सके। इसलिए वे बच्चों को गतिविधियों में शामिल करने का मौका देते थे।

इस स्कूल में संगीत के लिए ज्यादा समय रखा गया था। यहां के बच्चे 10 भाषाओं के करीब 100 गाने गा सकते थे। डेविड मानते थे कि गाना सीखने की प्रक्रिया में बच्चे सुनना भी सीखते हैं, और यह दूसरे विषयों को सीखने में काफी मददगार होता है। यहां की गीत में बच्चों में एक दूसरे से ज्यादा ऊंचा सुनाने की होड़ नहीं थी, बल्कि वे लय व ताल व संयत स्वर में गीत गाते थे।

यहां जो भी बाहरी अतिथि आता था, बच्चे उनसे गाना सीखते थे और उसे अपने पसंदीदा गानों में शामिल कर लेते थे। वे भारतीय भाषाओं के अलावा विदेशी भाषाओं के गाने भी सीखते थे। यहां बच्चे 5 भाषा सीखते थे।

सीखने-सिखाने में बड़े बच्चे छोटे बच्चों की मदद करते थे। अगर दोनों को कोई कठिनाई आती थी, तब वे शिक्षक के पास जाते थे और सब मिलकर सीखते थे। यहां की कक्षाएं समूहों में होती थीं, जिसमें शिक्षकों का बच्चों के साथ मित्रवत् व्यवहार होता था।

यहां बाहरी अनुशासन का डंडा नहीं होता था। स्कूल की मान्यता थी कि किसी भी गतिविधि का अपना अनुशासन होता है। यानी प्रत्येक वस्तु की अपनी प्रकृति होती है, उसका अपना अनुशासन होता है। उदाहरण के लिए गीली मिट्टी के साथ सही तरह का व्यवहार करना, जिससे वह तिड़के नहीं और टेढ़ी-मेढ़ी भी न हो और जो भी आकृति हम बनाना चाहते है, बना पाए। स्वयं सामग्री का अपना अनुशासन होता है।

**स्कूल की मान्यता थी कि किसी भी गतिविधि का अपना अनुशासन होता है। यानी प्रत्येक वस्तु की अपनी प्रकृति होती है, उसका अपना अनुशासन होता है। उदाहरण के लिए गीली मिट्टी के साथ सही तरह का व्यवहार करना, जिससे वहतिड़के नहीं और टेढ़ी-मेढ़ी भी न हो और जो भी आकृति हम बनाना चाहते है, बना पाए। स्वयं सामग्री का अपना अनुशासन होता है।**

यहां के बच्चे नाटक भी करते थे। ज्यादातर नाटक डेविड ने खुद लिखे थे। वे मंच की साज-सज्जा भी खुद ही करते थे, जिसमें स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल करते थे। प्रकाश की व्यवस्था के लिए डेविड की कार की बैटरी का इस्तेमाल किया जाता था। अगर कम ज्यादा प्रकाश करना है, तो उसकी भी व्यवस्था की जाती थी। यहां के बच्चों ने मद्रास (अब चेन्नई) में भी नाटकों की प्रस्तुति दी।

यहां डेविड की जीवनशैली, उनके घर, खेती सब कुछ गांव की ही तरह थी। एक बैलगाड़ी भी थी, जिसे वे अतिथियों का सामान लाने ले जाने के लिए इस्तेमाल करते थे। बिजली नहीं थी, लालटेन व लैम्प से प्रकाश किया जाता था। यहां का अधिकांश काम बच्चे, शिक्षक, डेविड व उनका परिवार मिलकर करता था।

यहां शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जाता था। यहां से प्रशिक्षित शिक्षकों ने अपने स्कूल खोले, नवाचारों के लिए जाने गए। यहां से निकले शिक्षक बच्चों की शिक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इस तरह बहुत से लोग उनके काम से प्रेरणा लेते हैं।

यहां न केवल बच्चों को बल्कि उनके पालकों को भी पढ़ाने का काम होता था। जिसमें ज्यादातर बच्चे खुद गांव के लोगों को पढ़ाते थे। इनमें से कई तो बिलकुल भी पढ़े-लिखे नए थे, जो बाद में कहानियां व किताबें पढ़ने में सक्षम हो गए। डेविड और उनका नीलबाग स्कूल नामक फिल्म भी हाल में बनी है, जो यूट्यूब पर उपलब्ध है।

कुल मिलाकर, यह ऐसा स्कूल था जिसका वातावरण खुला था, तनावमुक्त था, मैत्रीपूर्ण था, यहां कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी, बल्कि आपसी सहयोग था। सीखने-सिखाने का रचनात्मक माहौल था, एक दूसरे की मदद करने वाली मजेदार गतिविधियां थीं। यहां जो भी कार्य किया जाता, पूरी लगन से और अच्छे से किया जाता। शिक्षा सिर्फ एक दिमागी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक नए व्यक्तित्व का निर्माण करने में सहायक है, जो इस प्रयोग से साफ दिखाता है। यह प्रयोग ऐसा है, जिसे भारत में शिक्षा के नवाचार में सदैव याद किया जाएगा, और इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए राह दिखाता रहेगा।

## बीता सप्ताह

**12 अप्रैल**
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ ने सुरबेई-30 लड़ाकू विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफल परीक्षण किया।
- जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुए मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया।
- अस्पतालों में चल रहे अवैध कमाई से नाराज ओडीशा सरकार ने हेतथ स्कीम के तहत जारी बीजू कार्ड बैन कर दिए।
- पीएम मोदी का चलाया अभियान एक पेड़ मां के नाम स्लोवाकिया में भी चलाया जाएगा। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रेनी ने इसका संकेत दिया।

**13 अप्रैल**
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति को किसी भी विधेयकों पर तीन महीने के भीतर लेना होगा फैसला।
- शिरोमणि अकालीदल के सुखवीर सिंह बादल फिर बने अध्यक्ष।
- पाकिस्तान में 5-8 तीव्रता का भूकंप आया। जम्मू कश्मीर में भी महसूस किए गए झटके।
- वक्फ बोर्ड के विरोध में मुर्शिदाबाद में हुए हिंसा को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने बंगाल मुर्शिदाबाद में केन्द्रीय बल तैनात करने के आदेश दिए।

**14 अप्रैल**
- दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति सून सुक येओल के खिलाफ पहला आपराधिक मुकदमा शुरु हुआ।
- अमेरिका के एदिया-51 में दिखा रहस्यमयी टॉवर, एलियन तकनीक ने किया दावा।
- दक्षिण पूर्व एशिया व अफ्रीका में एंटीबायोटिक का असर न होने से 30 लाख बच्चें की मौत हो गई।
- भारत व अफ्रीकी देश समुद्री डकैती तथा अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभ्यास शुरू किए।

**15 अप्रैल**
- पी.एन.बी. के 13850 करोड़ घोटाले का आरोपी मेहुल चौकसी बेल्जियम में पकड़ा गया। भारत ने किया प्रत्यर्पण का अनुरोध।
- 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण आज 15 अप्रैल से शुरू हो गया।
- कोलकाता हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कहा वह चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं से पूर्णत: संतुष्ट है।
- अमेरिका के न्यूयार्क सिटी में पहलीबार 14 अप्रैल को मनाया गया डॉ. भीमराव अंबेडकर दिवस।

**16 अप्रैल**
- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी पर आरोप पत्र दाखिल किया।
- हेमंत सोरेन सर्वसम्मति से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुन: अध्यक्ष बनाए गए।
- नासा ने ट्रंप के कार्यकारी आदेश के चलते भारतीय मूल की डीआईअं (विविधता समानता व समावेश) के कामों की प्रमुख नीला राजेन्द्र को बर्खास्त कर दिया।
- पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करने वाली आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जार्जिया वोल को मार्च महिने के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ खिताब से नवाजा गया।

**17 अप्रैल**
- अब चलती ट्रेन में केश निकासी के लिए पंचवटी एक्सप्रेस में लगाया गया भारत का पहला एटीएम।
- छग के कोंडागांव में पुलिस नक्सल मुठभेड़ में 2 नक्सली मारे गए।
- अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप प्रशासन की भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका।
- कोविड-19 महामारी के बाद से कनाडा से अमेरिका आने वालों की संख्या घटी है।

**18 अप्रैल**
- छग सरकार अब प्रतियोगी परीक्षा-साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की फीस लौटाएगी।
- सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए 5 मई तक यथास्थिति बनाए रखते हुए नई नियुक्तियों पर भी रोक लगा दी।

## राज्यपालों की राजनीति : राजनीति के राज्यपाल

■ रमाकांत नाथ

भारत में संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन का ताजा उदाहरण हाल का सुप्रीम कोर्ट का वह ऐतिहासिक फैसला है जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति संसद या राज्य विधानसभा में पारित किसी भी विधेयक को तीन महीने से अधिक समय तक रोककर नहीं रख सकते। इसके साथ ही अदालत ने पारित विधेयक को कानून का दर्जा देने की समय सीमा तय कर दी है। कुछ लोग इसे विधायिका पर न्यायपालिका का हस्तक्षेप कह सकते हैं, लेकिन राष्ट्रपति और राज्यपाल भारतीय संवैधानिक व्यवस्था से बाहर नहीं हैं, न ही वे लोकतंत्र से ऊपर हैं। इसलिए, राष्ट्रपति और राज्यपाल विधेयक को रोकने के लिए अपने 'पॉकेट वीटो' का उपयोग नहीं कर सकते।

415 पन्नों के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राष्ट्रपति किसी भी राज्य से आने वाले विधेयक को प्राप्ति की तारीख से तीन महीने के भीतर मंजूरी देंगे। यदि उक्त बिल के संबंध में कोई समस्या हो तो इसकी सूचना संबंधित राज्य को दी जा सकती है। इसी प्रकार, राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करेंगे तथा अपने विवेक से विधेयक को रोकने के लिए 'पॉकेट वीटो' का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित राज्य सरकार कानून की शरण ले सकती है और संवैधानिक पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यद्यपि भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 200 में राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए विधेयक पारित करने की कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है, फिर भी राष्ट्रपति और राज्यपाल अपनी इच्छा से विधेयक को रोक नहीं सकते।

**तमिलनाडु में राज्यपाल द्वारा रोके गए विधेयक मुख्यत: राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति से संबंधित विधायी अधिनियमों में संशोधन पर थे। यदि ऐसा कोई विधायी अधिनियम नहीं बनाया गया तो स्वाभाविक है कि राज्य में उच्च शिक्षा प्रणाली में अराजकता फैल जाएगी। केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में उच्च शिक्षा प्रणाली को भ्रष्ट करने में भूमिका निभाई है।**

फैसले में कहा गया है कि अगर इस आदेश का उल्लंघन होता है तो सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा कर सकता है। संविधान के अनुच्छेद - 201 के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने अपने विशेषाधिकार के आधार पर विधेयक पारित करने के लिए समय सीमा निर्धारित की है। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास आने वाले विधेयक उनकी मंजूरी के बाद कानून बन जाते हैं। राष्ट्रपति और राज्यपाल संसद या विधानसभा द्वारा पारित किसी भी विधेयक को लौटा सकते हैं या विधेयक पर अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन उन्हें विधेयक को वर्षों तक अपने पास नहीं रखना चाहिए। यदि राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा भेजा गया कोई विधेयक उनके पास वापस आता है, तो वे उस विधेयक को स्वीकृत करने के लिए बाध्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्यपाल को दूसरी बार आने वाले विधेयक को एक महीने में मंजूरी देनी ही होगी।

गौरतलब है कि राज्यपाल आरएन रवि के पास 2020 से तमिलनाडु राज्य विधानसभा द्वारा पारित लगभग 12 विधेयक लंबित थे। 2023 में तमिलनाडु की 'द्रविड मुनेत्र कषाम' (डीएमके) सरकार द्वारा राज्यपाल के असहयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया गया था। इस मामले की सुनवाई करके सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय लोकतंत्र में नई जान फूंक दी है। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल और केरल सरकारों द्वारा 2024 में तथा तेलंगाना और पंजाब सरकारों द्वारा 2023 में सर्वोच्च न्यायालय में इसी प्रकार के मामले दायर किए गए थे। इन संवैधानिक संकटों की वजह यह है कि इन सभी राज्यों में केंद्र की 'भारतीय जनता पार्टी' की विरोधी सरकारें हैं। नतीजे में राज्यों में राज्यपाल राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करने की बजाय केंद्र सरकार के निर्देश पर काम कर रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक घटना घटी है। तमिलनाडु राज्य सरकार ने राज्यपाल या राष्ट्रपति की मंजूरी के बिना, राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को सीधे कानून बना दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और तमिलनाडु राज्य सरकार के काम का असर अब पंजाब, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी देखा जा सकता है।

तमिलनाडु में राज्यपाल ने पिछली अन्नाद्रमुक सरकार के दो और द्रमुक सरकार के 10 विधेयक, जो 2020 से 2023 के बीच पारित हुए थे, अपने पास रख लिए तथा दो विधेयक राष्ट्रपति के पास भेज दिए। राज्यपाल के व्यवहार के विरोध में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 2023 में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और पिछले विधेयकों को फिर से पेश किया। राज्य में डीएमके सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्यपाल ने कई विधेयक लौटा दिए थे, जबकि 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा' (नीट) विरोध का विधेयक विधानसभा में दूसरी बार राज्यपाल के पास गया और राज्यपाल ने इसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, राज्यपाल को दूसरी बार उनके पास भेजे गए विधेयक को मंजूरी देने की बाध्यता होती है, लेकिन जिस आधार पर तमिलनाडु के राज्यपाल ने विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा, उस पर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

तमिलनाडु में राज्यपाल द्वारा रोके गए विधेयक मुख्यत: राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति से संबंधित विधायी अधिनियमों में संशोधन पर थे। यदि ऐसा कोई विधायी अधिनियम नहीं बनाया गया तो स्वाभाविक है कि राज्य में उच्च शिक्षा प्रणाली में अराजकता फैल जाएगी। केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में उच्च शिक्षा प्रणाली को भ्रष्ट करने में भूमिका निभाई है, लेकिन चूंकि स्टालिन सरकार इस तरह के अन्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई थी, इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र की रक्षा की।

इसी प्रकार, केरल राज्य सरकार ने भी अपने राज्यपाल के राज्य-विरोधी कार्यों के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल ने 2023 से छह विधेयकों को लंबित रखा है। केरल सरकार पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उनके बाद आए राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के कामकाज से असंतुष्ट रही है। राज्यपाल अर्लेकर के पास लंबित छह विधेयकों में से पांच राज्य के विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक हैं, जबकि एक 'समबाय समिति' (सहकारी समिति) संशोधन विधेयक है।

पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्र के बीच विवाद लंबे समय से चल रहा है। पूर्व राज्यपाल और अब देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कार्यकाल में ममता बनर्जी सरकार को कई विवादों का सामना करना पड़ा। राज्य सरकार के मौजूदा राज्यपाल सीवी आनंद बोस के साथ भी रिश्ते मधुर नहीं हैं जिन्होंने 23 महीने से 8 विधेयकों को रोका है। इन विधेयकों में से सात राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति से संबंधित संशोधन हैं, जबकि एक शहरी विकास या नगर नियोजन से संबंधित है। यदि राज्यपाल वर्षों तक विधेयक को अपने पास रखेंगे तो राज्य सरकार कैसे काम करेगी? पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्यपाल के असहयोग के खिलाफ जुलाई 2024 में सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। पंजाब के राज्यपाल के कामकाज को लेकर काफी विवाद रहा है। अक्टूबर 2023 से पंजाब की भगवंत मान सरकार तत्कालीन राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के कार्यों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में है। राज्यपाल पुरोहित ने पंजाब विधानसभा में पारित चार विधेयकों को अपने पास रख लिया था। इनमें से तीन विधेयक दिसंबर 2023 तक राष्ट्रपति के पास भेजे जा चुके थे। एक साल से अधिक हो जाने के बावजूद राष्ट्रपति ने इन विधेयकों को मंजूरी नहीं दी। ये विधेयक- 'पंजाब गुरुद्वारा संशोधन विधेयक,'' 'पुलिस प्रणाली संशोधन विधेयक' और 'विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक' हैं। कर्नाटक में राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित दो विधेयकों को लंबे समय से अपने पास रखा, जबकि पांच अन्य विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया। राज्य विधानसभा द्वारा हाल ही में पारित 20 विधेयक राज्यपाल के पास लंबित हैं। राज्यपाल ने इनमें से 7 विधेयक लौटा दिए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और सिद्धारमैया मुख्यमंत्री हैं। केंद्र की भाजपा सरकार इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि राज्यपाल ने महत्वपूर्ण विधेयकों को या तो रोक दिया है या असंवैधानिक रूप से उन्हें राष्ट्रपति के पास भेज दिया है। तेलंगाना में भी इसी तरह की अस्थिरता पैदा की जा रही है। चूंकि यहां भी कांग्रेस सत्ता में है, इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार इस सरकार के प्रति भी असहयोगात्मक व्यवहार कर रही है। 2022 से तत्कालीन राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने तेलंगाना राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयक अपने पास रखे। तेलंगाना में पहले 'तेलंगाना राष्ट्र समिति' का शासन था और दिसंबर 2023 से वहां कांग्रेस की सरकार सत्ता में है, जिसके मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हैं। इस तरह की कार्रवाइयों के लिए राज्यपाल के खिलाफ पूर्ववर्ती के. चंद्रशेखर राव सरकार द्वारा अप्रैल 2023 में सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया गया था। जब केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से किसी महत्वपूर्ण मामले में राज्य सरकार को पूरी तरह से अक्षम करने का प्रयास करती है, तो राज्य में शासन व्यवस्था चरमरा जाती है और इससे राज्य सरकार को बर्खास्त कर उस राज्य में केंद्रीय शासन लागू करने का मार्ग प्रशस्त होता है। अतीत में कई राज्यों में ऐसी गतिरोध की स्थितियां पैदा हो चुकी हैं और केंद्र सरकार ने लोकतांत्रिक सरकार को तोड़कर वहां केंद्रीय शासन स्थापित कर दिया है। इस तरह की कार्रवाइयां तानाशाही का प्रतीक हैं और हाल के वर्षों में यही व्यवस्था ज्यादातर देखने को मिली है।

**(लेखक ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)**

## आज भी प्रासंगिक हैं अंबेडकर के विचार

देश में हाल ही में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनायी गयी। डॉ. अंबेडकर भारत के समाज और राजकीय व्यवस्था के लिए आज भी अत्यंत प्रासंगिक बने हुए हैं। समाज के सभी वर्ग और विशेष रूप से सभी राजनीतिक दल उनकी विरासत का दावा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इस दावे की यह लड़ाई तेजी से कटु हो रही है। इसका मतलब यह नहीं है कि अंबेडकर सभी लोगों के लिए सब कुछ हो सकते हैं। इसका सीधा सा मतलब है कि लोग अपने स्वयं के हितों के अनुरूप उनके लेखन, भाषणों और कथनों का इस्तेमाल करते हैं। अंबेडकर को समझने, उनकी व्याख्या करने या उन पर रिपोर्ट देने का सबसे अच्छा तरीका है कि उनके मूल लेख को उद्धृत किया जाए। अंबेडकर को पढ़ना और बार-बार पढ़ना निश्चित रूप से लाभकारी है जो नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह भी उल्लेखनीय है कि वे अपने लेखन और भाषणों में कितने दूरदर्शी थे।



डॉ.अजीत रानाडे

**'क्या हम संवैधानिक नैतिकता के इस तरह के बिखरने को स्वीकार कर सकते हैं? संवैधानिक नैतिकता एक प्राकृतिक भावना नहीं है। इसकी भावना का बीजारोपण करना होगा। हमें यह महसूस करना चाहिए कि हमारे लोगों को अभी इसे सीखना बाकी है। भारत में लोकतंत्र भारतीय धरती पर केवल एक टॉप-ड्रेसिंग है जो अनिवार्य रूप से अलोकतांत्रिक है।'**

उदाहरण के लिए, संविधान को अपनाने से ठीक दो महीने पहले, 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा के समापन सत्र में उनके सबसे प्रसिद्ध भाषणों में से एक का जिक्र करें। उस भाषण के अंतिम भाग में वे कहते हैं- 'हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाल दी हैं। आजादी के बाद कुछ भी गलत होने के लिए अंग्रेजों को दोषी ठहराने का बहाना हमने खो दिया है। अगर इसके बाद चीजें गलत हो जाती हैं तो हम अपने को छोड़कर किसी और को दोषी नहीं ठहरा सकेंगे।'

इसके बाद उन्होंने भारत के नवजात लोकतंत्र के लिए तीन जबरदस्त खतरों का उल्लेख किया। पहला है, राजनीति में नायक-पूजा या व्यक्तित्व पंथ बनाने की प्रवृत्ति। उन्होंने कहा, 'भारत में भक्ति या जिसे नायक-पूजा का मार्ग कहा जा सकता है, राजनीति में एक भूमिका निभाती है जिसकी तुलना दुनिया के किसी भी अन्य देश की राजनीति में नहीं होती है। धर्म में भक्ति, आत्मा के उद्धार का मार्ग हो सकती है लेकिन राजनीति में, भक्ति या नायक-पूजा पतन और अंतत: तानाशाही के लिए एक निश्चित मार्ग है'। ये शब्द आज पहले से कहीं अधिक सच हैं। यह भी विडंबना है कि जिस व्यक्ति ने पंथ पूजा के खिलाफ चेतावनी दी थी, वह स्वयं पंथ पूजा की वस्तु बन गया है। वर्तमान परिदृश्य में डॉ. अंबेडकर की कोई भी आलोचना असहनीय होती जा रही है। अंबेडकर का गणतंत्र आहत भावनाओं के गणतंत्र में परिवर्तित हो रहा है जो जरा सी कथित धमकी होने पर आपराधिक मुकदमा चलाने को आमंत्रित करता है। अंबेडकर ने जिस दूसरे खतरे की ओर इशारा किया, वह यह चेतावनी थी कि संविधान में निहित राजनीतिक समानता बढ़ती सामाजिक और आर्थिक असमानता के साथ उत्तरोत्तर असंगत होती जा रही है। उन्होंने एक सामाजिक लोकतंत्र की वकालत की थी जिसका अर्थ है 'जीवन का एक तरीका जो (बुनियादी) सिद्धांतों के रूप में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को मान्यता देता है'। उन्होंने चेतावनी दी कि खतरा यह है कि अगर बढ़ती (सामाजिक और आर्थिक) असमानता को दूर करने के लिए कुछ नहीं किया गया तो वे लोग जो वंचित और उत्पीड़ित थे, वे लोकतंत्र की शानदार इमारत को उड़ा देंगे जिसे उसके संस्थापकों ने इतनी मेहनत से बनाया था। उन्होंने यह चेतावनी नक्सली हिंसा की पहली घटना से लगभग 20 साल पहले दी थी। नक्सली हिंसा की शुरुआत 1960 के दशक के अंत में हुई जो हाल के दिनों में तेजी से बढ़ी है। हमारे चारों ओर हर जगह आर्थिक असमानता के साथ लोकतांत्रिक समानता की विसंगति के उदाहरण हैं। बढ़ते कल्याणकारी राज्य की संकल्पना और मुफ्त उपहार या सब्सिडी जो भी उन्हें कहा जाता है, अमीरों पर कर लगाकर असमानता की खाई को पाटने का एक कमजोर प्रयास है। अमेरिका में ट्रम्प का दूसरी बार राष्ट्रपति बनना लोकतांत्रिक अमेरिका में पूंजीवादी व्यवस्था की विफलता के कारण बढ़ती आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए है। ट्रम्प का समर्थन काफी हद तक उस वर्ग से आता है जिसकी पारिवारिक आय, जीडीपी का आकार बढ़ने और शेयर बाजार की संपत्ति बढ़ने के बावजूद दशकों से स्थिर है। यूके में 2016 ब्रेक्सिट वोट भी मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया गया था जो यह महसूस करते थे कि वे वैश्वीकरण की ताकतों द्वारा पीछे छोड़ दिए गए हैं।

अंबेडकर ने 1949 के उस भाषण में जिस तीसरे खतरे का उल्लेख किया था, वह है संवैधानिक तरीकों की पवित्रता की रक्षा करने की आवश्यकता। उन्होंने कहा कि हमें सविनय अवज्ञा, असहयोग और सत्याग्रह के तरीकों को छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनके अनुसार ये कानून और व्यवस्था की अस्वीकृति के अलावा और कुछ नहीं थे। उन्होंने मॉब लिंचिंग, सतर्कता न्याय, एनकाउंटर किलिंग और बुलडोजर न्याय जैसे संविधानेत्तर तरीके भी जोड़े होते क्योंकि उनकी नज़र में उनके गढ़े एक वाक्यांश के अनुसार ये विधियां और कुछ नहीं बल्कि 'अराजकता का व्याकरण' हैं। यदि लोग इन तरीकों को अपनाते हैं तो यह न केवल संविधान की विफलता होगी बल्कि सत्ता की भी विफलता होगी। संविधान के क्रियान्वयन करने के लिए राज्य के अंगों- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के कार्य की आवश्यकता है। फिर भी ये अंग किस तरह से काम करते हैं यह लोगों व राजनीतिक दलों पर निर्भर करेगा। संविधान का कामकाज इसमें काम करने वाले लोगों की अच्छाई या ईमानदार इरादों पर निर्भर करता है।

अंबेडकर इस बात से विशेष रूप से समझते थे कि कपटी प्रशासन के जरिए संवैधानिक प्रावधानों को आसानी से खत्म किया जा सकता है। 4 नवंबर, 1948 को उन्होंने संविधान सभा में कहा था- 'जबकि हर कोई लोकतांत्रिक संविधान के शांतिपूर्ण संचालन के लिए संवैधानिक नैतिकता के प्रसार की आवश्यकता को पहचानता है, इसके साथ दो चीजें परस्पर जुड़ी हुई हैं जो दुर्भाग्य से आम तौर पर मान्यता प्राप्त नहीं हैं। एक यह है कि प्रशासन के स्वरूप का संविधान के स्वरूप के साथ घनिष्ठ संबंध है। प्रशासन का स्वरूप संविधान के स्वरूप में और उसी अर्थ में उपयुक्त होना चाहिए। दूसरा यह है कि संविधान के स्वरूप को बदले बिना केवल प्रशासन के रूप को बदलकर और इसे असंगत बनाकर व संविधान की भावना के विरोध में विकृत करना पूरी तरह से संभव है। यह केवल वही है जहां लोग संवैधानिक नैतिकता से एकनिष्ठ होते हैं। जैसा कि इतिहासकार ग्रोटे ने कहा है कि कोई भी संविधान से प्रशासन के विवरण को छोड़ने का जोखिम उठा सकता है और उन्हें निर्धारित करने के लिए विधायिका पर छोड़ सकता है। सवाल यह है कि क्या हम संवैधानिक नैतिकता के इस तरह के बिखरने को स्वीकार कर सकते हैं? संवैधानिक नैतिकता एक प्राकृतिक भावना नहीं है। इसकी भावना का बीजारोपण करना होगा। हमें यह महसूस करना चाहिए कि हमारे लोगों को अभी इसे सीखना बाकी है। भारत में लोकतंत्र भारतीय धरती पर केवल एक टॉप-ड्रेसिंग है जो अनिवार्य रूप से अलोकतांत्रिक है।' ये प्रखर शब्द और चेतावनियां थीं जो आज भी प्रासंगिक हैं। अंबेडकर की बदौलत भारत ने आधुनिकता को अत्यंत सशक्त संविधान के माध्यम से अपनाया जो एक जीवंत दस्तावेज है और संशोधनों के लिए खुला है, लेकिन संवैधानिक नैतिकता हमारे जीन्स में नहीं है। इसे आदत के रूप में विकसित करना होगा। संविधान की भावना को हमारे कार्यों और प्रशासन में भुलाया नहीं जाना चाहिए।

# स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही श्रीनाथ की तलईया





**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर निगम के अभियान महज़ कागजों में ही शुरू होकर कागजों में समाप्त हो जाते हैं, जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है, फिर चाहे वो शहर की सफाई व्यवस्था हो या हाल ही में बारिश से पहले बावड़ी, तलईया और नालियों की सफ़ाई का अभियान हो। निगम के इसी कागज़ी अभियान का नतीज़ा है ,की प्रदेश स्तरीय स्वच्छता रैंकिंग में शहर 13 वें पायदान पर है,। साफ़ सफ़ाई की मीटिंग लगभग हर दिन हो रही है, मगर नतीजे में हमारे शहर की स्थिति स्वच्छता रेटिंग मे 10 के अंदर भी नही आ पा रही है।,ये बेहद शर्मनाक बात है, चूक कहां हो रही है, अगर मीटिंग हो रही है, तो योजना भी बन रही है, ज़ाहिर है योजना जमीन पर नहीं उतर रही है।

ताजा मामला है, श्री नाथ की तलईया का है, और वहां पर हार्डवेयर मार्केट के सामने बने नाले का , जो गंदगी से बजबजा रहा है, श्री नाथ की तलैया भी गंदगी मे पुरी जा रही है। समझ ये नही आ रहा निगम अपनी नाक के नीचे साफ़ सफ़ाई के अभियान को अंजाम नहीं दे पा रहा, तो ये अभियान चल कहां रहा है! श्री नाथ की तलैया हार्डवेयर मार्केट के आस पास रहने वाले लोग, नाले के कचरे को खुद ही जलाते हैं। और वहां के सफ़ाई कर्मी कहते हैं, ये हमारा काम नहीं है, जिससे शिकायत करना हो कर दो, ।

बहरहाल स्वच्छता अभियान की पोल महज़ श्री नाथ की तलैया भर नही खोल रही है, बल्कि उसी से लगे सिविक सेंटर गार्डन के किनारे बने नाले का भी वही हाल है, गंदगी बजबजा रही है आस पास के ठेले वही गंदगी फेंक रहे हैं। फल और सब्जी मंडी का भी वही हाल है,।

शहर के अन्य स्थानों मे सब्जी के हाकर जोन है, वहां भी शाम को कचरे का ढेर लगा रहता है। शहर के कितने ही वार्ड हैं, जहां कचरा उठाने वाली गाड़ियां रोज नही पहुंच रही है।

ज़ाहिर है ऐसे में निगम का स्वच्छता अभियान कागजी ही साबित हो रहा है। निगम का ये रवईया शहर के स्मार्ट सिटी को भी पलीता लगा रहा है।

### क्षेत्रीय पार्षद के प्रति रोष

वहां के क्षेत्रीय नागरिकों और व्यापारियों का क्षेत्रीय पार्षद प्रति भी काफ़ी रोष है, जो क्षेत्र को स्वच्छ नही रख पा रहे, और पार्षद का क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद का भी अभाव है।

# वाणिज्य विभाग के अधिकारी ने लापरवाह कर्मियों पर कसा शिकंजा, कर्मियों में हड़कंप

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के अधिकारियों ने लापरवाह कर्मचारियों के विरूद्ध शिकंजा कसना शुरु कर दिया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा ने गत दिवस कार्य के प्रति लापरवाह कर्मचारियों को जबलपुर से बाहर स्थानांतरित कर दिया है।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार विगत दिवस ट्रेन नम्बर 12791 सिकन्दराबाद से पटना संचालित होने वाली यात्री ट्रेन प्लेटफॉर्म नम्बर 5 के स्थान पर 3 नम्बर प्लेटफॉर्म से आकर चली गई इस ट्रेन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई घोषणा ही नहीं की गई। इसी प्रकार बुकिंग खिड़की में कार्य संपादित करने वाली एक महिला कर्मी का एक यात्री से इतना अधिक विवाद हुआ कि मारपीट तक नौबत आ गई। इस महिला कर्मी की हिम्मत तो देखने लायक थी कि वह मारपीट तक करने का प्रयास करने लगी। इस अनुशासनहीनता के कारण इसे तुरंत प्रभाव से कटनी स्थानांतरित कर दिया गया एक और कर्मचारी को सोहागपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। रेलवे अधिकारी के इस निर्णय से यात्रियों में खुशी देखी जा रही है। इसके अलावा एक अन्य कर्मचारी को श्री वर्मा ने सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि दोबारा इस प्रकार की अनुशासनहीनता बरतने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जबलपुर से दूसरे जिलो मे किया गया तबादला

### मदनमहल स्टेशन में भी भर्राशाही

पमरे के मदनमहल स्टेशन में एक महिला कर्मी 12 बजे दोपहर में कार्यालय आती है और जब तक इच्छा होती है तभी तक कार्य संपादन कर लगभग 4 बजे के पूर्व कार्यालय से चली जाती है। इस प्रकार की मनमानी पर कब रोक लगेगी यह एक जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

पमरे के मंडल रेल प्रबंधक श्री तलरेजा एक अनुभवी और कुशल प्रशासक है वह इस भर्राशाही पर लगाम लगाएंगे इसकी सभी को उम्मीद है।

# घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना हेतु प्रक्रिया एवं अनुदान

**जबलपुर, देशबन्ध।** भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर अपनी बिजली बनाने हेतु पी एम सूर्य घर -मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है, जिसका क्रियान्वन मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत किया जा रहा है द्ब इस योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगवाने हेतु उपभोक्ताओं को नेशनल पोर्टल pmsuryaghar.gov.in Øæ PM Surya Ghar एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं अथवा मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के Smart Bijlee पोर्टल http://www.smartbijlee.mpez.co.in या एप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है । पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने पर घरेलु उपभोक्ताओं को भारत सरकार द्वारा सब्सिडी (अनुदान राशि) प्रदान की जा रही है I v KW पर 30000 रु की, 2 KW पर 60000 रुपये की एवं 3KW व 3 KW से अधिक के सोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 78000 रु की सब्सिडी सरकार द्वारा सीधे आवेदनकर्ता के बैंक खाते में प्रदान की जा रही है।

सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना कर उपभोक्ता प्रति माह प्रति किलो वाट 120 यूनिट का उत्पादन कर 70 प्रतिशत तक की बिजली की वचत कर सकता है । उपभोक्ता कम्पनी के पोर्टल https://www.mpez.co.in/ पर सोलर से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है ।

# एमपी पावर कंपनी ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने कंपनी कार्मिकों के पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता का आदेश आज जारी कर दिया।

पावर मैनेजमेंट कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार 3 अप्रैल 2025 को जारी राज्य शासन के शासकीय सेवकों को देय गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षण संबंधी आदेश को यथावश्यक संशोधनों सहित 'शासकीय सेवक' के स्थान पर 'कंपनी कार्मिक' प्रतिस्थापित करते हुए ग्राह्य किया है।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा पुनरीक्षत गृह भाड़ा भत्ता इस प्रकार हैं- 7 लाख अथवा इससे अध?िक जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 10 प्रतिशत देय होगा।

3 लाख से अधिक पर 7 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 7 प्रतिशत देय होगा।

3 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देया मूल वेतन का 5 प्रतिशत देय होगा।

इन कार्मिकों को देय नहीं होगा गृह भाड़ा भत्ता-जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन कार्मिकों को कंपनी आवास गृह आवंटित किया गया है अथवा जो किराया रहित कंपनी आवासगृहों में निवासरत हों अथवा जिन्हें किराया रहित आवास गृह के बदले और कोई भत्ता दिया जा रहा हो, उन्हें देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। संविदा, तदर्थ, स्थायीकर्मी व दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त कार्मिकों को देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी।

आदेश के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता की स्वीकृति के संबंध में अन्य शर्तें पूर्वानुसार रहेंगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा संबंधी दिशा निर्देश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होंगे।

# निजी क्लीनिकों का पंजीयन कराना अनिवार्य

## सीएमएचओ ने क्लीनिक संचालकों से कहा शीघ्र करा लें पंजीयन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश उपचारगृह तथा रूजोपचार संबंधी संस्थाएं रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन अधिनियम 1973 के तहत मध्यप्रदेश में संचालित सभी निजी क्लीनिकों का पंजीकरण एवं अनुज्ञापन अनिवार्य है। पंजीयन ऐसे सभी निजी क्लीनिकों का कराना होगा जहाँ एलोपैथी चिकित्सा पद्धति अथवा आयुष चिकित्सा पद्धति या फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति से मरीजों को परामर्श दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने यह जानकारी देते सभी क्लीनिक संचालकों से कहा है कि यदि उन्होंने अपने क्लीनिक का पंजीयन नहीं कराया है तो यह प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करा लें। उन्होंने कहा कि क्लीनिक के पंजीयन के लिये उन्होंने एमपी ऑनलाइन पोर्टल के नर्सिंग होम क्षेत्र में आवेदन करना होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने क्लीनिक, तथा नर्सिंग होम और अस्पतालों की परिभाषा भी बताई है। उन्होंने बताया कि क्लीनिक वह स्थान होते हैं जहां केवल परामर्श सेवाएं दी जाती है और मरीज को भर्ती नहीं किया जाता, कोई चिकित्सा प्रक्रिया प्रोसीजर नहीं की जाती है और ना ही वहाँ बेड लगाए जाते हैं। इसी प्रकार नर्सिंग होम अथवा अस्पतालों में विभिन्न प्रकार की चिकित्सा प्रक्रिया की जाती हैं, मरीजों को भर्ती किया जाता है तथा वहाँ बेड की व्यवस्था होती है। सभी डे केयर क्लीनिक भी नर्सिंग होम की श्रेणी में आते हैं।

डॉ मिश्रा ने बताया कि जिले में संचालित सभी निजी क्लीनिकों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन कराना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जबलपुर जिले में वर्तमान में केवल 679 क्लीनिक पंजीकृत हैं। उन्होंने शेष सभी क्लीनिक संचालकों से कहा है कि वे एमपी ऑनलाइन के नर्सिंग होम क्षेत्र पोर्टल पर जाकर पंजीयन हेतु शीघ्र आवेदन करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया अस्पतालों या क्लीनिकों को पंजीयन हेतु आवेदन के साथ क्लीनिक का नक्शा, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की एनओसी, संचालक डॉक्टर की डिग्री और वैध रजिस्ट्रेशन, स्टाफ की शैक्षणिक योग्यताएं और रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, यदि रेडियोलॉजी क्लीनिक है तो एईआरबी प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही रेडियोलॉजिस्ट एवं पैथोलॉजिस्ट का स्टांप पेपर पर इस आशय का घोषणा पत्र भी पंजीयन के लिये आवेदन में संलग्न करना होगा जिसमें यह स्पष्ट हो कि वे एक समय में केवल एक ही केंद्र में कार्यरत हैं और किसी अन्य प्रयोगशाला या क्लिनिक में सेवाएं नहीं दे रहे हैं।

**रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जरूर देखें**

डॉ मिश्रा ने नागरिकों से भी आग्रह किया है कि जब भी वे किसी क्लीनिक में जायें तो वहाँ उसका रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जरूर देखें। इसके साथ ही यह भी देखें कि वह कब तक वैध है और किस प्रारूप में जारी किया गया है। नागरिकों से कहा गया है कि किसी क्लीनिक में रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं किया गया है या उपलब्ध नहीं है तो इसकी सूचना उन्हें या नोडल अधिकारी डॉ आदर्श विश्नोई को दी जा सकती है। नागरिक जिला अस्पताल स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर इसकी लिखित शिकायत दे सकते हैं। नागरिक चाहें तो यह जानकारी विभाग की आधिकारिक ईमेल आईडी nhscmho@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

# जनहित के लिये लगातार विकास कार्य होते रहेंगे : मंत्री सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रानी दुर्गावती वार्ड के आजाद नगर और सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में सिद्धनाथ मंदिर पर चौपाल कर विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने इस दौरान क्षेत्र में किये विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि जनहित के और भी कार्य होंगे। लोगों ने ज्यादातर पानी, सड़क, नाली व साफ-सफाई सुनिश्चितता करने का आग्रह किया। मंत्री श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिये कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाये। उन्होंने क्षेत्र में पानी की सुनिश्चितता को लेकर प्राथमिकता से कार्य करेंगे।



मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वे जबलपुर की जनता के ऋृणी व अभारी हैं। जिन्हों ने 20 वर्ष तक सांसद तथा इस बार विधानसभा में भेजने का आशीर्वाद दिया। उन्हों ने कहा कि हर जन प्रतिनिधि का कर्तव्य है कि वे विकास कार्य के माध्यम से जनता का ऋण उतारे। साथ ही कहा कि उन्हें विकास कार्य के माध्यम से ही अब जबलपुर की जनता का ऋृण उतारने का अवसर मिला है। उन्हों ने कहा कि मुख्यकमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार से उन्हें लोक निर्माण विभाग का दायित्वस मिला और जिस दिन से वे लोक निर्माण विभाग संभाले हैं उसी दिन से उनका ध्येनय वाक्यो लोक निर्माण से लोक कल्योण है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अब विकास कार्यों में जबलपुर उपेक्षा नहीं होगी। उन्होंने जबलपुर के विकास के लिये किये गये ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी दी।

**प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओव्हंर-** जिसकी लागत 11 हजार करोड़ है, जबलपुर में है, जो पूर्णता की ओर है। 4 हजार 500 करोड़ की लागत से 117 किलोमीटर की रिंग रोड बन रही है, जिसमें दो लॉजिस्टिक पार्क व नर्मदा में दो आईकॉनिक ब्रिज होंगे। देश का पहला जियोलॉजिकल पार्क भी बनेगा। 450 करोड़ रूपये की लागत से एयरपोर्ट का आधुनिकीकरण हुआ, वहीं 300 करोड़ की लागत से आधुनिकतम रेल्वे स्टेंशन भी बनेगा। उन्होंरने कहा कि विकास की प्रक्रिया चलते रहना चाहिए। अब तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंडने कहा कि इस वर्ष बजट में जबलपुर के विकास के लिए 3200 करोड़ रूपये स्वी कृत किये गये हैं। जिसमें पश्चिम विधानसभा के लिए 1600 करोड़ रूपये के विकास कार्य होंगे। इससे पश्चिम विधानसभा के साथ जबलपुर व महाकौशल की समृद्धि व विकास का मार्ग प्रशस्तो होगा। बिना सड़कों के समृद्धि की कल्पौना नहीं की जा सकती, बेहतर भविष्य की कल्प ना नहीं की जा सकती।

# टिकट दलालों पर रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है।

उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन उपलबधता के तहत माह जनवरी 2025 से 15 अप्रैल 2025 के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत 13 प्रकरण दर्ज कर 14 व?यक्तियों की गिरफ्तारी करते हुए 16 लाख 8 371 रूपये की रेल टिकट जब्त की गई।

रेलवे एक्ट 143 के तहत, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध तरीके से व्यापार करना, अधिक दाम पर बेचना या अन्य किसी तरीके से टिकटों की कालाबाजारी करना कानूनी अपराध है। इस एक्ट के तहत जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है।



**जबलपुर, देशबन्धु।** टीम के कोच का दायित्व पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी विक्रम जनसारी तथा मैनेजर का दायित्व प्रियंक लकी यादव ने निभाया।

# जबलपुर की क्रिकेट टीम का ऐलान

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्मित नीमखेड़ा मैदान पर सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के बाद जे एन भाया सीनियर टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनकर्ताओं की बैठक हुई जो चयनकर्ता शहर में नहीं थे उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया। इसके बाद जबलपुर संभाग की टीम के लिए निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

**जबलपुर टीम के खिलाड़ी इस प्रकार हैं-** निखिल सिंह, अर्पित गौड़, यश चनपुरिया, अंचित ठाकुर, शांतनु राजपूत, कमल त्रिपाठी (कप्तान), ऋषभ भंडारी, मंगेश यादव, अनुराग पटेल, अजय मिश्रा, पारुष मंडल, राहुल शर्मा, शिवम तिवारी, अमित राजपूत, वरुण तिवारी हैं। **कोच/मैनेजर, चंद्रकांत साकुरे और स्टैंडबाय खिलाड़ी-** नकुल मेहता, आशु यादव, प्रखर पांडे, शुभम डोंगरे, देवराज यादव हैं।

# अग्नि दुर्घटना से गेहूँ की जली फसल के पीड़ित किसानों, व कृषक मजदूर महिलाओं से किसान प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसानों के गैर राजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज के के के अग्रवाल, रामगोपाल पटेल, रामकिसन पटेल, मुकेश पटेल, अशोक पटेल, खडग सिंह ,नंद किशोर अग्रवाल, किसान सेवा सेना के जितेंद्र देसी, सुरेश कुर्मी, ओमानंद आर्या आदि ने सिहोरा तहसील के ग्राम मोहतरा एवं बंधा के पीडितो से मुलाकात के दौरान उन्हे सांत्वना देते हुए बताया की विगत 11 अप्रेल को जबलपुर के कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित किसानों की बैठक मे उन्हे ज्ञापन सौंप कर अग्नि पीड़ितो को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की गई थी। अब पुनः उनसे भेंट कर शीघ्र सहायता दिये जाने हेतु दवाब बनाने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही



सांसद एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट कर उनकी निधि व शासन के राहत कोष से तुरंत राहत सहायता दिलाने दवाब डाला जायेगा। मुआवजा की राशि तुरंत मिल सके इस हेतु मुख्य मंत्री जी से आग्रह किया जायेगा। जन सहयोग से भी पीडितों की तात्कालिक मदद कराये जाने की भी अपील की गई है। ज्ञात हो की विगत दिनों सिहोरा तहसील के ग्राम मोहतरा एवं बंधा में पटवारी रिपोर्ट के अनुसार 120 एक की फसल तथा किसानों के सिचाई के पाइप, बिजली की डोरियाँ जल कर खाक हो गई थी, जिसमे 115 किसान प्रभावित हुए हैँ। कुछ छोटे छोटे किसानों की जितनी उनकी जमीन थी वह पूरी की पूरी जल गई है, अब उनके सामने अपने परिवार के भरण पोषण की समस्या मुँह बाए खडी है।

मोहतरा ग्राम के वरिष्ठ किसान सुखदेव चौबे तथा बंधा गांव के किसान सेवी मुकेश सिंह गौर के घर पर एकत्रित हुए पीडितो ने बताया की उनकी साल भर की कमाई चली गई, उनके मुंह से निवाला छिन गया। दोनो गांव के सुखदेव चौबे, मुकेश सिंह गौर, कमलेश पटेल, काशी पटेल, राजेंद्र पटेल, प्रमोद पटेल सिंह राजपूत, सरपंच इंद्रा देवी दशरथ सिंह, अमरजीत श्रीवास, नंदकुमार तिवारी आदि ने बताया की गांव के ही एक किसान अशोक शुक्ला ने दोपहर को अपने खेत की पराली मे आग लगा दी, खेत मे मौजूद लोगों ने उन्हे आग लगाने से मना भी किया।इस मौके पर किसान प्रतिनिधियों ने प्रशासन से उचित पहल का आग्रह किया।

# रेडक्रॉस सोसायटी को नर्मदा जिलेटिन ने दी 2.25 लाख की सहयोग राशि



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी को पीड़ितों की सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों के लिये नर्मदा जिलेटिन लिमिटेड की ओर से 2 लाख 25 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सक्सेना को कल इस राशि का चेक कंपनी के प्रबंध निदेशक अशोक कपूर ने कलेक्टर कार्यालय में सौंपा। इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक मृगेंद्र सिंह परिहार एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित भी मौजूद थे।

### नवांकुर संस्थायओं ने किया जल संरचनाओं में श्रमदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड शहपुरा नवांकुर संस्था नौजवान एकता संगठन द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल संरचनाओं में श्रमदान, स्वच्छता एवं अन्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# प्रभु येसु की क्रूस की दुखःमयी यात्रा का सजीव मंचन

## गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर होली ट्रिनिटी चर्च का आयोजन





**जबलपुर, देशबन्धु। नगर में शुक्रवार को क्रूस की दुखमीय यात्रा निकली। जिसमें बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग शामिल हुये।**

ज़मीं रो उठी आसमां रो उठा, हमारा मसीह क्रूस उठा के चला.... येरुसलेम की गली गली में, हुजूम सा है.... जिसने सलीब उठाया, अपना लहू बहाया... रोता है सारा जहां, प्यारे मसीहा कहां..., क्रूसित येसु की सुन ले पुकार जैसे दुःख भरे गीत गाते हुए आज नगर के मुख्य मार्गों पर मसीही समुदाय का विशाल हुजूम उमड़ पड़ा। ये अवसर था पुण्य शुक्रवार अर्थात गुड फ्राइडे का जहां बालक येसु के तीर्थस्थल, होली ट्रिनिटी चर्च द्वारा प्रभु येसु के दु:खभोग एवं क्रूस की दुःखमयी यात्रा का सजीव मंचन किया गया। क्रूस यात्रा प्रात: 7.30 बजे चर्च प्रांगण से प्रारंभ हुई।

यात्रा में प्रभु येसु द्वारा पिता परमेश्वर से प्रार्थना के दृश्य से लेकर, गेतसमनी बाग में येसु की प्राणपीड़ा, प्रार्थना के दृश्य सहित यूदस द्वारा येसु का चुम्बन करके रोमन साम्राज्य के सैनिकों द्वारा पकड़वाया जाना, कैफस के सामने येसु की पेशी, रोमन राज्यपाल पोंतुस पिलातुस के महल में येसु को पेश कर उन पर कोड़े बरसाए जाने का दृश्य तथा वहीं पर येसु को क्रूस की सजा दी जाती है। येसु भारी भरकम क्रूस को उठाकर लड़खड़ाते कदमों से आगे बढ़ते हैं। इस दौरान येसु मार्ग में थककर तीन बार गिर जाते हैं। उस दुर्गम मार्ग पर येसु की माता मरियम उनसे भेंट करके उन्हें सहारा देती हैं। सिरनी निवासी सिमोन उनको क्रूस ढोने में क्षणिक सहायता देते हैं। एक धर्मी स्त्री वेरोनिका येसु का लहूलुहान और घावों से भरे चेहरे को रुमाल से पोंछती हैं। राबर्ट मार्टिन, जैम्स एंथोनी, हेरिस नथानीयल, फ्रांसिस एंथोनी, रिंकू पीटर, गोडवि चार्ल्स, आनंदराज एंथोनी, लारेंस मार्टिन, अरूण मार्टिन, सुनील रिर्चसन, ज्योति लाजरस, बिनीता फ्रांसिस, ट्रीसा रोउरिक, मार्को बाबा, रबिना कानूनगो आदि उपस्थित थे। जबलपुर धर्मप्रान्त के पूर्व धर्माध्यक्ष जेराल्ड अलमेडा के मार्गदर्शन में पल्ली पुरोहित फादर जॉन वॉल्टर खालको, फादर सोमी जैकब, फादर स्टेनलिन, फादर आरोक्य राजा, फादर डेविस वज़पल्ली, फादर नीतीश जॉनी सहित अनेक पुरोहितगण, धर्मबहिनें विश्वासियों के विशाल हुजूम के साथ इस जुलूस में सम्मिलित हुए।

येसु की भूमिका बर्थलोमियो ने, माता मरियम की भूमिका सुप्रिया माइकल ने, पिलातुस की भूमिका डोमिनिक एंथोनी ने निभाई। एल्विन एंथोनी, एंजलीना, जेनिस जॉन,एडवर्ड पॉल, मारियो पीटर, एशली, अंश, केविन दास, सेलविन, फ्लोरी वर्धाचारी, फुल्केरिया खलको, ज्योति मिंज सहित रोमी सैनिकों की भूमिका में डेनियल, मार्क पीटर, जॉय, सारांश, अरमान, इवान, एल्विन सिरिल मौजूद रहे।

# रा.दु.वि.वि में इंटरामुरल खेलों का समापन

## मार्च पास्ट, स्किपिंग रोप एवं एरोबिक्स का प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में चल रहे इंटरामुरल खेलों का समापन 17 अप्रैल दिन गुरुवार को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग एवं डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर विवेक मिश्रा फाइनेंस कंट्रोलर नगर निगम रोहित कौशल जी पूर्व संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग प्रोफेसर आर.के. यादव के आथित्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम का आयोजन मार्च पास्ट, स्किपिंग रोप एवं एरोबिक्स के प्रदर्शन के बाद संपन्न हुआ, इस प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी 2025 से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल 2025 तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया और उनके खेल के प्रदर्शन के आधार पर 6 हाउस जो बनाए गए थे उनमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हाउस को ओवरऑल चैंपियनशिप दी गई, बी.पी. एस,बी.पी.एड. एवं एम.पी. एड. के छात्रों को 6 दालों में बांटा गया। जिसमें भगत ब्रिगेड, नेताजी वॉरियर्स रानी दुर्गावती डिफेंडर, शिवराम रेंजर, वीर शिवाजी और आजाद एडवेंचर हाउस बनाए गए थे इन सभी हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिवराम रेंजर ओवरऑल चैंपियन हुआ पुरस्कार वितरण के दौरान शारीरिक शिक्षण विभाग के पूर्व छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति (रिटायर्ड अधिकारी, वर्तमान अधिकारी जो कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्य प्रदेश पुलिस, भारतीय रेल,स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया, केंद्रीय विद्यालय संगठन, मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में क्रीड़ा अधिकारी, विभिन्न स्कूलो एवं कॉलेजों में शिक्षक, व्यापारियों की उपस्थिति सराहनीय रही कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग प्रोफेसर विशाल बने के द्वारा किया गया।

संचालन वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त लखेरा द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षण विभाग के शिक्षक डॉक्टर पी.चटर्जी डॉक्टर के. के. राठौर,श्री प्रवीण पांडे, सुशील शर्मा, हेमंत शर्मा, प्राची यादव एवं महिपाल सिंह जाट का योगदान रहा।

# भव्य रूप ले रहा महाराजा अजमेढ़ देव धाम मंदिर



**जबलपुर, देशबन्धु।** आज की इस भागती हुई जिंदगी में जहां हर किसी को अपना घर अपने परिवार की चिंता रहती हैं वही एक ऐसी संस्था भी है जो सारे समाज के उत्थान के साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा यात्रियों के लिए चिंतित रहकर लगातार उनके विश्राम और भोजन के लिए प्रयास कर रही है जिससे नर्मदा परिक्रमा वासियों को कोई दिक्कत न हो। महाराजा अजमेढ़ देव धाम मंदिर निर्माण और नर्मदा परिक्रमा यात्रियों के लिए एक सर्व सुविधा युक्त धर्मशाला के निर्माण में अपने संगठन की पदाधिकारी महिलाओं के साथ प्रयास रत है जिस उत्सुकता के साथ महिला दिवस के दिन उन्होंने इन निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया था वही आज उन्होंने अपनी समिति के साथ जाकर हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। जानकारी देते हुए मंजू सोनी ने बताया कि महाराजा अजमेढ़ देव धाम निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है सामाजिक कार्यक्रमों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वहीं नवंबर माह में होने जा रहे स्वर्णकार समाज के विराट विवाह सम्मेलन के साथ ही महाराजा अजमीढ़ देव धाम मंदिर व धर्मशाला का सपना भी साकार होगा। बरेला शारदा मंदिर के निकट मनेरी रोड स्थित मुख्य मार्ग में ग्राम देवरी-पटपरा के पास धर्मशाला,मंदिर एवं पैदल नर्मदा परिक्रमा वासियों के रूकने हेतु धर्मशाला निर्माण का युद्ध स्तर पर चल रहा है।

# डीआरएम के मार्गदर्शन में अवैध वेण्डरों के खिलाफ कार्रवाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंध कमल तलरेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन में टिकिट निरीक्षकों ने कार्रवाई की जिससे रेल्वे परिसर में हड़कम्प रहा। अवैध वेंडरों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत विशेष चेकिंग दल ने 7अवैध वेंडर खान पान सामग्री सहित आरपीएफ जबलपुर को सुपुर्द किया एवं गाड़ी संख्या 22967 में जबलपुर कटनी के बीच 12 अवैध वेंडरों को कटनी आरपीएफ के सुपुर्द किया। इस कार्यवाही में मुख्य टिकट निरीक्षक मोहन सिंह वर्मा, रूप सिंह मीणा, दीपेंद्र कनौजिया एवं गोविन्द सिंह लोधी शामिल थे।

# याद किए गए स्व.धर्मनारायण शर्मा



**जबलपुर, देशबन्धु।** 18 अप्रैल 2025 – समाजसेवा, समर्पण और संस्कारों के प्रतीक स्व. धर्मनारायण जी शर्मा को श्रद्धांजलि देने हेतु आयोजित पावन स्मरणांजलि सभा का आयोजन समन्वय सेवाकेन्द्र, आदिशंकरराचार्य चौक, गोरखपुर, जबलपुर में सायं 5:30 बजे सम्पन्न हुआ। स्व.धर्मनारायण जी द्वारा दिखाया गया सेवा और संस्कार का मार्ग समाज में आगे भी जीवंत रहेगा।

**सभा में मंचासीन अतिथि :** प्रांत संघ संचालक डॉ. प्रदीप दुबे, महामंडलेश्वर अखिलश्वरानंद गिरी जी महाराज, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख शिवराम जी समदारिया, सह क्षेत्रीय प्रचारक प्रेम जी सिदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मानव सेन, प्रमो साहू, दीपांकर बैनर्जी, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख जुगराज धन द्विवेदी जी, शिवरतन मोहंती, बसंत चेलानी, राजेश बिनकर एवं मुकेश तिवारी ने संस्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 19 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की षष्ठी नक्षत्र- मूल।**

**मेष**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ**
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार `क- आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क**
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह**
आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

**कन्या**
शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है।

**तुला**
गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है।

**कुंभ**
प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा।

**म.**

# धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका का मंचन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाथेय, मनीषा एवं सुप्रभातम संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ लेखक, अधिवक्ता डॉ. कृष्णकुमार दुबे द्वारा सृजित महाभारत कथा-इतिहास के झरोखे से का विमोचन एवं कामना नायक द्वारा निर्देशित धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका का मंचन 19 अप्रैल 2025 को सायं 7 बजे से शहीद स्मारक सभागार में आयोजित है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी. गौतम पूर्व कुलपति होंगे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे।

# सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन की अध्यक्ष मंजू सोनी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी महिला पदाधिकारियों के अलावा सभी सदस्यों के साथ कुछ नए सदस्यों की मौजूदगी में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सर्व प्रथम सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र दिया गया और उन्हें सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति के द्वारा किए जा रहे समाज हित में कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात सर्व-स्वर्णकार समाज के विभिन्न समितियों की बैठक का एजेंडा निर्धारित किया गया।

उक्त निर्धारित कार्यक्रम के तहत सर्व स्वर्णकार समाज के उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि नवंबर माह में होने जा रहे परिचय और विवाह सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के साथ ही एक अभियान स्वर्णकार समाज को राजनैतिक उत्थान, सामाजिक उत्थान हेतु स्वर्णकार समाज के व्यापारियों की व्यवसायिक समस्या के निराकरण हेतु विशाल एकीकरण कमेटी की रूपरेखा दिनांक 29 नवम्बर 2025 की बैठक में तय किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में स्वर्णकार व्यापारियों की व्यवसायिक समस्या के संदर्भ में एक हस्ताक्षर अभियान चलाकर उसके निराकरण हेतु सर्व-स्वर्णकार समाज का प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपकर उसका निराकरण हेतु शासन प्रशासन करवाने का प्रयास करेंगे। साथ ही यह विशेष जानकारी भी दी गई कि दिनांक 30 नवम्बर 2025 को होने जा रहे सर्व स्वर्णकार समाज के विराट विवाह परिचय सम्मेलन एवं महाराजा अजमीढ़ देव धाम मंदिर व धर्मशाला निर्माण जबलपुर की पनागर विधानसभा के अंतर्गत बरेला शारदा मंदिर के निकट मनेरी रोड स्थित मुख्य मार्ग में ग्राम देवरी-पटपरा में महाराजा अजमीढ़ देव धाम के अंतर्गत निर्मित अजमीढ़ देव मंदिर एवं पैदल नर्मदा परिक्रमा वासियों के रूकने हेतु धर्मशाला निर्माण का युद्ध स्तर पर चल रहा है उक्त कार्यक्रम में मंजू सोनी अध्यक्ष सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति के साथ संगीता सोनी सरिता सोनी, सीमा,हर्षिता सोनी, रचना, अंजना, स्वाति, सीमा, खूशबू, पूजा, ज्योति, कीर्ति ,मोनू पूजा,मीना,कुसुम, मालती सोनी, आदि के साथ सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति के सभी पदाधिकारियों के साथ सभी मातृ शक्तियां बड़ी संख्या में मौजूद रही।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती अनीता सेन-** शक्तिनगर भोले कुटि के पास निवासी सुरेश सेन की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता सेन (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश दुबे-** नगर निगम क्वाटर्स गौरीघाट निवासी श्री ओम प्रकाश दुबे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती द्वावारी बाई रामचंदानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी सुरेश रामचंदानी की धर्मपत्नी श्रीमती द्वावारी बाई रामचंदानी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीता दुबे-** टावर नं. 4, सुखसागर ब्लू गौरीघाट निवासी शरद चंद्र दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती नीता दुबे (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई बघेल-** खेरमाई वार्ड निवासी तुलसीराम बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई बघेल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बलवंत आनंद-** टैगोर नगर बादशाह हलवाई मंदिर गौरीघाट रोड निवासी श्री बलवंत आनंद (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अरविंद श्रीवास्तव-** एमआईजी 36, शिमला हिल्स कॉलोनी एलआईसी के सामने मदनमहल निवासी श्री अरविंद श्रीवास्तव (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शुभम कटारिया-** रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी कमल कटारिया के पुत्र श्री शुभम कटारिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती फुल्ला बाई रजक-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी मूरत रजक की धर्मपत्नी श्रीमती फुल्ला बाई रजक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश कोरी-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री ओम प्रकाश कोरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अनीता गुप्ता-** इंद्रा नगर एमपीईबी कॉलोनी रोड रामपुर निवासी सुभाष गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता गुप्ता (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कांता बाई-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी गुरदयाल की धर्मपत्नी श्रीमती कांता बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. अवंतिका चौधरी-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री दीपक चौधरी की पुत्री कु. अवंतिका चौधरी (05) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय चुनाव संपन्न

**कर्मचारी जगत**



म.प्र.की पहली संभागीय सचिव बनी महिला

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शिक्षक संघ जबलपुर संभाग के त्री वार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया 18 अप्रैल शुक्रवार को पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल स्कूल जबलपुर के सभा कक्ष में प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीरसिंह राठोर एवं प्रांतीय महामंत्री राकेव गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। निर्वाचन संभागीय निर्वाचन अधिकारी विजय शुक्ला की निर्देशन पर जबलपुर नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पांढुरना, कटनी, मंडला, डिंडोरी से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि इस चुनाव में हिस्सेदारी करने पहुंचे। संभागीय निर्वाचन नामांकन फॉर्म, नाम वापसी एवं निर्वाचन की घोषणा के विभिन्न चरणों से होकर संपन्न हुआ। जिसमें छिंदवाड़ा जिले के तोरणलाल परतेती संभागीय अध्यक्ष, जबलपुर जिले से प्रदेश की पहली महिला संभागीय सचिव श्रीमती राजकुमारी गुप्ता जो की नवीन शिक्षक संवर्ग से ताल्लुक रखती हैं तथा संभागीय कोषाध्यक्ष बालाघाट जिले से प्रहलाद पटेल को चुना गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष व सहसचिव तथा कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ। संभागीय निर्वाचन में बड़े उत्साह पूर्वक सभी जिलों के शिक्षक प्रतिनिधियों ने हिस्सेदारी की तथा सभी जिले के संगठन मंत्री, अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित संभाग की इकाई को बधाइयां प्रेषित की। संभागीय निर्वाचन में जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी, सचिव दिनेश मिश्रा,सुरेंद्र रिछारिया, नंदकुमार शुक्ला,राजेन्द्र सरवरे,पंकज चीले,विवेक शुक्ला, सत्यप्रकाश त्यागी,सहित संभाग के सभी अपेक्षित पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# जिम में एक्सासाइज करने के दौरान हार्ट-अटैक से मौत

## घटना के संबंध में नहीं किया पुलिस को सूचित

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिम एक्सरसाइज करने के दौरान शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति अचानक जमीन में गिर गया। व्यक्ति को हार्ट अटैक आने कारण उसे तत्काल सीपीआर देते हुए उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के संबंध में पुलिस को सूचित नहीं किया गया।

गोरखपुर थानान्तर्गत कटंगा चौक स्थित गोल्डन जिम में यतीष सिंघई उम्र 52 साल रोजाना सुबह एक्सरसाइज करने आता था। शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे वह रोजाना की तरह एक्सरसाइज कर रहा था। एक्सरसाइज करने के दौरान वह अचानक गिर गया। जिम ट्रेनर व



अन्य साथी तत्काल मदद के लिए पहुंचे और सीआरपी देना प्रारंभ किया। इसके बाद उसे उपचार के लिए भंडारी अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस को सूचित नहीं किया गया है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल का कहना है कि तरह की घटना घटित होने के संबंध में जिम संचालक तथा परिजनों द्वारा पुलिस को सूचित नहीं किया गया है।

### कोरोना पीडित व्यक्ति को हार्ट हुए कमजोर

जबलपुर मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी व हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ आर एस शर्मा का कहना है कि जिम में एक्सरसाइज के दौरान मौत होने की घटना में इजाफा हो रहा है। इसे रोकने के लिए 40 साल से अधिक व्यक्ति के जिम जाने पर मेडिकल टेस्ट अनिवार्य किया जाये। कोरोना पीड़ित व्यक्तियों के हार्ट की मांसपेशियां कमजोर हो गयी है। जिसके कारण एक्सरसाइज करते हुए कोरोना पीडित व्यक्तियों को हार्ट अटैक की समस्या बनी रहती है। इसके अलावा हार्ट अटैक का पारिवारिक इतिहास या लक्षण नहीं दिखने पर सीएडी के कारण एक्सरसाइज करने के दौरान हार्ट अटैक आ सकता है। इसके अलावा सीपीआर देने के लिए एक्सपर्ट व्यक्ति तथा डीएफ मशीन भी अनिवार्य करनी चाहिये।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर पुलिस ने बताया कि रामपुर मांडवा बस्ती निवासी 50 वर्षीय आरती पांडे को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उसके पति मदन मोहन ने उसे निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया था। जहां उपचार दौरान बीती रात आरती पांडे की मौत हो गई।

### शराब के लिए हंसिये से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाने में ग्राम बड़रेरी निवासी दुर्गेश चौधरी ने शिकायत दर्ज करायी। गांव का दशरू चौधरी आया और शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा। न देने पर हंसिया से हमला कर दिया।





# कार में ले जायी जा रही चालीस हजार की अवैध शराब पकड़ाई

### पाटन पुलिस की कंतोरा तिराहा में कार्यवाही, आरोपी फरार

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन पुलिस की घेराबंदी कर अवैध शराब तस्करी कर रहे आरोपी कार को लॉक कर भाग खड़े हुए। पुलिस ने मौके से आठ कार्टूनों में रखी चार सौ पाव देशी शराब कीमती चालीस हजार रुपये की बरामद की है।

पुलिस ने कार व शराब जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि काले रंग की आर्टिका कार में दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर आ रहे है। जिस पर पुलिस ने कंतोरा तिराहे पर नाकाबंदी की, जहां अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 20 जेडआर-1565 आती दिखी, जो कि पुलिस को देखकर आरोपी कार लेकर भागने लगे। पुलिस ने उक्त कार का पीछा किया, जिसके बाद आरोपी ग्राम चिंहुटा रोड पर कार लॉक कर मौके से भाग निकले। जिसके बाद पुलिस ने मैकेनिक को बुलाकर कार का लॉक खुलवाया। कार के अंदर से पुलिस को आठ कार्टून मिले, जिसमें चार सौ पाव देशी शराब कीमती चालीस हजार रुपये की रखी हुई थी। पुलिस ने कार व शराब जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।

# कचरा डंपिंग यार्ड में कटा हुआ पैर मिला

**जबलपुर,देशबन्धु।** तिलवारा थाना अंतर्गत क्रेशर बस्ती स्थित कचरा डंपिंग स्टेशन में शुक्रवार की सुबह मानव अंग मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के मुताबिक पिछले कई दिनों से डंपिंग यार्ड के पास से निकलना दूभर हो रहा था, वहां इतनी अधिक बदबू आ रही थी लोग बिना नाक-मुंह ढके वहां से गुजर ही नहीं पा रहे थे। इसी बीच सुबह-सुबह क्षेत्र के ही किसी व्यक्ति ने वहां एक सड़ा-गला पैर देखा और तत्काल पूरी घटना से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने चेक किया तो उक्त अंग किसी मानव का कटा हुआ पैर था। पुलिस ने अपनी तरफ से कार्रवाई पूर्ण करने के बाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पैर को दफन करा दिया।

# हिरन नदी से अवैध रूप से रेत चुराते हुए जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली जप्त

### सिहोरा पुलिस की कार्यवाही, आरोपी मौके से फरार

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा पुलिस ने हिरण नदी से चोरी छिपे अवैध रूप से जेसीबी से रेत निकालकर ट्रैक्टर-ट्राली में लोड करने के दौरान दबिश दी।

पुलिस ने जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली मय रेत के जप्त किये है। वहीं आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ खान खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना



मिली कि ग्राम मुरैठ हिरन नदी में अवैध रेत उत्खनन की जा रही है। सूचना पर तत्काल ही मौके पर दबिश दी गई। जहां मुरैठ हिरन नदी में एक जेसीबी मशीन द्वारा अवैध रेत का उत्खनन कर ट्रेक्टर ट्राली में लोड करते हुये दिखी। जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर बिना नम्बर की जेसीबी एवं बिना नम्बर का ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गये। उक्त जेसीबी मशीन चालक द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन कर चोरी कर परिवहन करते पाए जाने से बिना नम्बर की जेसीबी एवं स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर मय ट्राली जिसमें रेत लोड थी जप्त करते हुए दोनों चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी गई है।

# आईपीएल क्रिकेट मैच पर दांव लगाते तीन सटोरिये पकड़ाए

### लार्डगंज पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज पुलिस ने रानीताल गेमिंग हब पर मुंबई इंडियंस व सनराइज हैदराबाद के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच की हर गेंद पर दांव लगा रहे तीन सटोरियों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के



पास से 1750 रुपये की नगदी व तीन मोबाईल फोन जप्त किये है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रानीताल गेमिंग हब पर दबिश दी गई। जहां से वेदांश उर्फ बटुक अवस्थी उम्र 18 वर्ष निवासी बड़ा फुहारा निवाडगंज गल्ला मंडी, नारायण पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी हनुमान जैन मंदिर के पास राधाकृष्ण मंदिर के सामने हनुमानताल, मोहित सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी सिंघई कालोनी दीक्षितपुरा कोतवाली को पकड़ा गया। जो कि आईपीएल क्रिकेट मैच मुम्बई वर्सेस हैदराबाद मैच की हारजीत पर पैसों का दाव लगा रहे थे। जिनके मोबाइल में अलग-अलग यूजर आईडी खुली पायी गई। आरोपियों के कब्जे से रेडमी नोट, एप्पल कंपनी ,ओप्पो कंपनी के कुल 3 मोबाइल एवं नकदी 1 हजार 750 रुपये जप्त करते हुये आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## लिफ्ट मांगकर रुपयों की मांग कर, मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में एक असामाजिक तत्व ने बस एजेंट से लिफ्ट मांगी और चंडाल भाटा पहुंचने के बाद गाड़ी रोकने के लिये कहा, इसके बाद अपने दो साथियों को बुलाकर युवक से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा। पीड़ित एजेंट ने जब रुपये देने से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए पत्थर से उस पर हमला कर दिया। जिससे युवक को गंभीर चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस ने बताया कि बधैया मोहल्ला निवासी 32 वर्षीय योगेन्द्र तिवारी जय महाकाल ट्रेवल्स में बुकिंग एजेंट का काम करता है। बीती रात करीब साढ़े दस बजे वह लास्ट बस को छोड़कर मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में औलिया मस्जिद के पास उसे मयंक मलिक मिला, जिसने आगे तक छोड़ने के लिये उससे लिफ्ट मांगी। जिस पर योगेन्द्र ने मयंक को अपनी गाड़ी में लिफ्ट दे दी। इसके बाद जैसे ही वे नगर निगम स्वीपर क्वार्टर चंडाल भाटा के पास पहुंचे तो मयंक ने गाड़ी रोकने के लिये कहा, गाड़ी रुकते ही मयंक के दो साथी भी आ गये। जिसके बाद तीनों ने योगेन्द्र से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग शुरु कर दी। योगेन्द्र ने रुपये देने से मना किया तो तीनों गाली गलौज करने लगे और मारपीट शुरु कर दी, इसी बीच मयंक ने पत्थर से हमला कर योगेन्द्र के सिर में चोट पहुंचा दी। जिससे योगेन्द्र को गंभीर चोट आ गई। जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# गांजा तस्कर युवक व युवती गिरफ्तार

### पौने दो लाख का माल बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर पुलिस ने गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त युवक व युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग पौने 9 किलो गांजा बरामद किया। जिसका मूल्य लगभग पौने दो लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की। घमापुर थाना प्रभारी संतोष कुमार अंधवान से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि कंजर मोहल्ला बेलबाग निवासी रचित जाट व एक युवती छापेमारी में सिद्धेश्वर कुण्ड मंदिर के पास खड़े है। दोनों अपने पास 1-1 बैग में मादक पदार्थ गांजा रखे हुए ग्राहक के इंतजार में है। पुलिस ने सूचना पर कार्यवाही करते हुए दबिश दी। पुलिस टीम को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को अभिरक्षा में लेकर बैग की तलाशी ली तो उसके गांजा की खेप मिली। पुलिस ने आरोपी रचित जाट उम्र 29 वर्ष निवासी कंजर मोहल्ला बेलबाग एवं पक्की झारिया उम्र 22 वर्ष निवासी चौसठ जोगनी मंदिर पंचवटी भेडाघाट विरूद्ध धारा 8, 20, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त गांजा कहाँ से और कैसे प्राप्त किया के सम्बंध में पूछताछ जारी है।

# परिवार के चार सदस्य की हत्या करने वाले आरोपी को मिली फांसी की सजा उम्रकैद में तब्दील

### आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने तथा नाबालिग बेटे के जीवित होने के कारण हाईकोर्ट से मिली राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** मासूम बेटे,पत्नी तथा मॉं-बाप की हत्या के आरोप में फांसी की सजा से दंडित व्यक्ति को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस देव नारायण मिश्रा की युगल पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि घटना के समय अपीलकर्ता की हालत में था। उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और उसका एक नाबालिक बेटा जीवित है। अपीलकर्ता में सुधार और पुनर्वास की संभावना को देखते हुए मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास की सजा में परिवर्तित किया जाता है।

रायसेन जिले की बरेली कोर्ट ने सितंबर जितेन्द्र पुरविया को सात वर्षीय बेटे सिद्धांत,पत्नी सुनीता,पिता जालिम सिंह तथा माँ शारदा की हत्या के आरोप में अलग-अलग फांसी की सजा से दंडित किया था। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने 16 मई 2019 की रात को फायर आर्म्स तथा कुल्हाड़ी से घटना को अंजाम दिया था। न्यायालय ने फांसी की सजा की पुष्टि के लिए प्रकरण को हाईकोर्ट भेजा था। इसके अलावा सजा के खिलाफ भी हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। सुनवाई के दौरान तर्क दिया गया कि अभियुक्त घटना दिनांक को खेत से घर पहुँचा तो पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में देखा। जिसके बाद आवेश में आकर उसने घटना को अंजाम दिया।

युगलपीठ ने पाया कि प्रकरण को ऐसे कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा पत्नी की मेडिकल रिपोर्ट में भी ऐसा कुछ नहीं पाया गया है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि जिला न्यायालय ने अपने अपने में गीता के श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा है कि क्रोध एक विनाशकारी प्रक्रिया शुरू कर देता है। क्रोध से मोह उत्पन्न होता है, जिससे व्यक्ति सही-गलत का निर्णय नहीं ले पाता है। इस मोह के कारण स्मृति भ्रमित हो जाती है, और व्यक्ति को अपनी गलतियों का एहसास नहीं होता है। अंततः, स्मृति भ्रमित होने से बुद्धि नष्ट हो जाती है, और व्यक्ति अपने आप को नष्ट कर लेता है। हमारा मानना है कि अपीलकर्ता का एक नाबालिग पुत्र घटना के समय अपने मामा के घर गया था और वह जीवित है। इसके अलावा घटना के समय अपीलकर्ता नशीले पदार्थों के प्रभाव में था। जो यह प्रदर्शित करता है कि अपराध के समय अपीलकर्ता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जेल रिकॉर्ड के अनुसार अपीलकर्ता का आचरण अच्छा है और सुधार और पुनर्वास की संभावना है। अपराध मुख्य रूप से अपराधी की मनोविकृति या मानसिक कमी का परिणाम था। अपीलकर्ता का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। प्रकरण में मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदलने के लिए पर्याप्त परिस्थितियां उपलब्ध है। युगलपीठ ने अपीलकर्ता की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए चारों मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में तब्दील करने के आदेश जारी किये है।





कमेटी गठित होने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। युगल पीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा है कि 6 सप्ताह में कमेटी अपनी रिपोर्ट पेष करे। रिपोर्ट पेष होने के तीनों की अवधि में उसकी प्रति याचिकाकर्ता को प्रदान की जाये। रिपोर्ट के आधार पर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता अक्षांश श्रीवास्तव ने पैरवी की।

# गांधी मेडिकल कॉलेज में हुई अवैध नियुक्तियों पर हाई कोर्ट सख्त

### गठित कमेटी करें छह हफ्ते जांच पूर्ण

**जबलपुर,देशबन्धु।** गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में लैब असिस्टेंट और तकनीशियन पदों पर हुई नियुक्तियों को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने गठित जांच कमेटी को 6 सप्ताह में जारी पूरी करने के आदेष जारी किये है। युगल पीठ ने अपने आदेष में कहा है कि जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

आरटीआई कार्यकर्ता भोपाल निवासी वीर सिंह लोधी की तरफ से उक्त याचिका दायर की गयी है। जिसमें आरोप लगाते हुए कहा गया है कि गांधी मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2021 में लैब असिस्टेंट और तकनीशियन पदों पर नियम को ताक में रखकर नियुक्तियां की गयी है। याचिका की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि पूर्व में 1 मई 2024 और 19 सितंबर 2024 को पारित आदेशानुसार जांच के लिए डॉ संजय जैन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जांच

# छह सौ नये अधिवक्ता नामांकित, तीन की सनद बहाल

### एसबीसी की नामांकन समिति ने लगाई मोहर

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद की नामांकन समिति-ए की बैठक शुक्रवार को समिति अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें परिषद के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने अधिवक्ताओं के हितार्थ काय करते हुए, नवागत छह सौ अधिवक्ताओं के आये आवेदनों पर विचारोपरांत अपनी मोहर लगाकर उन्हें नामांकित किया। इसके अलावा पुनः विधि व्यवसाय करने वाले तीन अधिवक्ताओं को रिजम्शन कर उनकी सनद बहाल की गई।

एसबीसी के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने बताया कि मप्र हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में द सेन्टल लॉ इन्स्टीट्यूट कॉलेज से प्राप्त वह नवीन आवदेन, जिसमें की परिषद द्वारा नामांकन प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण कर दी गई है उन नामांकन आवेदनों में नामांकन की मोहर लगा दी गई है। शेष प्राप्त आवदेनों को तैयार कर परिषद की आगामी नामांकन समिति द्वारा नामांकित किया जावेगा। नवीन अधिवक्ताओं के हितार्थ हेतु यह भी सलाह दी है कि परिषद के नियम-145 के अंर्तगत नवीन अधिवक्ताओं को परिषद से मान्यता प्राप्त अधिवक्ता संघों में नामांकन दिनांक से तीन माह के अंदर सदस्यता लेना अनिवार्य है, नहीं तो उनको परिषद से कोई मेडिकल क्लेम, मृत्युदावा क्लेम व कोई भी कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित रहना पड़ेगा। साथ ही श्री सैनी ने व्यक्त किया कि नवीन अधिवक्ताओं को ऑन लाईन डिक्लेरेशन फॉर्म भरना भी अनिवार्य है, जब तक ऑन लाईन डिक्लेरेशन फॉर्म नहीं भरा जाता। वह अधिवक्ता नान प्रेक्टिसनर की श्रेणी में आता है। इस अवसर पर परिषदकी कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला, नामांकन प्रभारी देवेन्द्र पाण्डेय, प्रणय खरे एवं अंकित सेन भी उपस्थित रहे। श्री सैनी ने सभी नये अधिवक्ताओं को बधाई देते हुये विधि जगत में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चिटफंड मामले में आरोपियों को सशर्त जमानत

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में पाया कि जिन्हें आरोपी बनाया गया है, वे खुद भी उसी स्कीम में निवेशक हैं।

इसी आधार पर जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने आवेदक को सशर्त अग्रिम जमानत प्रदान की है। सीहोर निवासी जीवन सिंह की ओर से कहा गया कि निवेशकों की शिकायत पर सीहोर की आष्टा पुलिस ने आवेदक के खिलाफ भी धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया। दरअसल, आवेदक जी लाईफ इंडिया चिटफंड कंपनी में एजेंट के रूप में काम करता हैं और निवेशकों से पैसे लेकर संचालकों के पास जमा कर देता है। उन्होंने बताया कि आवेदक ने स्वयं भी कंपनी में निवेश किया है। आवेदक की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे निवेशकों के पैसे लौटाएं। जिसके बाद न्यायालय ने भी माना कि आवेदक कंपनी में केवल कर्मचारी हैं, इसलिए उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती। न्यायालय ने अभियोजन को सहयोग करने और ट्रायल के दौरान हर पेशी पर हाजिर होने जैसी शर्तों के साथ उन्हें अग्रिम जमानत दे दी।

## दुकान खाली कराने के आदेश पर रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने नगर पालिका परिषद द्वारा दुकान रिक्त करने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसी केसाथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

याचिकाकर्ता पन्ना निवासी मुबारक की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टहनगुरिया, शुभम पाटकर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नगर पालिका परिषद पन्ना के द्वारा पंजीकृत लीज डीड के द्वारा दुकान आवंटित की गई थी। याचिकाकर्ता फल बेचकर अपनी आजीविका चलाता था। नगर पालिका अधिकारी ने याचिकाकर्ता को इस आशय का नोटिस दिया कि दुकान का निर्माण नये तरीके से करना है। फिर नवीन एक आनलाइन निविदा से दुकान का आवंटन करना है। अतः सात दिवस के भीतर दुकान रिक्त करें। याचिकाकर्ता के अनुसार उसकी लीज डीड के अस्तित्व में रहते हुए दुकान रिक्त करने और नए सिरे से आवंटन करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश मनमाना है। उसे सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर अंतरिम स्थगन आदेश पारित कर दिया।

# जस्टिस वर्मा के घर मिले जले नोटों के प्रकरण की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें

### सामान्य नागरिक की भांति एफआईआर दर्ज की जाये, एनयूएमएम सहित अन्य ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर मिले जले नोटों के प्रकरण की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें। यही नहीं उनके विरुद्ध सामान्य नागरिक की भांति एफआईआर दर्ज की जाये। यह मांग शुक्रवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शन मंच, जबलपुर सहित अन्य संगठनों द्वारा उठाई गई। इस आशय का राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन भी कलेक्टर को सौंपा।

इससे पूर्व जमकर प्रदर्शन किया गया। एनयूएमएम के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि 14 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा के घर पर मिले जले नोटों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की जांच समिति बनाई थी। इस जांच समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शिता आएगी। इसी मांग के साथ मंच ने भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन व मानव अधिकार क्रांति संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर घंटाघर के पास संयुक्त प्रदर्शन कियाा। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। अगले चरण में जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप दिया गया। आंदोलित संगठनों का कहना है कि जस्टिस वर्मा के मामले में अब एक माह से ज्यादा समय बीत गया है, फिर भी एफआईआर दायर नहीं हुई है। देश के 24 हाईकोर्ट में से केवल छह हाईकोर्ट के जजों ने अपनी संपत्ति का खुलासा किया है। यहां तक की 75 प्रतिशत हाईकोर्ट में इस संबंध में अभी कोई भी निणर्य नहीं लिया गया है।

80 प्रतिशत लोग धनखड़ से सहमत-डॉ. नाजपांडे ने यह भी बताया कि मोबाइल के जरिए शुक्रवार को किए गए त्वरित सर्वे में 40 प्रतिशत लोग उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के उस कथन से सहमत दिखे, जिसमें उन्होंने कहा था कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता की सीमा अब तय हो जाना चाहिए। प्रदर्शन में डाण् पीजी नाजपांडे, एड, वेदप्रकाश अधौलिया, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनोजिया, गीता पांडे, केके सेन, भरत नामदेव, विनायक राव सोरते, अर्जुन कुमार परोहा, गौरव खरे, दिलीप कुंडे, डीआर लखेरा, एड. ब्रजेश साहू व राममिलन शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

# महिला मजदूर से दुष्कर्म कर कुएं में फेंका !

- मजदूरी के बहाने महिला को ले गया था आरोपी, कुएं में मिली घायल



- सीधी की महिला मजदूरी करने आई थी रीवा

**रीवा देशबन्धु।** सीधी से मजदूरी करने रीवा आई महिला से मैहर के ताला में रेप के बाद कुएं में फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। महिला को ताला थाना क्षेत्र में आज सुबह एक कुएं के भीतर घायल अवस्था में देखा गया। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायल महिला को कुएं से बाहर निकलवाया और उसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा है।

पीड़ित महिला की माने तो उसे मजदूरी के बहाने बुलाकर ताला ले जाया गया, जहां उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया गया और फिर आरोपी उसे कुएं में फेंक कर फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि वह सीधी जिले के खड्डी की रहने वाली है। पीड़िता के मुताबिक वह रोजाना मजदूरी करने के लिए रीवा सहित अन्य स्थानों पर जाती है।

बताया गया कि बीते दिवस वह मजदूरी के लिए रीवा आई हुई थी तभी एक शख्स उसे मजदूरी कराने के बहाने अपने साथ ताला ले गया। पीड़िता ने बताया कि पहले तो आरोपी ने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया फिर उसे पूरा दिन बैठाकर रखा, जिसके बाद देर शाम उसके पास से मोबाइल और पैसे छीनकर उसे कुएं में धकेल दिया।

घटना की जानकारी लोगों को आज सुबह उस वक्त हुई जब महिला को कुएं में देखा गया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई, जहां पहुंची पुलिस ने महिला को कुएं से बाहर निकलवाया और उसे 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा है। फिलहाल इस पूरे मामले में महिला ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आया बाइक सवार, एक की मौत, दो की हालत गंभीर

**रीवा देशबन्धु।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक परिवार बुरी तरह जख्मी हो गया जिसमें से अस्पताल में उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है परिजनों ने बताया कि इटौरा निवासी महेंद्र साकेत अपनी पत्नी सुनीता साकेत बच्ची सोना साकेत सहित दो माह के बच्चे को लेकर सदहना कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे सुबह तकरीबन 11:30 बजे से सेदूरा मोड़ के समीप क्रिड कार क्रमांक द्बश्व17ष्ठ्ठ 4293 जो सिरमौर की ओर से आ रही थी बाइक सवाल को अपनी चपेट में ले लिया घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान महेंद्र साकेत की मौत हो गई है बताया जा रहा है।

# 7 मौत के आरोपी डॉक्टर की तबियत बिगड़ी

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के मिशन अस्पताल में सात मरीजों की मौत के आरोपी डॉक्टर नरेंद्र यादव उर्फ एनजॉन केम की गुरुवार रात करीब 11 बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टियां हुई और घबराहट हुई तो पुलिस तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंची। करीब आधे घंटे तक जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉ. मधुर चौधरी ने उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखकर उनका इलाज किया।

ड्यूटी डॉ. चौधरी ने बताया कि पुलिस आरोपी डॉक्टर को जिला अस्पताल लेकर आई थी। मरीज ने घबराहट होने और उल्टी होने की जानकारी दी थी। इसके बाद उनका ब्लड प्रेशर चेक किया गया जो बढ़ा हुआ था। उन्हें इंजेक्शन दिए गए हैं और ऑब्जर्वेशन में रखा गया। कुछ देर बाद दोबारा चेकअप



किया गया तो वह सामान्य थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया।

अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि आरोपी डॉक्टर को और कोई बीमारी नहीं है। केवल ब्लड प्रेशर का इलाज चलता है। फिलहाल उनकी हालत सामान्य है। बता दें कि गुरुवार को रिमांड पूरी होने के बाद आरोपी डॉक्टर नरेंद्र यादव को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था और फिर से एक दिन की रिमांड मांगी थी, जो न्यायालय ने दे दी थी। इस दौरान पहली बार मीडिया से आरोपी डॉ ने बात करते हुए कहा कि उसके नाम का उपयोग कर फंसाया जा रहा है। अब शुक्रवार को एक दिन की रिमांड पूरी होने के बाद पुलिस फिर से उन्हें न्यायालय में पेश करेगी। रात में जब तबियत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया तो वह मीडिया से कुछ नहीं बोला।

## सार-समाचार

### पाटन थाना प्रभारी बने गोपेंद्र सिंह राजपूत नवल आर्य को लाईगंज की कमान

**पाटन, देशबन्धु।** जिले में गोपेंद्र सिंह राजपूत को पाटन का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। तत्कालीन थाना प्रभारी नवल आर्य का तबादला शहरी क्षेत्र के लॉर्डगंज थाने में किया गया है। शुक्रवार की शाम टीआई श्री राजपूत ने पाटन थाना पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

नवागत थाना प्रभारी को कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की होगी बड़ी चुनौती..

नए थाना प्रभारी श्री राजपूत को थाना क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने होगे। वही बढ़ते हत्या के अपराध,अनियंत्रित ट्रैफिक व्यवस्था,थाना क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग तथा वीरान पड़ी नगर की पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की व्यवस्था पर देना होगा जोर। इसके अलावा वर्षी से पाटन थाने में जमे सेटिंगवाज सिपाहियों की बजाय अन्य थानों से ट्रांसफर होकर आए नए आरक्षकों को उनकी काबिलियत के अनुसार बीट देने से अपराधों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। इसके अलावा थाने में आने वाले हर फरियादी को न्याय मिले और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निदान हो इसके लिए भी नवागत थाना प्रभारी को प्रयास करने होगे। देशबन्धु परिवार की ओर से नवागत थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत को पाटन थाने की कमान मिलने पर ढेर सारी शुभकामनाएं।

### ग्राम पंचायत महंगवा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**कुंडम, देशबन्धु।** विकासखंड कुंडम के ग्राम पंचायत महंगवा में पीएम केवी बाय योजना में चयनित ग्राम महंगवा ग्राम भोकादेवरी और ग्राम गरियारी के कृषकों का एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को विषमुक्त खेती के लाभ बताना, मृदा की उर्वरक शक्ति को बढ़ाना, साथ ही जैविक उत्पाद को पीजीएस सर्टिफिकेशन दिलवाकर एफ पीओ के माध्यम से बिक्री करवाकर उन्हें अच्छा मूल्य दिलवाना था। कार्यक्रम में कुंडम के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एलपी उइके, जिला कोर्डिनेटर आरती वर्मा लोधी, लीड रिसोर्स पर्सन शारद झरिया, नाबार्ड के डीडीएम अपूर्व गुप्ता एवं ग्राम सरपंच रुक्मणि सिंह की उपस्तिथि रही।

### डॉ. बृजनंदन गिरि गोस्वामी जिला प्रभारी नियुक्त



**कुंडम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के द्वारा डॉक्टर बृजनंदन गिरि गोस्वामी को जिला प्रभारी जबलपुर मप्र के पद पर नियुक्ति किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के पदाधिकारी के निर्देशन पर यह की गई है। समस्त क्षेत्रवासी और पदाधिकारी ने डॉक्टर बृजनंदन गिरि गोस्वामी की नियुक्ति पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

### प्रादेशिक अल्पसंख्यक विभाग ने की जिला प्रतिनिधि की नियुक्ति

**शहपुरा भिटोनी,देशबन्धु।** अखिल भारतीय अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग के प्रभारी के राजू अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रताप गडी की सहमति से मध्यप्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अलीम के दुबारा जवलपुरजिले के एल डी एम के कॉर्डिनेटर नियुक्त किए गए जनाव अतुल जोसेफ़ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र जनाब जे मार्को केट विधानसभा क्षेत्र जनाव अली मनसूरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र राजेंद्र बंधु वरगी विधानसभा क्षेत्र जनाव हाजी हमीद खान पनागर विधानसभा क्षेत्र राजकुमार उतर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से नियुक्त किए गए हैं इनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई देने वालोंदलजीत सिंह श्री सुमन जैन जवलपुर नेतराम पटेल टीका राम कोस्टा संजय जैन शाहिद भाई जान अली खान अनवर खान सुरेश रजक राज कमल मुन्ना शर्मा उमा शंकर विश्वकर्मा रहमान भाई जान भेडाघाट पारस जैन पंचम मिश्रा राजेंद्र तिवारी सहित कई कार्यकर्ताओं ने बधाई दी संगठन को मज़बूत करने की अपील की गई है।

# तालाब की सफ़ाई कर दिया स्वच्छता का संदेश




## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत

**पनागर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड पनागर,के द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम सुंदरपुर में जल संरक्षण के लिए जन सहभागिता एवं श्रमदान, जन सहयोग से श्रमदान एवं जन सहभागिता से चलाए जा रहे अभियान में आज जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था प्रमुख नंदकिशोर बर्मन ,सरपंच वंदना राकेश ठाकुर,सुमित यादव अध्यक्ष युवा सेवा संगठन जबलपुर, प्रफ़ुस्पटन समिति सुंदरपुर सुनील यादव ,चंद्रभान यादव,मुकेश यादव,सुक्की यादव,ने सहभागिता की सामाजिक सहयोग से किये गये जल संरक्षण का अनुपम एवं अनुकरणीय कार्य किया गया है। आज श्रमदान के पूर्व आयोजित जन चौपाल एवं जल गोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समुदाय की सहभागिता से जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया गया। यह कार्य अनुकरणीय है, यह जीवन और संसार पंच महाभूतों से चलता है, जिसमें जल सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। इसको बचाने का प्रत्येक जतन हम सभी को मिलकर करना चाहिए। ,जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, सामुदायिक नेतृत्व कार्यक्रम के समाज कार्य के छात्र छात्राओं की प्रमुख सहभागिता रही।

# दूल्हे ने कर दिया शादी से इनकार तो दुल्हन ने उठाया आत्मघाती कदम

- दो दिन पहले हुआ तिलक शुक्रवार को आने वाली थी बारात

**रीवा देशबन्धु।** शादी का मंडप सजने के बाद एक दूल्हे ने बारात आने से ठीक पहले ही शादी से इनकार कर दिया दूल्हे के द्वारा लिए गए इस फैसले से शादी के घर में जैसे भूचाल आ गया और इसी दौरान दुल्हन में आत्मघाती कदम उठा लिया जिसे गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गयाहै दूल्हे के द्वारा शादी से इनकार किए जाने के बाद मामला पुलिस के पास पहुंच गया और दोनों ही पक्षों ने थाने में अपनी अपनी बात रखी एक ओर दुल्हन के परिजनों का कहना है कि शादी के दिन दूल्हे ने अचानक फैसला बदला और बड़ी बेटी की जगह छोटी बेटी से शादी करने की बात करने लगा जबकि 2 दिन पूर्व ही तिलक कार्यक्रम संपन्न हुआ है और आज बारात रीवा के एक विवाह घर में आने वाली थी दूल्हे के द्वारा लिए गए इस फैसले से शादी के घर में मातम का माहौल व्याप्त



## दूल्हे ने कहा बड़ी के जगह छोटी लड़की से रचाएंगे ब्याह

हो गया इधर दूल्हे का आरोप है की लड़की पहले से शादीशुदा थी जिसका 2022 में तलाक हुआ है। इसकी जानकारी उसे नहीं थी दूसरी ओर दुल्हन पक्ष का कहना है कि जिस व्यक्ति के द्वारा शादी लगाई गई थी वह दूल्हे का रिश्तेदार है और सारी जानकारी दी गई थी परिजनों ने बताया कि दूल्हा सीधी जिले का निवासी है और विवाह तय होने के बाद वह निरंतर संपर्क में रहा है जब यह मामला पुलिस के पास पहुंचा तो मामला बनने की बजाय बिगड़ता हुआ दिखाई देने लगा इस बात को लेकर दुल्हन ने आत्मघाती कदम उठा लिया जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# स्कूल में चार छात्राओं की उपस्थिति को देख कलेक्टर हुईं नाराज

## प्राचार्य को किया निलंबित

**डिंडोरी, देशबन्धु।** विकासखंड मेंहदवानी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों का कलेक्टर नेहा मारव्या ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत राई से कुकर्रा-भलवारा रोड के किनारे लगे पेड़-पौधों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनपद सीईओ, मेंहदवानी को निर्देशित किया कि विकासखंड की सभी सडक़ों पर इसी प्रकार पौधों के चारों ओर सुरक्षा के लिए बाड़ा बनाकर उन्हें संरक्षित किया जाए।

कलेक्टर ने निर्माणधीन सीएमराइज विद्यालय की सड़क़ का भी निरीक्षण किया और संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि केवल विद्यालय तक ही नहीं, बल्कि उससे जुड़े अटैचमेंट रोड का भी निर्माण कराया जाए जिससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को आवाजाही में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जिले के कम दर्ज संख्या वाले विद्यालयों की भी



समीक्षा की। इस संबंध में गठित समिति को टेक्निकल और मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भलवारा के अंतर्गत स्थित हाई स्कूल भलवारा को ग्रामीणों ने 12वीं तक किए जाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में हायर सेकेंडरी स्कूल राई 15 किलोमीटर दूर स्थित है, जिससे विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है।

ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव को भोपाल भेजा जाएगा ताकि भलवारा में हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में परिवर्तित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि हाई स्कूल भलवारा में सत्र 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो जाने के बाद भी केवल चार छात्र उपस्थित थे। इस लापरवाही के लिए प्रभारी प्राचार्य गोविंद सिंह को निलंबित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत भलवारा के सामुदायिक स्वच्छता परिसर में जल आपूर्ति न होने के कारण परिसर बंद पड़ा है। इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने पीएचई विभाग को दो दिवस के भीतर कनेक्शन जोडने और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी प्रमोद कुमार ओझा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रमेश मरावी, कार्यपालन यंत्री अफजल इमाम उल्ला, आरईएस ई दीपक आर्मो, डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# नौ वर्ष पूर्व घर से गई किशोरी अब मिली दो बच्चों के साथ

**रीवा, देशबन्धु।** जिले से 9 साल पहले लापता किशोरी को पुलिस ने प्रयागराज उत्तर प्रदेश से बरामद किया है। सिरमौर पुलिस ने किशोरी को रीवा लाने के बाद कोर्ट में उसके बयान कराए हैं। बताया गया है कि माता-पिता द्वारा घरेलू कार्यों की वजह से डांट-फटकार लगाए जाने पर नाराज होकर वह घर छोड़कर चली गई थी। परिजन द्वारा 9 वर्ष पूर्व थाना में उसके गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उस समय तलाश की गई, लेकिन पता नहीं चला। इधर, पुलिस ने फिर नए सिरे से पतासाजी शुरू की और वह मिल गई। सिरमौर टीआई जेपी पटेल, एसआई राजवृंद सिंह, आरक्षक सत्यप्रकाश, अवधेश और महिला आरक्षक पुष्पा सिंह की मेहनत से उसे ढूंढ निकाला गया है। बताया गया है कि घर से नाराज होकर जाने के बाद वह अपनी मौसी के यहां गई थी। वहां से प्रेमी के साथ चली गई थी ।अब दो बच्चों की मां है । लापता किशोरी ने यहां से जाने के बाद कभी भी परिजन से संपर्क नहीं किया।

# नशीली कफ सिरप और तस्कर पकड़ाए

**रीवा देशबन्धु।** मेडिकल नशे का गढ़ बनते जा रहे रीवा जिले में फिर अवैध रूप से बेचने के लिए ले जाई जा रही नशीली सिरप की खेप पुलिस ने रायपुर कर्चुलियान के जोगिनहाई टोल प्लाजा के पास पकड़ी है। कार से 1162 शीशी नशीली सिरप के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह चंदेल एसपी विवेक सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे नशे पर प्रहार अभियान के तहत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में नशीली सिरप की बड़ी खेप लाई जा रही है। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डीएसपी उदित मिश्रा हिमाली पाठक के नेतृत्व में समान थाना प्रभारी विकास कपीस अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल चाकघाट थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा और गुढ़ थाना प्रभारी शैली यादव के नेतृत्व में चार अलग-अलग टीम में गठित की जिसके बाद जोगिनहाई टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से पांच प्लास्टिक की बोरियों में भरी मात्रा में नशीली कफ सिरप की शीशियां बरामद की गई। पुलिस की पूछताछ में कार सवार कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके, जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।




एएसपी विवेकलाल ने बताया कि आरोपी नशीली सिरप बनारस से रीवा ला रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में वीरेन्द्र कुमार नामदेव पिता चन्द्रमणि नामदेव उम्र 28 वर्ष निवासी हरदुआ थाना सेमरिया, रवि साकेत पिता बुजनाथ साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी खारा थाना सेमरिया जिला और अनिल साकेत पिता जागेश्वर साकेत उम्र 40 वर्ष निवासी ऐलहा थाना सेमरिया शामिल हैं। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कई अन्य तस्करों के भी नाम बताए हैं।

# जिला अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत

## परिवार का आरोप, डॉक्टर ने पैसे मांगे और गलत इलाज किया, कलेक्टर बोले, जांच कराएंगे

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिला अस्पताल में गुरुवार रात करीब 11 बजे गर्भवती महिला की प्रसव के बाद मौत हो गई। मृतका की पहचान हटा ब्लॉक के कुमी गांव निवासी कीर्ति अहिरवार (23) के रूप में हुई है।

परिवार ने अस्पताल स्टाफ और डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के पति दीपक के अनुसार, डॉक्टर ने इलाज के लिए पैसे की मांग की। उन्होंने डॉक्टर से विनती की कि वे इलाज शुरू करें और पैसे बाद में ले लें, लेकिन डॉक्टर ने गलत इलाज कर दिया।



रात करीब 11 बजे महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि परिजनों ने रात में ही उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रविवार शाम को जिला अस्पताल के कर्मचारी, डॉक्टर और सीएमएचओ के साथ बैठक होगी।

इस बैठक में परिजनों को भी बुलाया जाएगा और उनका पक्ष सुना जाएगा। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रसव के दौरान महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। जांच में यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जल्दी फाइनल करो, महीनों तक नहीं उलझा सकते, रूस-यूक्रेन शांति के बीच अमेरिका का अल्टीमेटम

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। अमेरिका ने साफ कर दिया है कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते को लेकर जल्द कोई ठोस प्रगति नहीं होती, तो वह इस प्रयास से हाथ खींच लेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को पेरिस में यूरोपीय और यूक्रेनी नेताओं से मुलाकात के बाद कहा कि अमेरिका अब इस प्रक्रिया में हफ्तों और महीनों तक उलझा नहीं रह सकता। रूबियो ने कहा, अब यह तय करना जरूरी है कि क्या यह समझौता अगले कुछ हफ्तों में मुमकिन है या नहीं। हम अब कुछ ही दिनों में यह निर्णय करेंगे। अगर आगे बढ़ने की गुंजाइश दिखती है, तो हम साथ हैं। नहीं तो हमारे पास और भी जरूरी प्राथमिकताएं हैं जिन पर ध्यान देना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अभी भी इस शांति प्रक्रिया में दिलचस्पी रखते हैं, लेकिन अगर कोई नतीजा नजर नहीं आता तो वह पीछे हटने को तैयार हैं। गौरतलब है कि ट्रंप ने अपने चुनावी वादों में दावा किया था कि वो राष्ट्रपति पद संभालते ही 24 घंटे के भीतर युद्ध खत्म करवा देंगे।

# सूडानः एक शिविर पर हुआ हमला तो विस्थापितों ने दूसरे में ली शरण, वहां भी हुई बमबारी

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** जमजम विस्थापन शिविर पर बमबारी से बचकर भागे अनुमानित 400,000 लोगों में से अधिकांश ने अन्य सूडानी शरणार्थी शिविर में शरण ली, लेकिन वहां भी बमबारी की गई। संयुक्त राष्ट्र मानवीय एजेंसी ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा, जमजम तक पहुंच पूरी तरह से अवरुद्ध है।

ओसीएचए ने कहा, स्थानीय प्राधिकारियों और साझेदारों की रिपोर्ट से पता चलता है कि सशस्त्र समूह अल फशर और आस-पास के क्षेत्रों, जिसमें अबू शौक शिविर भी शामिल है, पर गोलाबारी जारी रखे हुए हैं, जिससे वहां रहने वाले सभी नागरिक स्पष्ट रूप से भारी खतरे में हैं। जमजम शिविर पर बमबारी से बचकर भाग रहे 4,00,000 लोगों में से अधिकांश लोग उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशेर और तावीला शहरों की ओर चले गए, जहां लोग पहले से ही भारी तनाव में हैं। संयुक्त राष्ट्र और उसके मानवीय सहयोगियों ने तवीला में 1,700 मीट्रिक टन आपातकालीन भोजन वितरित किया। इस बीच, एक स्थानीय भागीदार ने एल फशर में 10,000 नए विस्थापित लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटर ट्रकिंग पहल शुरू की। अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन, तावीला में तत्काल जरुरतों और प्रतिक्रिया प्राथमिकताओं का निर्धारण करने के लिए मानवीय मूल्यांकन कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने बताया कि उसकी एक टीम गुरुवार को ग्रेटर खार्तूम पहुंची, जहां वह देश की राजधानी में सहायता बढ़ाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। दुजारिक ने कहा, डब्ल्यूएफपी का लक्ष्य आने वाले महीने में लगभग 1 मिलियन लोगों तक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने बताया, डब्ल्यूएफपी ने यह भी कहा कि 280 मीट्रिक टन से अधिक खाद्य और पोषण आपूर्ति ले जाने वाले 14 ट्रकों का एक काफिला खार्तूम के दक्षिण में स्थित जबल अवलिया में पहुंचा है, यह आगमन गुरुवार सुबह हुआ।

यह क्षेत्र उन क्षेत्रों में से एक है जहां अकाल का खतरा सबसे अधिक है, इसलिए आपूर्ति की बहुत आवश्यकता है। जमजम शिविर और सूडान के कई अन्य स्थानों में पहले ही अकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है।

# ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे : इजरायली पीएम

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया कि इजरायल ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने नहीं देगा। उनका यह बयान तेहरान और अमेरिकी प्रशासन के बीच नए परमाणु समझौते पर नए सिरे से बातचीत की खबरों के बीच सामने आया। नेतन्याहू के कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने एक से अधिक बार स्पष्ट किया है, इजरायल ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने नहीं देगा।



कार्यालय ने कहा कि नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ अनगिनत प्रत्यक्ष और गुप्त अभियान चलाए हैं और ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ वैश्विक अभियान का नेतृत्व किया है। ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने पिछले शनिवार को ओमान की राजधानी मस्कट में अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से तेहरान के परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर मुलाकात की। दोनों पक्षों ने इस बैठक को रचनात्मक बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार्च की शुरुआत में कहा था कि संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से ईरानी नेताओं का एक पत्र मिला है, जिसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता का प्रस्ताव दिया गया था।

**ईरान बाद में अप्रत्यक्ष वार्ता पर सहमत हो गयाः** इजरायल और पश्चिमी सरकारें लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार क्षमता हासिल करने का आरोप लगाती रही हैं। हालांकि तेहरान इस आरोप का खंडन करता आया है। नेतन्याहू का यह बयान शनिवार को रोम में अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडलों के बीच ओमानी मध्यस्थता वाली दूसरे दौर की वार्ता से पहले आया है।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर मध्यस्थता के जरिए समझौता करने के ट्रंप के प्रयास नेतन्याहू की सैन्य कार्रवाई का उपयोग करके इस मुद्दे से निपटने की लंबे समय से चली आ रही नीति के विपरीत प्रतीत होते हैं।

## आज का इतिहास

1451– बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया।
1770– कैप्टन जेम्स कुक आस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने
1775– अमेरिकी क्रांति की शुरुआत।
1882– कलकत्ता में पहले प्रसूति अस्पताल की शुरुआत।
1910– हेली पुच्छल तारे को पहली बार सामान्य रूप से देखा गया।
1919– अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई।
1936– फिलिस्तीन में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए।
1950– श्यामा प्रसाद मुखर्जी केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पहले मंत्री बने।
1971– भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला जीती।
1972– बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना।

## सुडोकू 6887

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | | | 5 | | 3 |
| 5 | 2 | | | | 6 | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | 6 | 3 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | 5 | | 8 | 2 | 4 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | 3 | | 2 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 1 | | | | | 2 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सुरक्षा परिषद का विस्तार हुआ तो प्रमुख दावेदार कौन? एनएससी सुधार समिति के अध्यक्ष ने दिया जवाब

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट को लेकर वैश्विक राजनीति में काफी चहल-पहल मची रहती है। भारत समेत कई देश इस समिति के विस्तार को लेकर अपनी इच्छा जता चुके हैं। अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति में सुधार के लिए बातचीत करने वाली समिति, अंतर सरकार वार्ता के अध्यक्ष ने अब स्थाई सदस्यता के लिए सबसे प्रबल दावेदार देशों के नाम सामने रखते हुए कहा कि अगर सुरक्षा परिषद के विस्तार का निर्णय लिया जाता है तो निश्चित तौर पर भारत इसका प्रमुख दावेदार होगा। संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि और आईजीएन के अध्यक्ष तारिक अलबनई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जाहिर तौर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अगर सुधार किया जाता है तो उसका उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह सभी देशों और क्षेत्रों का सही प्रतिनिधित्व करे। उन्होंने कहा, यह जगजाहिर है कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक अहम और बड़ा देश है लेकिन संयुक्त राष्ट्र में कुल 193 देश हैं। इसलिए सुधार करते समय यह देखा जाना चाहिए कि हर देश की आवाज को सुना जाए.. और सभी सदस्य देशों को प्रतिनिधित्व मिलें.. न कि इसमें फिर से कुछ बड़े देशों को शामिल कर लिया जाए। एक सवाल के जवाब में अलबनई ने कहा कि यदि यह निर्णय लिया जाता है कि परिषद के सदस्यों की संख्या को 21 से बढ़ाकर 27 किया जाता है तो भारत निश्चित तौर पर इसमें शामिल होगा। उन्होंने अपने पुराने साथी को याद करते हुए कहा कि मैंने और ऑस्ट्रिया के पूर्व राजदूत अलेंक्जेंडर मार्शिक ने भारत का दौरा किया था और वहां पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार के मुद्दे पर अच्छी और हाई-लेवल पर बात की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वर्तमान 79वें सत्र के दौरान अंतर सरकारी वार्ता में हुई प्रगति पर जानकारी देते हुए राजदूत ने कहा कि यह जगजाहिर है कि सुधार के रास्ते हमेशा जटिल होते हैं लेकिन हम आगे बढ़ने की दिशा में सार्थक कदम उठा रहे हैं.. हमें उम्मीद है कि हम इसमें सफल होंगे।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान से कहा, 1971 की ज्यादती के लिए मांगे सार्वजनिक माफी, दे मुआवजा

**ढाका, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा बंगालियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों के लिए औपचारिक माफी मांगने को कहा है। इतना ही नहीं उसने पाकिस्तान की परिसंपत्तियों में अपना हिस्सा मांगते हुए इस्लामाबाद से बांग्लादेश को बकाया 4.5 अरब डॉलर का मुआवजा अदा करने को भी कहा है।

इसमें 1971 के युद्ध के दौरान बांग्लादेश छोड़ने में असमर्थ फंसे हुए पाकिस्तानियों की वापसी और 1970 के चक्रवात भोला में मिली विदेशी मदद के पैसे की बात भी शामिल थी। 4.3 अरब डॉलर के मुआवजे में इसमें अविभाजित पाकिस्तान की 1971 से पहले की परिसंपत्तियों में से उसका हिस्सा शामिल है, जिसमें सहायता राशि, भविष्य निधि और बचत साधन शामिल हैं। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच विदेश सचिव स्तर की बैठक हुई में बांग्लादेश ने कई पुराने और संवेदनशील मुद्दे उठाए। ऑपरेशन सर्चलाइट का भी जिक्र था जिसमें, पाकिस्तानी सेना ने अनुमानित 30 लाख बंगालियों को मार डाला और दस लाख से अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार किया। पाकिस्तान के साथ खूनी युद्ध के बाद 1971 में बांग्लादेश को स्वतंत्रता मिली। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने 1970 के भोला चक्रवात के बाद बांग्लादेश को विदेशी सहायता में 200 मिलियन डॉलर का अपना हिस्सा आवंटित नहीं किया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, 1970 का चक्रवात भोला दुनिया का सबसे घातक उष्णकटिबंधीय चक्रवात था, जिसने वर्तमान बांग्लादेश में पांच लाख लोगों की जान ले ली थी।


बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, हमारे संबंधों की ठोस नींव रखने के लिए इन मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने गुरुवार को पद्मा स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) आयोजित किया। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन और पाकिस्तान के समकक्ष आमना बलूच ने एफओसी में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। जशीम उद्दीन ने कहा कि



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार 27-28 अप्रैल को बांग्लादेश की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सीधी उड़ानें जल्द ही शुरू की जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बलूच ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से भी अलग-अलग मुलाकात की और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।


## वर्ग पहेली 6887



**बाये से दायें:-**
१. स्वर के बाद बोला जाने वाला अनुनासिक वर्ण, अनुनासिक बिंदी
३. तकलीफदेह
५. गगन, आकाश
६. कहानी, कथा, दृष्टांत (उर्दू)
७. ढूंढना, खोजना (उर्दू)
८. आगरा में स्थित एक विश्वप्रसिद्ध स्मारक
१३. घोड़ों की दौड़
१५. माल की बिक्री, खपने का भाव
१६. अनुचित, अवैध
१७. सेनापति, कार्तिकेय, धृतराष्ट्र का एक पुत्र
१८. दक्ष, निपुण, कुशल
२०. स्वर्गीय, स्वर्गगत, मृत
२२. परिवर्तन (उर्दू)
२३. बड़प्पन

**ऊपर से नीचे:-**
१. न देने वाला, कंजूस
२. स्वतंत्रता
३. हथेली
४. सौ में से, फीसदी
५. नतीजा, परिणाम (उर्दू)
९. कसकर बांधना, बंधन कड़ा करना
१०. उत्तेजित होना, क्रुद्ध होना, जोर जल उठना
११. नेत्र, नयन
१३. परिवर्तित करना, बदलना, अंतरित करना
१४. तपेदिक
१७. स्वास्थ (उर्दू)
१९. उजाड़, निर्जन (उर्दू)
२०. हृदय, मन (उर्दू)
२१. अंधकार

## वर्ग पहेली-6886



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

# सबका दुखड़ा नहीं सुन सकते, टॉप 15 अर्थव्यवस्थाओं से ही करेंगे बात, भारत पर ट्रंप का क्या रुख?

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बढ़ते व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए इसी महीने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स लगा दिया था, जिसे मुक्ति दिवस के रूप में प्रचारित किया गया। इसकी सबसे ज्यादा मार उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी चीन पर पड़ी। बाद में ट्रंप ने 90 दिनों के लिए अपनी टैरिफ योजना पर रोक लगा दी लेकिन चीन के साथ संघर्ष जारी रहा और कई चरणों में होते हुए अब अमेरिका ने चीन पर कुल 245 फीसदी तक का टैरिफ लगाया है, जबकि चीन ने अमेरिका से आने वाले सामानों पर कुल 125 फीसदी तक का टैक्स लगाया है। इस बीच, दोनों देशों ने बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच नरमी दिखाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया है कि चीन ने टैरिफ पर बातचीत के लिए संपर्क किया है। उन्होंने भी नरमी दिखाते हुए कहा है कि इस पर चर्चा शुरू हो चुकी है और उम्मीद है कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव कम होगा और टैरिफ विवाद सुलझ जाएगा। दोनों देशों के जवाबी शुल्क ने पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचा रखा है। चीन भी अमेरिका को जवाब देने के लिए अपने निकटतम पड़ोसियों वियतनाम, मलेशिया और कंबोडिया को साधने में जुटा है।

**अचानक ही नहीं नरम पड़े ट्रंप-** उधर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। इस दौरान अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प और इतालवी प्रधानमंत्री के साथ ओवल ऑफिस में घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका टैरिफ संकट पर दुनिया की 15 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत कर रहा है। यह अमेरिकी रुख में बड़ा बदलाव है। दरअसल, पिछले हफ्ते जब ट्रम्प के रेसिप्रोकल टैरिफ प्रभावी हुए तो ना केवल दुनियाभर के बाजारों में इसे विपरीत प्रतिक्रिया देखने को मिली बल्कि अमेरिकी बाजार में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 90 दिनों के लिए टैरिफ को रोक दिया।

**टॉप-15 अर्थव्यवस्थाओं में कौन-कौन-** इसके बाद बारी-बारी से कई देशों ने अमेरिका से संपर्क किया। उन्हीं में से टॉप-15 अर्थव्यवस्थाओं से अमेरिका बातचीत कर रहा है। इन टॉप-15 अर्थव्यवस्थाओं में अमेरिका के साथ-साथ चीन, जापान, जर्मनी, भारत, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली, ब्राजील, कनाडा, रूस, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और मैक्सिको शामिल हैं।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत ने दिया ये जवाब

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारत ने गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम पर विरोध प्रदर्शनों के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बारे में बांग्लादेश के बयान को दृढ़ता से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने ढाका की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और इसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में भारत की चिंताओं के साथ समानता स्थापित करने का एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास करार दिया। बुधवार को बांग्लादेश ने भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य में हिंसा के बीच अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। बयान में कहा गया, है बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के साथ तुलना करने का एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है, जहां ऐसे कृत्यों के अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं।

**पर्यटन** | *कश्मीर में इस साल पर्यटन के क्षेत्र में देखी गई बड़ी उछाल*

# सवा तीन माह में साढ़े पांच लाख पर्यटकों ने किया घाटी का रुख

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। कश्मीर में इस साल पर्यटन में बड़ी उछाल देखी जा रही है, 2025 के पहले तीन महीनों और एक सप्ताह में ही 5,25,272 पर्यटक कश्मीर का दौरा कर चुके हैं। इसमें 5,14,845 घरेलू और 10,427 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। ऐसे में कश्मीरियों का मानना है कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिला है और उन लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है।**

जो अपनी आजीविका के लिए पर्यटन पर निर्भर हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में 1,51,023 पर्यटक आए (1,48,439 घरेलू और 3,585 विदेशी) फरवरी में 1,47,560 पर्यटक आए (1,43,444 घरेलू और 4,116 विदेशी) मार्च में सबसे ज्यादा 1,76,355 पर्यटक आए (1,74,349 घरेलू और 2,006 विदेशी) 1 से 7 अप्रैल तक 49,544 पर्यटक आए (48,614 घरेलू और 930 विदेशी) थे।

पर्यटन अधिकारियों ने बताया कि 2025 हाल के समय में सबसे अच्छे वर्षों में से एक बन रहा है। पर्यटकों की संख्या में बढ़ौतरी का एक बड़ा कारण मार्च में गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स की सफल मेजबानी थी। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी के बकौल, विंटर गेम्स ने राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और बड़ी संख्या में साहसिक प्रेमी यहां आए। वहीं, श्रीनगर का ट्यूलिप गार्डन हर दिन हजारों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। दिल्ली से आए पर्यटक राजेश शर्मा कहते थे कि यह जगह धरती पर स्वर्ग जैसी लगती है। फूल, ठंडी हवा और जबरवान पहाड़ियों का नजारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। दिल्ली से ही आई एक अन्य पर्यटक नीतू रैना के शब्दों में मैंने कश्मीर की खूबसूरती के बारे में सिर्फ सुना था।



■ अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलने की आस

लेकिन यहां आना एक सपने के सच होने जैसा है। लोग गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। स्थानीय लोग भी पर्यटकों की भीड़ से खुश हैं। हाउसबोट के मालिक इश्फाक अहमद कहते थे कि लंबे समय के बाद, हम अपने हाउसबोट में इतनी भीड़ देख रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे पुराने दिन आ गए हों। डल झील में शिकारा के मालिक मुश्ताक अहमद के बकौल, झील पर फिर से रौनक लौट आई है। पर्यटक शिकारा की सवारी का आनंद ले रहे हैं और तस्वीरें खींच रहे हैं। यह हम सभी के लिए एक अच्छा संकेत है जो पर्यटन पर निर्भर हैं। कंगन गंदरबल के कैब ड्राइवर बशारत अहमद कहते थे कि हम जनवरी से ही व्यस्त हैं। पिछले साल की तुलना में मेरी बुकिंग दोगुनी हो गई है। मुझे उम्मीद है कि यह रुझान जारी रहेगा। जबकि पर्यटन निदेशक कहते थे कि इस साल ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ज़्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्सव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य कश्मीर को एक शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बनाना है। ऐसी मजबूत शुरुआत के साथ, 2025 कश्मीर पर्यटन के लिए रिकार्ड तोड़ने वाला साल लग रहा है।

# खेल जगत

## श्रीयंका पहली बार विश्व कप फाइनलिस्ट की सूची में

**लीमा।** पेरिस ओलंपियन श्रीयंका सदांगी इस दोहरे चरण वाले दक्षिण अमेरिकी प्रवास पर पहली बार व्यक्तिगत विश्व कप फाइनल के लिए कट बनाने वाली नवीनतम भारतीय निशानेबाज बन गईं, उन्होंने चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। श्रीयंका अंततः आठवें स्थान पर रहीं, स्टैंडिंग पोजिशन राउंड के 10वें शॉट के बाद बाहर हो गईं, जो 45 शॉट के फाइनल का 40वां शॉट था। पेरिस रजत पदक विजेता यूएसए की सेगेन मैडालेना ने स्वर्ण पदक जीता। सेगेन के प्रयास ने यूएसए को तीन स्वर्ण और छह पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के अंत में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर था।



# गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली जीत का 'चौका' जड़ने उतरेगी

- दिल्ली की उम्मीदें केएल राहुल व मिचेल स्टार्क पर
- गुजरात के शुभमन, सुदर्शन व बटलर से दिल्ली को चौकस रहने की जरूरत

■सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 18 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत के धुरंधर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की अनुकरणीय कप्तानी और बतौर टीम छह में पांच मैच जीत दस अंकों के साथ शीर्ष पर चल रही दिल्ली कैपिटल्स अब अपने छह मैचों में चार जीत के साथ अपनी बेहतर नेट रन रेट के आधार रन आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर चल रही शुभमन गिल की कप्तानी में उतरने वाली गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2025 में उसके अहमदाबाद में शनिवार को जीत के साथ शीर्ष पर बरकरार रहने के मकसद से उतरेगी। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस पिछले मैच में बीते हफ्ते लखनउ सुपर जायंटस से 12 रन से हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रायल्स को सुपर ओवर में हराकर जीत की राह पर वापस लौट आई है। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन के तेज अर्द्धशतकों और पहले विकेट की 120 रन की भागीदारी के बाद दोनों के दो ओवर में आउट होने से 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बनाने के बाद गुजरात टाइटंस की टीम लखनउ सुपर जायंटस से तीन गेंद के बाकी रहते छह विकेट से हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस से अपने पिछले पांच में लगातार तीन मैच जीते और दो हारे हैं। दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले तीन में से दो में जीत दिलाने वाले बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज मैन ऑफ द' मैच रहे ऋषभ पंत अब उसे छोड़ कर लखनउ सुपर जायंटस से जुड़ चुके हैं।



### जिस तरह गेंदबाजी करना चाहता वैसी गेंदबाजी नहीं कर पाया : अक्षर पटेल

अंत भला तो सब भला। हमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जिस तरह की शुरुआत मिली और हमारे लिए पॉवरपले जितना बढ़िया गया मेरा मानना है कि हम और तेज बल्लेबाजी कर सकते थे। टाइमआउट के दौरान केएल राहुल और अभिषेक पोरेल ने कहा कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं है। हमने 12वें और 13 वे ओवर में लय मिली और फिर हिमने अच्छे स्कोर के साथ अपनी पारी समाप्त की। दिल्ली की पिच पर गेंद रुक कर आ रही थी और नए बल्लेबाज के लिए इस पर तेजी से रन बनाना मुमकिन नहीं था। राजस्थान रॉयल्स ने जब पॉवरप्ले के बाद रन बनाए तो तो बैचनी स्वाभाविक थी और हमने तब टाइमआउट लिया। मैंने मैच शुरू होने से पहले ही कहा था कि इस पिच पर बाउंड्री जड़ना आसान नहीं होगा हमने खुद पर भरोसा कायम रखा अैर विकेट चटकाने की कोशिश की। जब जमे हुए बल्लेबाज आउट हुए तो कई विकेट गले। नए बल्लेबाज तेजी से रन बनाने की कोशिश की। जहां तक मेरे इस साल 2025 में आईपीएल में प्रदर्शन की बात है तो मैं जिस तरह गेंदबाजी करना चाहता वैसी गेंदबाजी नहीं कर पाया। मेरे जेहन में यह था कि मुझे मिसाल पेश कर योगदान करना है। मैंने प्रोसेस पर ध्यान दिया और बल्ले और गेंद से मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाया, मैने सोचा यदि स्टार्क रणनीति को अमली जामा पहनाते हैं तो वह हमें मैच में वापस ला सकते हैं।

### पिच ऐसी नहीं थी कि आते ही गेंदों पर प्रहार किया जा सके : गिल



हमारी आपस में यही बात हुई कि पिच ऐसी नहीं थी कि आते ही गेंदों पर प्रहार किया जा सके। हमारा कोई बल्लेबाज यदि 17 वें और 18 वे ओवर तक खेले तो फिर 200-210 रन के स्कार तक पहुंच चुके थे। बदकिस्मती से हमने लगातार विकेट खोए।जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो तब गेंद रुक कर आ रही थी। पहली गेंद से पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी।हमने उम्मीदों के मुताबिक स्ट्राइकर रोटेट नहीं किया और हमें इस पर मेहनत करने की जरूरत है। हमारी आपस में चर्चा यही हुई कि हमें बराबर विकेट चटकाने है। हम मैच मे पिछ् गए और हमें यदि जल्द कुछ विकेट मिल जाते तो हम मैच को आगे तक ले जा सकते है लेकिन हम ऐसा कर नहीं पाए। हमें दसवें ओवर के बाद कुछ विकेट मिले लेकिन गेंद उतना रुक कर नहीं आई जैसा हमने सोचा था। आखिर तक मैच में संघर्ष करना हमारे लिए अच्छा संकेत है।

# पूरन को रोकना राजस्थान के लिए सबसे बड़ी चुनौती

**जयपुर,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करने वाली है। यह मुकाबला ताक़तवर बल्लेबाजों और चालाक गेंदबाजों के बीच एक टक्कर होगा। निकोलस पूरन की विस्फोटक बल्लेबाजी, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई की स्पिन जोड़ी, एलएसजी की पावरप्ले में कमजोर गेंदबाजी और आरआर का जोफ्रा आर्चर पर निर्भर रहना-ये सभी फैक्टर इस मुकाबले को बेहद दिलचस्प बना रहे हैं। आइए कुछ ऐसे आंकड़ों पर नज़र डालते हैं, जो इस मैच में अपनी गहरी छाप छोड़ सकते हैं।

**डियर पूरन भाई - गेंदें खो जाती हैं, कभी चौका भी मार लो**

इस मैच में सिक्सर्स की बारिश देखने को मिल सकती है। आईपीएल 2024 से अब तक, सबसे ज्यादा सिक्सर्स का रिकॉर्ड पूरन के नाम है, जिनके खाते में 67 सिक्सेस हैं। आईपीएल 2025 की पहली 10 गेंदों में सबसे अधिक सिक्सर पूरन के नाम हैं, जिन्होंने 10 सिक्सेस लगाए हैं। आईपीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा सिक्सर का रिकॉर्ड भी पूरन के नाम हैं। उन्होंने 33 सिक्सर लगाए हैं। टीमों के लिहाज से आईपीएल 2025 में सबसे अधिक सिक्सर लगाने का रिकॉर्ड एलएसजी के पास है, जिन्होंने



77 सिक्सर लगाए, इसके बाद आरआर और पंजाब किंग्स के 68 सिक्सर हैं।

**दिग्वेश और बिश्नोई की जोड़ी से आरआर को बचकर रहना होगा**

दिग्वेश लगातार अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित कर रहे हैं। आईपीएल 2025 में वह अब तक हर मैच में कम से कम एक विकेट लेने में सफल रहे हैं। वहीं, बिश्नोई भी अपनी फॉर्म में वापसी कर रहे हैं। सीएसके के खिलाफ उन्होंने 3 ओवरों में 2 विकेट लिए। पहले चार मैचों में धीमी शुरुआत के बाद बिश्नोई ने आखिरी तीन मैचों में पांच विकेट झटके हैं, और उनका औसत और इकॉनमी रेट बेहतर हो रहा है, जो एलएसजी के लिए शुभ संकेत है। आईपीएल 2025 में एलएसजी का स्पिन विभाग 20 विकेटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि सीएसके सबसे अधिक 21 विकेटों के साथ पहले स्थान पर है।

### पावरप्ले में एलएसजी के गेंदबाज पावर नहीं दिखा पा रहे हैं

एलएसजी की गेंदबाजी पावरप्ले में रन लीक करने की समस्या का सामना कर रही है। शार्दुल ठाकुर ने पावरप्ले में पांच विकेट तो लिए हैं, लेकिन उन्होंने 10.5 की इकॉनमी रेट से रन भी खर्च किए हैं। आईपीएल 2025 में एलएसजी पावरप्ले में सबसे ज्यादा 60+ रन देने वाली टीमों में से एक हैं, और पावरप्ले के पहले छह ओवरों में उनका इकॉनमी रेट 10.7 रहा है, जो एमआई और एसआरएच के बराबर है।एलएसजी ने पावरप्ले में कुल 69 बाउंड्री दी हैं, जो सबसे अधिक है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तो उनके गेंदबाजों ने 90 रन दिए थे। आरआर इस सीजन पावरप्ले में जोफ्रा आर्चर पर पूरी तरह निर्भर नजर आ रही है। नई गेंद से अकेले आर्चर ने 14 ओवर में पांच विकेट झटके हैं, उनका स्ट्राइक रेट 16.8 और इकॉनमी 8.1 रही है। दूसरी ओर, बाकी गेंदबाजों ने मिलकर 28 ओवर में सिर्फ दो विकेट लिए हैं।

# रोहित जल्दी ही एक बड़ा स्कोर बनाएंगे : मार्क

**नई दिल्ली,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया। इस जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर का मानना है कि रोहित शर्मा जल्दी ही एक बड़ा स्कोर बनाएंगे। उनका कहना है कि रोहित अब मैच जिताने वाले अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं। वानखेड़े स्टेडियम में 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने 16 गेंदों पर 26 रन बनाए और तीन शानदार छक्के लगाए। इससे साफ लगा कि वह लंबी पारी खेलने के मूड में थे। लेकिन पैट कमिंस की गेंद पर उन्होंने कवर पर कैच दे दिया और पावरप्ले में ही आउट हो गए। अंत में मुंबई इंडियंस ने यह मैच 19वें ओवर में जीत लिया और लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मार्क बाउचर ने जियोहॉटस्टार पर कहाकि रोहित ने गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की। उनके पुराने अंदाज के बड़े-बड़े छक्के देखने को मिले। उनका रवैया बहुत अच्छा था कि गेंदबाजों पर दबाव बनाकर रन बनाने के मौके बनाए। वह अभी 30 रन के आस-पास हैं और जल्द ही एक बड़ी पारी देखने को मिल सकती है। वह फिर से अच्छे लय में दिख रहे हैं।



# पांड्या कभी हार नहीं मानते : अजय जडेजा



- पिछले हफ्ते तक एमआई की स्थिति बहुत खराब थी, लेकिन पांड्या की कप्तानी में टीम ने लगातार दो मैच जीते

आईपीएल 2025

**मुंबई,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा कि उन्हें मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या की सबसे अच्छी बात यह लगती है कि वह कभी हार नहीं मानते और हर मौके पर टीम की अगुवाई आगे बढ़कर करते हैं। पिछले हफ्ते तक एमआई की स्थिति बहुत खराब थी, लेकिन हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टीम ने लगातार दो मैच जीत लिए। पहले दिल्ली कैपिटल्स को हराया, फिर सनराइजर्स हैदराबाद को मात दी। हार्दिक खुद अब आईपीएल 2025 में 6 मैचों में 11 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं, उनके साथ कुलदीप यादव, खलील अहमद और शार्दुल ठाकुर भी हैं। जडेजा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि हार्दिक पंड्या एक अलग ही शख्सियत हैं।

### *हमें फाइनल में पहुंचने के लिए घर से बाहर भी अच्छा खेलना होगा: पांड्या*

*__मुम्बई।__ मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा है कि हमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में पहुंचने के लिए घरेलु मैदान के अलावा बाहर भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद पर मिली जीत के बाद हार्दिक ने कहा कि यह एक मुश्किल विकेट था। इस पर 160 का स्कोर थोड़ा कम था। यहां गेंदें रूक कर आ रही थीं। हमने अच्छी तैयारी की थी। मुझे लगता है कि हमने गेंदबाजी के दौरान अच्छा प्रयास किया। हमें विकेटों की आवश्यकता थी। ईशान, हर्षल और मैं अंतिम ओवरों के दौरान अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं। हमें एक या दो अच्छे ओवर चाहिए थे। इसलिए हमने राहुल चहर को अवसर दिया था। हमें फाइनल में जाने के लिए घर से बाहर अच्छा खेलना पड़ेगा। लेकिन हम अब तक ऐसा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि हम पूरी समझदारी के साथ सटीक गेंदबाजी कर रहे थे। कुछ गेंदों पर शॉट खेलना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसका श्रेय काफी हद तक गेंदबाजो जाता है कि हमने उन्हें कुछ अच्छे शॉट्स खेलने लिए मजबूर किया। हम लगातार उन्हें दबाव में रखने का प्रयास कर रहे थे।*



## सार संक्षेप

### चोटिल फिलिप्स की जगह शनाका हुए जीटी में शामिल

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के शेष सीजन के लिए गुजरात टाइटंस (जीटी) ने चोटिल ग्लेन फिलिप्स के रिप्लेसमेंट के तौर पर दासुन शनाका को अपने दल में शामिल किया है। शनाका पहले भी जीटी के लिए खेल चुके हैं और इस सीजन फ्रेंचाइजी ने उन्हें 75 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ मैच में फील्डिंग के दौरान फिलिप्स को ग्रोइन इंजरी हो गई थी और इसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर होने के साथ ही स्वदेश वापस लौट गए। जीटी के एक अन्य खिलाड़ी कैगिसो रबाडा भी 3 अप्रैल को व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौट गए थे। रबाडा के वापस लौटने को लेकर इस समय कोई स्पष्टता नहीं है। छह मुकाबलों में से चार जीत के साथ जीटी इस समय अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और शनिवार को उनकी भिड़ंत इस समय अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ है।

### पाक महिला टीम ने थाईलैंड को 87 रनों से हराया

**लाहौर।** सिदारा अमीन (80), कप्तान फतीमा सना (नाबाद 62/तीन विकेट), रमीन शमीम और नशरा संधू (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में गुरुवार को थाइलैंड को 87 रनों से हरा दिया। आज यहां पाकिस्तान की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिदारा अमीन (80), कप्तान फतीमा सना (नाबाद 62), मुनीबा अली (17) और सिदरा नवाज (11) रनों के योगदान से निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान के 205 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की टीम पाकिस्तान महिला टीम के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सकी और पूरी टीम 34.4 ओवर में 118 रन के स्कोर पर सिमट गई। थाइलैंड की बल्लेबाजी का आलम यह था कि उसका कोई भी बल्लेबाज 20 के स्कोर तक भी नहीं पहुंच सका।

# भारतीय एथलीटों ने वियतनाम पिकलबॉल ओपन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीते




- टूर्नामेंट में भारत की शीर्ष पिकलबॉल प्रतिभाओं ने शानदार प्रदर्शन किया

**मुंबई,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने शुक्रवार को बताया कि हो ची मिन्ह सिटी में खेले जा रहे वियतनाम पिकलबॉल ओपन कप में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते। भारतीय टीम ने गुरुवार को ओपन कैटेगरी में अपने सभी पदक जीते। यह आयोजन रविवार तक जारी रहेगा, जिसमें इंटरमीडिएट और शुरुआती स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, भारतीय खिलाड़ियों ने असाधारण कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया, जिससे वैश्विक पिकलबॉल सर्किट में भारत का बढ़ता प्रभुत्व सुनिश्चित हुआ और इसकी पुष्टि हुई। टूर्नामेंट में भारत की शीर्ष पिकलबॉल प्रतिभाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। वृषाली ठाकरे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए त्याक करीना के साथ ओपन महिला डबल्स में स्वर्ण पदक जीता और वंशिक कपाड़िया के साथ ओपन मिक्स्ड डबल्स प्रो श्रेणी में रजत और कांस्य पदक जीता। मयूर पाटिल ने भी उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन किया और पुरुष ओपन डबल्स में स्वर्ण और मिक्स्ड ओपन डबल्स में रजत पदक जीता।

# सीएसके ने घायल गुरजपनीत सिंह की जगह डेवाल्ड ब्रेविस को शामिल किया

**नई दिल्ली,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को मौजूदा 2025 सीजन के लिए अनुबंधित किया है। ब्रेविस ने 81 टी20 मैच खेले हैं और 162 के उच्चतम स्कोर के साथ 1787 रन बनाए हैं। उन्होंने 2023 में दक्षिण अफ्रीका के लिए अपना टी20 डेब्यू किया और अब तक दो मैच खेले हैं। ब्रेविस पहले मुंबई इंडियंस (एमआई) का हिस्सा थे, जहां उन्होंने 10 मैच खेले थे और अब वे 2.2 करोड़ रुपये में सीएसके से जुड़ेंगे। इससे सीएसके को भी मदद मिलती है कि उनके पास आईपीएल 2025 टीम में भरने के लिए एक विदेशी स्थान अभी भी बचा हुआ है। सीएसके ने पहले मुंबई और भारत के अंडर-19 बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को चोटिल कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह पर अनुबंधित किया था, जो कोहनी के फ्रैक्चर के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे। ब्रेविस ने शुक्रवार दोपहर को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक रहस्यमयी पीली तस्वीर पोस्ट करने के बाद आईपीएल 2025 में सीएसके के लिए मिड-सीजन एंट्री की अटकलों को हवा दे दी थी।

# मैं हमेशा विकेट लेने और आक्रामक होने की कोशिश करता हूं : विल जैक्स

**मुंबई,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस (एमआई) के ऑलराउंडर विल जैक्स, जिन्होंने तीन ओवरों में 2-14 विकेट लिए और बल्ले से 26 गेंदों पर 36 रन बनाकर टीम को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को चार विकेट से हराने में मदद की, ने कहा कि उनका गेंदबाजी दृष्टिकोण हमेशा विकेट लेने की कोशिश करना और आक्रामक होना है।




**मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे पता था कि मैं गेंद के साथ भूमिका निभाने वाला हूं: जैक्स**

वानखेड़े स्टेडियम में, अपनी तेज ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से, जैक्स ने ईशान किशन को स्टंप आउट किया, इससे पहले ट्रैविस हेड को लॉन्ग-ऑफ पर आउट किया, जिससे एसआरएच की मुश्किल पिच पर बड़ा स्कोर बनाने की योजना पटरी से उतर गई। मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे पता था कि मैं गेंद के साथ भूमिका निभाने वाला हूं। उनके पास शीर्ष क्रम में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। और मुझे लगता है कि हमें पता था कि इसमें थोड़ी सहायता मिलेगी। कभी-कभी, मुझे लगता है कि मैं जो अच्छा हूं उसका उपयोग करने के बजाय बहुत रक्षात्मक हो सकता हूं। बल्लेबाजों पर ध्यान केंद्रित करना बहुत आसान है, लेकिन आपको यह याद रखना होगा कि आपके पास भी अपना कौशल है - और आप उन्हें आउट करने के लिए हैं। मैच के बाद जैक्स ने कहा क मुझे पता था कि स्पिन को थोड़ी सहायता मिलने वाली है, इसलिए जब तक मैं गेंद को ऊपर नहीं उछाल रहा था और आक्रामक तरीके से गेंदबाजी नहीं कर रहा था... यही मैं करने की कोशिश कर रहा था, उन्हें आउट करने की कोशिश कर रहा था। जैक्स ने कहा कि दो बाएं हाथ के गेंदबाजों के लिए एक ऑफ स्पिनर के रूप में, मैं हमेशा विकेट लेने और आक्रामक होने की कोशिश करता हूं: मुझे पता है कि वे हमेशा मेरे पीछे आएंगे, क्योंकि मैं छठा गेंदबाज हूं।

# स्पर्स ने फ्रैंकफर्ट को हराकर यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**बर्लिन,** 18 अप्रैल (एजेंसियां। डोमिनिक सोलंके की पहली हाफ की पेनल्टी निर्णायक साबित हुई, क्योंकि टोटेनहम हॉटस्पर ने इंट्राच फ्रैंकफर्ट पर 1-0 (कुल 2-1) की जीत के साथ यूईएफए यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। ह्यूगो एकिटिके ने शुरुआत में ही गोल करने का प्रयास किया, जबकि मारियो गोट्ज ने एक आशाजनक प्रयास किया, जो चूक गया। हालांकि, मेजबान टीम को 17वें मिनट में झटका लगा, जब गोट्ज जांघ की समस्या के कारण लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए, जिससे उन्हें जल्दी ही रणनीति बदलनी पड़ी। फ्रैंकफर्ट ने नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन स्पर्स के खेल में आगे बढ़ने के साथ ही वह बढ़त हासिल करने में विफल रहा। जेम्स मैडिसन ने एक शॉट बचाया, लेकिन कुछ मिनट बाद गोलकीपर कौआ सैंटोस द्वारा गिराए जाने पर पेनल्टी जीत ली। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोलनके ने ब्रेक से ठीक पहले स्पॉट से गोल किया। फ्रैंकफर्ट ने खेल फिर से शुरू होने के बाद बढ़त हासिल की। फेरेस चाइबी ने गुग्लिल्मो विकारियो को एक शक्तिशाली फ्री-किक से परखा और गोलकीपर को फिर से अल्जीरियाई खिलाड़ी को नजदीकी रेंज से रोकने के लिए एक्शन में आना पड़ा। रिबाउंड रासमस क्रिस्टेंसन के पास गिरा, लेकिन राइट-बैक शॉट वाइड रहा। क्रिस्टेंसन के पास देर से दो और मौके आए, लेकिन वे नेट के पीछे नहीं पहुंच पाए, जबकि एकिटिके का कॉर्नर से हेडर वाइड रहा। दूसरे हाफ में जोशपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद, फ्रैंकफर्ट अनुशासित स्पर्स बैकलाइन को भेद नहीं सका। इस परिणाम के साथ फ्रैंकफर्ट का यूरोपीय अभियान समाप्त हो गया।

- स्पर्स के खेल में आगे बढ़ने के साथ ही वह बढ़त हासिल करने में विफल रहा




**कोच, खिलाड़ियों पर बहुत गर्व है और आज रात उन्होंने जो किया, उस पर भी। उन्होंने मैदान पर अपना दिल लगा दिया और संघर्ष किया : फ्रैंकफर्ट डिनो टॉपमोलर मुझे**

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | दिल्ली कैपिटल | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.744 |
| 2- | गुजरात टाइटंस | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.081 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.672 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.172 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 4 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.714 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

# अर्थ जगत


## हर माह के 28 तारीख को जारी होगा आईआईपी आंकड़ा

नई दिल्ली। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय अब हर महीने की 28 तारीख को औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का आंकड़ा जारी करेगा। इसके साथ, इस आंकड़े को जारी करने की समयसीमा 42 दिन से घटाकर 28 दिन कर दी गयी है। फिलहाल मंत्रालय हर महीने की 12 तारीख को छह सप्ताह के भीतर आईआईपी आंकड़े जारी करता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्रालय अपने सांख्यिकीय उत्पादों के प्रसार में वैश्विक स्तर की बेहतर गतिविधियों और समयसीमा के साथ महत्वपूर्ण सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।



# मोबाइल यूजर्स को झटका, रिचार्ज प्लान होंगे महंगे!

## टेलीकॉम कंपनियां इस साल के अंत तक बढ़ोतरी करने की तैयारी में




*नई दिल्ली। अगर आप भी हर महीने मोबाइल रिचार्ज कराने से पहले प्लान देखकर बारीकी से सोचते हैं, तो ये खबर आपको अलर्ट कर सकती है। देश में 120 करोड़ से अधिक मोबाइल यूज़र्स को जल्द ही एक और झटका लग सकता है, क्योंकि टेलीकॉम कंपनियां इस साल के अंत तक रिचार्ज दरों में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी कर रही हैं।*

### छोटे-छोटे रिचार्ज अब लगेंगे भारी

मनी कंट्रोल की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, टेलीकॉम सेक्टर के जानकारों का कहना है कि कंपनियां इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश, स्पेक्ट्रम और लाइसेंस फीस जैसे खर्चों के चलते आमदनी बढ़ाने के लिए टैरिफ हाइक का सहारा ले रही हैं। ये 6 सालों में चौथी बार होगा जब मोबाइल प्लान्स की कीमतें बढ़ेंगी।

**एआरपीयू बढ़ाने की हो रही है कोशिश-** विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर-दिसंबर के बीच रिचार्ज प्लान्स में 10 से 20 प्रतिशत तक का इज़ाफा देखा जा सकता है। इससे कंपनियों को एआरपीयू में बढ़त मिलेगी, जो उनकी आमदनी का सीधा संकेतक है। एयरटेल और जियो जैसी दिग्गज कंपनियों को इससे फायदा मिल सकता है, खासकर 2025 से 2027 के बीच।

**नेटवर्क विस्तार और 5 प्रतिशत लॉन्च बना वजह-** वोडाफोन, आईडिया की हालत पहले से ही डगमगाई हुई है। 4 प्रतिशत और 5 प्रतिशत नेटवर्क को अपग्रेड करने के लिए उन्हें बड़ी रकम की ज़रूरत है। यही कारण है कि विशेषज्ञ मानते हैं कि कंपनी को अपने प्लान्स की कीमत में तुरंत इज़ाफा करना चाहिए ताकि रेवेन्यू गैप को भरकर तकनीकी विस्तार में तेजी लाई जा सके।

# कीमतों में उछाल से सोने का आयात 192 प्रतिशत बढ़ा, व्यापार घाटा भी बढ़ा

*नई दिल्ली। मार्च 2025 में भारत का सोने का आयात 192.13 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 4.47 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह बढ़त मुख्य रूप से सोने की कीमतों में तेजी, निवेशकों के भरोसे और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से आई है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, जनवरी 2024 में सोने का आयात केवल 1.53 अरब डॉलर था।*

वित्त वर्ष 2024-25 में सोने का कुल आयात 27.27 प्रतिशत बढ़कर 58 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि 2023-24 में यह 45.54 अरब डॉलर था। हालांकि, मात्रा के लिहाज से यह घटकर 757.15 टन रह गया, जो पिछले साल 795.32 टन था। इस बीच 17 अप्रैल को दिल्ली में सोने की कीमत 70 रुपए चढ़कर रिकॉर्ड 98,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। डॉलर में कमजोरी, व्यापार युद्ध और अमेरिका की टैरिफ नीतियों के चलते वैश्विक आर्थिक चिंताओं ने सोने की कीमतों को ऊंचा रखा। वहीं, चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई और यह 1,400 रुपए टूटकर 98,000 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। मार्च में चांदी का आयात 85.4 प्रतिशत घटकर 11.93 करोड़ डॉलर रह गया और पूरे वित्त वर्ष में इसमें 11.24 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

# तांबे की कीमतों में जबरदस्त उछाल



*नई दिल्ली। कॉपर यानी तांबे की कीमतों में हाल ही में जबरदस्त उछाल देखा गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 10,000 डॉलर प्रति टन से ऊपर पहुंच गई है। इसकी वजह है नई तकनीकों में इसकी बढ़ती मांग- चाहे वह इलेक्ट्रिक वाहन हों, रिन्यूएबल एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या फिर डिफेंस से जुड़ी टेक्नोलॉजी।*

कॉपर को अब सुपर मेटल कहा जा रहा है और यही कारण है कि भारत के बड़े बिजनेस ग्रुप जैसे अडानी और जेएसडब्ल्यू ने भी इस सेक्टर में कदम रख दिया है। अभी तक भारत में सिर्फ हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सरकारी कंपनी हिंदुस्तान कॉपर ही प्रमुख कॉपर निर्माता थीं।

**भारत में बढ़ेगा आयात या उत्पादन?-** वर्तमान में भारत में रिफाइंड कॉपर का उत्पादन करीब 5.5 लाख टन सालाना है, जबकि मांग 7.5 लाख टन से ज्यादा है। इस वजह से देश हर साल करीब 5 लाख टन कॉपर का आयात करता है। 2018 में स्टरलाइट कॉपर प्लांट के बंद होने के बाद भारत में उत्पादन और भी घट गया था। यह प्लांट अकेले 4 लाख टन कॉपर बनाता था।

**2030 तक दोगुनी हो सकती है मांग-** उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 तक भारत में कॉपर की डिमांड दोगुनी हो सकती है। इसकी एक वजह यह भी है कि भारत में प्रति व्यक्ति कॉपर की खपत अभी सिर्फ 0.6 किलोग्राम है, जबकि वैश्विक औसत 3.2 किलोग्राम है।

### कॉपर है अगला सोना-अनिल अग्रवाल

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भी तांबे को भविष्य का सबसे महत्वपूर्ण धातु करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, कॉपर अगला सोना है। बैरिक गोल्ड अब तांबे की ओर शिफ्ट हो रही है। यह सुपर मेटल आने वाले समय में हर इंडस्ट्री की रीढ़ बनने जा रहा है। उनके मुताबिक तांबा उतना ही जरूरी होता जा रहा है जितना लिथियम और कोबाल्ट, जो बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स में जरूरी माने जाते हैं।

# सामान्य से अधिक बारिश का मतलब कम महंगाई नहीं


*नई दिल्ली। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि 2025 में कुल मिलाकर देश में औसत बारिश 'सामान्य से अधिक' रहेगी। अगर यह अनुमान सही रहता है तो 1953 के बाद चौथी बार ऐसा होगा, जब लगातार 2 वर्ष 'सामान्य' या 'सामान्य से अधिक' बारिश होगी। इसके पहले 2010 में ऐसा हुआ था, जब 2010 और 2013 के बीच भारत में दो बार लगातार दो साल तक सामान्य से अधिक और सामान्य बारिश हुई थी।*

मौसम विभाग तब सामान्य बारिश मानता है, जब दीर्घावधि औसत (एलपीए) के 96 से 104 प्रतिशत के बीच बारिश होती है। जब एलपीए के 106 प्रतिशत से ज्यादा बारिश होती है तो उसे 'सामान्य से अधिक' के रूप मे वर्गीकृत किया जाता है। 2017 से 2020 के बीच जून से सितंबर के दौरान एलपीए 870 मिलीमीटर था। 2025 के लिए बारिश के मौसम



विभाग के अनुमान से यह उम्मीद बढ़ी है कि खाद्य उत्पादन पर्याप्त रहने पर महंगाई नियंत्रण में रहेगी। हालांकि 10 साल से ज्यादा समय के आंकड़ों से पता चलता है कि कोई जरूरी नहीं है कि सामान्य मॉनसून के वर्षों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर कम रहे। महंगाई दर कई वजहों से प्रभावित होती है, जिसमें स्थानीय मांग और आपूर्ति आदि शामिल है। इसके अलावा अगर देश में औसत बारिश किसी खास साल में सामान्य से ऊपर रहती है तो क्षेत्रवार इसमें बहुत अंतर होता है।

# टेस्ला को लेकर भारत में हलचल, मोदी-मस्क के बीच फोन कॉल से बढ़ीं उम्मीदें



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ईलॉन मस्क से बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस बातचीत में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें से कुछ वे विषय भी शामिल थे जो वॉशिंगटन डीसी में उनकी पिछली मुलाकात के दौरान उठे थे।*

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, ईलॉन मस्क से बातचीत की और कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें वॉशिंगटन डीसी में हुई हमारी पिछली मुलाकात में उठाए गए विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बात की। भारत, अमेरिका के साथ इन क्षेत्रों में अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में कदम रखने की तैयारी कर रही है।

अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्तों को लेकर दुनियाभर में खिंचतान के बीच भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की उम्मीदें बनी हुई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप जहां वैश्विक व्यापार संतुलन को लेकर सख्त रुख अपना रहे हैं और भारत पर ऊंचे आयात शुल्क लगाने का आरोप लगा चुके हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उपभोक्ताओं और कारोबारियों को भरोसा दिलाया है कि अमेरिकी कंपनियों के साथ साझेदारी जारी है। इस संदर्भ में दो अहम घटनाक्रम सामने आए हैं। पहला, टेस्ला की भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलने की योजना है, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। दूसरा, रिलायंस जिओ और एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के बीच साझेदारी हुई है, जिसके तहत स्टारलिंक की हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट सेवा भारत में लाई जाएगी। हालांकि, इसके लिए स्पेसएक्स को भारत सरकार से जरूरी मंजूरी लेनी होगी। यह घटनाएं ऐसे वक्त पर हो रही हैं जब कई देश अमेरिका के साथ नए व्यापार समझौते करने की होड़ में हैं और ट्रंप प्रशासन वैश्विक व्यापार व्यवस्था में बदलाव की कोशिश कर रहा है।

### मुद्रा बाजार

#### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85.37 |
| एक यूरो | 97.01 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113.82 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.63 |
| एक जापानी येन | 0.59 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-138 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सतना बाजार भाव

#### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 76,950 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| जेवर | 70,500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 910 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 90,700 रु. | प्रति किलो |

#### दाल- किराना भाव

-भाव प्रति किलो-

अरहर ऊंची 155-160, अरहर मीडियम 140-145, उड़द ऊंची 98-100, उड़द धुली 115-120, मूंग हरी 95-100, मूंग धुली 105-110, चना 90-100, मसूर 80-85

-भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी ऊंची 110-115, धनियां खड़ी मीडियम, 80-90, जीरा ऊंचा 350-400, जीरा मीडियम 270-300, ल्दी ऊंची 250-260, हल्दी मीडियम 180-190, मूंगफली ऊंची 120-125, मूंगफली मीडियम 90-100, लाल मिर्च ऊंचा 170-180, लाल मिर्च मीडियम 140-150, नारियल कालीकट झाल 2800-3000, नालियल मीडियम 2000-2500

**लोहा वाला ट्रेडर्स**
प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम 52, 10 एमएम 50.50, 12 एमएम 50, 16 एमएम 50
कामधेनू- 8 एमएम 57, 10 एमएम 55.50, 12 एमएम 55, 16 एमएम 55

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक के सफल लॉन्च के बाद नई कोडिएक को पेश किया



*मुंबई। स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज के सफल लॉन्च के बाद अब अपनी लग्ज़री 4×4 एसयूवी कोडिएक की नई जनरेशन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कोडिएक की दूसरी जनरेशन है, जो भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पेश की जा रही है। भारत में यह कार लग्ज़री लुक, बेहतर आराम, ऑफ-रोड चलने की ताकत, शानदार रोड परफॉर्मेंस और सात सीटों की सुविधा के साथ आ रही है।*

पेट्र जैनेबा, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा, ''मार्च में, काइलैक की लॉन्चिंग और कुशाक व स्लाविया के सपोर्ट से हमने भारत में अपनी सबसे बड़ी मासिक बिक्री हासिल की। यह इस साल हमारे कई नए रिकॉर्ड्स में से एक है। हमारी प्रोडक्ट रणनीति के तहत, नई कोडिएक का लॉन्च हमारे प्रोडक्ट रेंज के दूसरे पहलू को दिखाता है, जिसमें स्कोडा की लग्ज़री और टेक्नोलॉजी की ताकत झलकती है। कोडिएक अब हमारे लिए ऑक्टैविया और सुपर्ब की तरह एक खास और महत्वपूर्ण नाम बन गया है। यह एसयूवी शहर की सड़कों पर शानदार लग्ज़री और बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देती है, और इसमें हर तरह के रास्तों पर चलने की शानदार क्षमता भी है।''

स्कोडा की 4×4 कोडिएक में 2.0 टीएसआईइंजन लगा है, जो 150 किलोवाट की पावर और 320 एनएम का टॉर्क देता है। इसकी ताकत 7-स्पीड डुअल क्लच डीएसजीऑटोमैटिक गियरबॉक्स के जरिए दोनों पहियों तक पहुँचती है।

# मुकेश अंबानी बने दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई वाले अरबपति

*नई दिल्ली। एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी और भारत के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी गौतम अडानी की नेटवर्थ में गुरुवार को ज़बरदस्त उछाल दर्ज किया गया। घरेलू शेयर बाजार में आई मजबूत तेजी का सीधा असर दोनों उद्योगपतियों की संपत्ति पर पड़ा।*

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। वहीं, गौतम अडानी की संपत्ति में भी तेज उछाल आया और वह टॉप 20 अमीरों की लिस्ट में फिर से शामिल हो गए।

**क्यों बढ़ी संपत्ति?-** रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में शानदार तेजी आई, जिससे दोनों की नेटवर्थ में कई अरब डॉलर का इज़ाफा हुआ। शेयर बाजार में सकारात्मक माहौल, एफपीआई की वापसी और मजबूत कारोबारी नतीजों ने इस बढ़त को समर्थन दिया।

**अडानी अंबानी की दौलत में जबरदस्त उछाल-** रिलायंस इंडस्ट्री के मुखिया मुकेश अंबानी के नेटवर्थ में एक दिन में 2.81 अरब डॉलर का उछाल दर्ज हुआ। दुनिया के टॉप रईसों की सूची में वे 16वें पायदान पर पहुंच गए। इसके बाद उनकी नेट वर्थ कुल 92.1 अरब डॉलर हो गई।



### अडानी ने भी मारी बड़ी छलांग

ऐसे ही अडानी ग्रुप के मुखिया गौतम अडानी की दौलत में एक दिन में 1.12 अरब डॉलर का उछाल आया। इस वृद्धि के बाद वे टॉप 20 रईसों की लिस्ट में शामिल हो गए। उनकी कुल नेटवर्थ 78.2 अरब डालर हो गई।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त
फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# 1 मई से सेटेलाइट आधारित टोल सिस्टम लागू करने को लेकर सरकार का स्पष्टीकरण

*नई दिल्ली। आपने हाल ही एक खबर पढ़ी होगी जिसमें कहा गया कि सरकार 1 मई से सेटेलाइट आधारित टोल सिस्टम पूरे देश में लागू करने जा रही है। लेकिन अब सरकार ने शुक्रवार को इस खबर का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि इस मामले में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने कहा कि इस मामले में अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। मौजूदा समय में फास्टैग के जरिये टोल कलेक्शन किया जाता है, जिसमें कैश का झंझट करीब-करीब खत्म हो चुका है।*

**चुनिंदा टोल प्लाजा पर तैनात होगा ये सिस्टम-** खबर के मुताबिक, मंत्रालय ने कहा कि टोल प्लाजा के जरिये वाहनों की निर्बाध, बाधा मुक्त आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर)-फास्टैग-आधारित बाधा रहित टोलिंग प्रणाली तैनात की जाएगी। इसमें कहा गया है कि मॉडर्न टोल सिस्टम में एएनपीआर प्रौद्योगिकी जो गाड़ियों की नंबर प्लेट पढ़कर उनकी पहचान करेगी और मौजूदा फास्टैग प्रणाली



जो टोल कटौती के लिए रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन का उपयोग करती है, उसका संयोजन किया जाएगा। इसके तहत, गाड़ियों से उनके टोल प्लाजा पर रुके बिना हाई परफॉर्मेंस वाले एएनपीआर कैमरा और फास्टैग रीडर के जरिये उनकी पहचान के आधार पर शुल्क लिया जाएगा। नियमों का पालन न करने की स्थिति में उल्लंघनकर्ताओं को ई-नोटिस जारी किया जाएगा, जिसका भुगतान न करने पर फास्टैग सस्पेंड किया जा सकता है और वाहन से जुड़े दूसरे दंड लगाए जा सकते हैं।

**सबसे व्यस्त राजमार्गों पर भारी टोल कलेक्शन-** भारत के सबसे व्यस्त राजमार्गों पर पिछले पांच वर्षों में भारी टोल संग्रह हुआ है, जिसमें 10 टोल प्लाजा देश में सबसे अधिक उपयोगकर्ता शुल्क एकत्र करने के लिए खड़े हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

राढुविवि कुलगुरु की नियुक्ति विवाद का मामला

# पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने उठाए सवाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के कुलगुरु की नियुक्ति पर अब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा की संसदीय समिति के अध्यक्ष सासंद दिग्विजय सिंह ने सवाल उठाया हैं। श्री सिंह ने इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखा हैं। उन्होंने पत्र में कहा हैं कि देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की साख एक बार फिर सवालों के घेरे में है। वरिष्ठ सांसद एवं राज्यसभा में संसद की शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र लिखकर रादुविवि के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की नियुक्ति को लेकर गंभीर अनियमितताओं की ओर संकेत किया है। ज्ञात हो कि रादुविवि के वर्तमान कुलपति प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा की मूल नियुक्ति प्राध्यापक के रूप में ही कानूनी रूप से अमान्य थी। अब जब उनका कुलगुरु के पद पर पदोन्नयन हुआ है, तो यह सवाल और भी गंभीर हो गया है कि क्या एक अवैध नियुक्ति से शुरू हुआ सफर, अब विश्वविद्यालय के सर्वोच्च पद तक भी नियमों की बलि चढ़ाकर पहुँचा है?




एनएसयूआई जबलपुर लगातार उचित माध्यमों से इस मुद्दे पर हमलावर रही है। मामला इस बार विधानसभा तक भी पहुंच चुका है। इसी कड़ी में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा ने इस मामले की शिकायत स्वयं वरिष्ठ सांसद श्री सिंह को सौंपी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए श्री सिंह ने तुरंत केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान, प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को एक विस्तृत पत्र भेजा, जिसमें प्रो. वर्मा की नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

## बिना शोध पत्र प्रकाशन के कैसे मिली नियुक्ति

पत्र के अनुसार, वर्ष 2009 में मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा जारी विज्ञापन में स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि प्रोफेसर पद हेतु वे व्यक्ति पात्र होंगे जिनका उच्च गुणवत्ता का शोध कार्य रहा हो एवं पीएच.डी. डिग्री और कम से कम दस वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य है लेकिन दस्तावेज बताते हैं कि प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने अपनी पीएच.डी. डिग्री 25 नवम्बर 2008 को प्राप्त की थी और केवल दो महीने बाद वे इस पद के लिए आवेदन कर दिया और चयनित हो गए। जबकि उक्त दिनांक तक उनके द्वारा कोई भी प्रतिष्ठित शोध पत्रिका में शोध पत्र का प्रकाशन नहीं किया गया था। न्यायिक निर्णयों और यूजीसी नियमों के अनुसार, शिक्षण अनुभव की गणना पीएच.डी. के बाद ही की जाती है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि प्रो. वर्मा विज्ञापन की पात्रता को पूरा ही नहीं करते थे।

## सुनियोजित नियुक्ति घोटाले का आरोप

पत्र में आरोप लगाया गया हैं कि यह कोई साधारण चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित नियुक्ति घोटाला प्रतीत होता है। एक ओर जहां हजारों योग्य उम्मीदवार उचित अवसर के लिए संघर्ष करते हैं, वहीं दूसरी ओर एक व्यक्ति झूठी योग्यता और नियमों की अनदेखी करके न केवल प्रोफेसर बना, बल्कि अब विश्वविद्यालय का कुलपति भी बन गया।

## मूल नियुक्ति ही अवैधानिक

श्री सिंह ने इस नियुक्ति को कथित तौर पर शैक्षणिक नैतिकता की हत्या करार देते हुए मांग की है कि अगर प्रो. वर्मा की मूल नियुक्ति ही गैरकानूनी थी, तो फिर उनकी पदोन्नति को भी तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए। यह मामला न केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति का है, बल्कि पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता, निष्पक्षता और योग्य उम्मीदवारों के साथ न्याय का है। इसके साथ ही श्री सिंह ने यह भी सवाल उठाया कि क्या मध्य प्रदेश में कुलपति की नियुक्तियां भी अब पैसे और पहचान की राजनीति का शिकार हो चुकी हैं? उन्होंने मांग की है कि न केवल प्रो. वर्मा की नियुक्ति की न्यायिक जांच कराई जाए, बल्कि राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में हुई सभी कुलपति नियुक्तियों की स्वतंत्र जांच भी आवश्यक है। यदि शिक्षा में योग्यता नहीं, तो फिर किस क्षेत्र में होगी? यदि विश्वविद्यालयों में भी साजिशें होंगी, तो भविष्य की नींव कौन रखेगा?

# पारा 42 डिग्री को पार करने तैयार, गर्मी ने दिखाये अपने तेवर




**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों गर्मी की तपन से लोग तप रहे हैं। इसकी प्रचंडता को इसी से समझा जा सकता है कि सुबह सात बजे के बाद से ही इसका असर महसूस किया जाने लगता है। 18 अप्रेल को जबलपुर में पारा 42 डिग्री से उपर पहुंच गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। इसी के साथ ही शाम का भी सामान्य से 1 डिग्री अधिक था। गर्मी से बचने के लिये लोग नर्मदा के तटों और जलाशयों का रूख कर रहे हैं। दोपहर के समय गौरीघाट, तिलवारा घाट में लोगों की संख्या बढ़ी है।

उल्लेखनीय है कि धीरे-धीरे गर्मी अपने तेवर गर्म कर रही है। सूर्य की शरीर को झुलसाने वाली किरणों की तपन तो सुबह से तपने लगी हैं। सुबह के दस बजने के साथ ही इसके कारण लोग अपने घरों में कैद होने लगे हैं। बारह से चार बजे के बीच सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर वीरानी व्याप्त होने लगती है। केवल जरूरी काम के सिलसिले में अपने घरों से बाहर निकलने वाले छाता, गमछा इत्यादि के सहारे देखे जा रहे हैं।

गर्मी का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सूखते गले को तर करने के लिये लोग शीतल पेय का उपयोग कर रहे हैं ताकि किसी तरह इसका मुकाबला किया जा सके। मौसम विभाग ने दावा किया है आने वाले दिनों में इसी तरह तपन बनी रहेगी। इसलिये लोगों को बचाव के उपाय भी बताये जाने लगे हैं ताकि मौसम की बीमारी से बचा जा सके।

अभी उत्तर से पश्चिम की दिशा में हवाओं का रूख पांच से छ किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। इनमें तेजी से पकड़ने की बात कही जा रही है, इसे गरम हवा भी कहा जाता है। कुल मिलाकर इस बार गर्मी अपने पिछले रिकार्ड तोड़ दे तो कोई आश्चर्य नहीं करना चाहिये।




## रीवा-चर्लपल्ली द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलेगी 10-10 ट्रिप

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा -चर्लपल्ली -रीवा द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (10-10 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो जबलपुर मंडल के सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 01704 रीवा - चर्लपल्ली द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (10 ट्रिप)**- गाड़ी संख्या 01704 रीवा -चर्लपल्ली विशेष ट्रेन 24 अप्रैल 2025 से 25 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 13.00 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 14.05 बजे सतना, 14.38 बजे मैहर, 15.50 बजे कटनी मुड़वारा, 17.23 बजे दमोह, 18.30 बजे सागर एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन दोपहर 14.45 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी।




**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 138
मुर्गा मीडियम - रु. 130
मुर्गा बड़ा - रु. 114
मुर्गा जम्बो - रु. 114
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 110
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126
छोटा ब्रॉयलर - रु. 134
मोबाइल नं. 9300692405

